


इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, उत्तर भारत का नया आईटी हब बनने को तैयार लखनऊ व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

श्रावण कृष्ण पक्ष चतुर्थी विक्रम संवत 2082

# अमृत विचार

वर्ष 6, अंक 105, पृष्ठ -14+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार



www.amritvichar.com

आज का मौसम | 34.0° अधिकतम तापमान | 28.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। | सूर्योदय 05 : 26 सूर्यास्त 07 :16

मुरादाबाद, रविवार, 13 जुलाई 2025

एलडीएफ-यूडीएफ ने भ्रष्टाचार को दिया बढ़ावा...12

## आईआईएम कलकत्ता की छात्रा से संस्थान परिसर में दुष्कर्म

- छात्रा ने प्राथमिकी दर्ज कराई आरोपी गिरफ्तार
- पुलिस ने कहा- घटना लड़कों के छात्रावास के अंदर हुई

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में एक बार फिर दुष्कर्म की शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। यहां भारतीय प्रबंधन संस्थान-कलकत्ता में अध्ययनरत एक छात्रा से बिजनेस स्कूल के छात्रावास में दुष्कर्म किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर 19 जुलाई तक पुलिस हिरासत में भेजा दिया गया है। छात्रा ने हरिदेवपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना लड़कों के छात्रावास के अंदर शुक्रवार को हुई। छात्रा ने प्राथमिकी में कहा है कि उसे काउंसलिंग के लिए हॉस्टल बुलाया गया था। छात्रावास में उसे नशीला पेय पदार्थ दिया गया, जिसे पीने के बाद वह बेहोश हो गई। होश में आने के बाद छात्रा को एहसास हुआ कि उसके साथ दुष्कर्म हुआ है। छात्रा ने यह आरोप भी लगाया कि आरोपी ने उसे धमकी दी थी कि अगर इस बारे में किसी को बताया तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

## ईंधन स्विच बंद होने से दुर्घटनाग्रस्त हुआ था एयर इंडिया का विमान

- मामले में एएआईबी ने प्रारंभिक जांच रिपोर्ट की पेश
- रिपोर्ट में कहा- स्विच बंद होने से पायलटों में भ्रम की स्थिति पैदा हुई

नई दिल्ली, एजेंसी




अहमदाबाद हादसे की फाइल फोटो।

एअर इंडिया की उड़ान एआई-171 के दोनों इंजन में ईंधन पहुंचाने वाले स्विच बंद हो गए थे और इसके बाद पायलटों में भ्रम की स्थिति पैदा हो गई, जिसके कुछ ही सेकंड बाद विमान अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है।

पंद्रह पन्नों वाली रिपोर्ट में कहा गया है कि कॉकपिट वॉयस रिकार्डिंग' में सुना गया कि एक पायलट ने दूसरे से पूछा कि उसने ईंधन क्यों बंद किया, तो जवाब मिला कि उसने ऐसा नहीं किया। लंदन जाने वाले बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान ने 12 जून को अहमदाबाद हवाई अड्डे से उड़ान भरने के तुरंत बाद ही गति खोनी शुरू कर दी और वह एक मेडिकल कॉलेज के छात्रावास में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस दुर्घटना में विमान में सवार 242 लोगों में से एक को छोड़कर बाकी सभी की मौत हो गई थी। इस विमान दुर्घटना में यात्री और चालक दल के सदस्यों के अलावा 19 और लोग मारे गए थे। यह एक दशक में सबसे घातक विमान दुर्घटना थी।

ईंधन नियंत्रण स्विच उड़ान भरने के तुरंत बाद कटऑफ स्थिति में चले गए थे। लगभग 10 सेकंड बाद, इंजन 1 का ईंधन कटऑफ स्विच अपनी तथाकथित रन स्थिति में चला गया और उसके चार सेकंड बाद इंजन 2 भी रन स्थिति में आ गया। पायलट दोनों इंजनों को फिर से चालू करने में कामयाब रहे, लेकिन केवल इंजन 1 ही ठीक हो पाया, जबकि इंजन 2 गति कम करने के लिए पर्याप्त शक्ति उत्पन्न नहीं कर पाया। एक पायलट ने संकटकालीन चेतावनी मेडे, मेडे, जारी की, लेकिन प्रतिक्रिया मिलने से पहले हादसा हो गया।

### प्रारंभिक रिपोर्ट व पायलटों की बातचीत से निष्कर्ष नहीं निकाल सकते: मुरलीधर

**पुणे।** केंद्रीय मंत्री मुरलीधर मोहोल ने शनिवार को कहा कि अहमदाबाद विमान दुर्घटना पर विमान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (एएआईबी) की प्रारंभिक रिपोर्ट के आधार पर निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता क्योंकि पायलटों के बीच बातचीत बहुत संक्षिप्त थी। मोहोल ने कहा कि ऐसी दुर्घटनाओं के मामले में ब्लैक बॉक्स विदेश भेजना पड़ता था। अब, हम इस जांच को स्वयं जल्दी पूरा कर सकते हैं। एएआईबी एक स्वतंत्र संस्था है।

### पायलटों के समूह ने निष्पक्ष और तथ्य-आधारित जांच की मांग की

**मुंबई।** एयरलाइन पायलट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एएलपीए) ने दुर्घटना की निष्पक्ष और तथ्य-आधारित जांच की मांग की। एसोसिएशन ने दावा किया कि विमान दुर्घटना की जांच की शैली और दिशा पायलट की गलती की ओर झुकाव का संकेत देती है। एएलपीए इंडिया इस धारणा को स्पष्ट रूप से खारिज करता है। पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए उसके प्रतिनिधियों को जांच प्रक्रिया में पर्यवेक्षक बनाया जाए।

## एक नजर

### धोखाधड़ी मामले में 681 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**नई दिल्ली।** दिल्ली से सटे हरियाणा के गुरुग्राम से संचालित रामप्रस्थ रियल एस्टेट समूह की 1,900 एकड़ से अधिक भूमि पर फैली 680 करोड़ रुपये से अधिक कीमत की कॉलोनियों और भूखंडों को घर खरीदारों के साथ कथित धोखाधड़ी से जुड़े एक मामले में कुर्क किया गया है। ईडी ने कहा कि रामप्रस्थ प्रमोटर्स एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड और समूह की अन्य कंपनियों के खिलाफ एक मामले में पीएमएलए के तहत अनंतिम आदेश जारी किया गया है। कुर्क संपत्तियों में गुरुग्राम के सेक्टर 37डी, सेक्टर 92 और 95 में 226 एकड़ की रामप्रस्थ सिटी की भूखंड आवंटन के आधार पर बसाई कॉलोनियों और गुरुग्राम के बसई, गडोली कलां, हयातपुर और वजीपुर में 1,700 एकड़ के भूखंड शामिल हैं।

### मिजोरमः 112.40 करोड़ की मेथ गोलियां जब्त

**आइजोल।** असम राइफल्स के जवानों ने म्यांमा सीमा के पास मिजोरम के चम्फाई जिले से 112 .40 करोड़ रुपये मूल्य की मेथ गोलियों की एक बड़ी खेप जब्त की है। अर्द्धसैनिक बल द्वारा शनिवार को जारी एक बयान में यह जानकारी दी गई। मेथाम्फेटामाइन एक प्रकार की उत्तेजक दवा है जिसका दुरुपयोग अक्सर नशा करने के लिए किया जाता है। बयान के अनुसार, शुक्रवार को गश्त के दौरान असम राइफल्स के जवानों ने दो व्यक्तियों को म्यांमा सीमा के निकट जोखावथर गांव में एक थैला ले जाते हुए देखा।

# अवैध धर्मांतरण गहरी साजिश : योगी

### मुख्यमंत्री बोले-कुछ ताकतें योजनाबद्ध तरीके से देश के स्वरूप को बदलने की कर रही हैं कोशिश

- गुरु तेग बहादुर के शहीदी वर्ष को समर्पित संदेश यात्रा कार्यक्रम में योगी ने दिया कड़ा संदेश
- कहा-बलरामपुर में अवैध धर्मांतरण का पर्दाफाश करके 100 करोड़ के संदिग्ध लेन-देन की हो रही जांच

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से शनिवार को साहिब श्री गुरु तेग बहादुर जी महाराज के 350वें शहीदी वर्ष को समर्पित श्री तेग बहादुर संदेश यात्रा का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को श्री गुरु तेग बहादुर साहिब के 350वें शहीदी वर्ष को समर्पित संदेश यात्रा के स्वागत और सम्मान कार्यक्रम में अवैध धर्मांतरण पर कड़ा संदेश दिया। कहा कि अवैध धर्मांतरण देश और समाज के खिलाफ गहरी साजिश हैं, इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कुछ ताकतें योजनाबद्ध तरीके से देश के स्वरूप को बदलने की कोशिश कर रही हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार अवैध धर्मांतरण के खिलाफ पूरी सख्ती से कार्रवाई कर रही है। सरकार ने हाल ही में बलरामपुर में एक बड़ी कार्रवाई की है, जिसमें अवैध धर्मांतरण को बढ़ावा देने के लिए विदेशों से धन राशि प्राप्त करने वाले एक नेटवर्क का पर्दाफाश किया गया। इस कार्रवाई में अवैध धर्मांतरण के लिए रेट तय करने के मामले को उजागर किया गया और अब तक 40 खातों में 100 करोड़ से अधिक का लेन-देन पाया गया है। यह आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा दोनों के लिए गंभीर खतरा है। यह समाज को तोड़ने और धार्मिक सौहार्द को नुकसान पहुंचाने की साजिश है। अनुसूचित जाति के लोगों को लालच और भय के जरिए धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर किया जा रहा है, जो संविधान और सामाजिक समरसता के खिलाफ है।

योगी ने गुरु तेग बहादुर की शहादत को याद करते हुए औरंगजेब जैसे अत्याचारी शासक का विस्तार से जिक्र किया। कहा कि शासक का उद्देश्य था सनातन धर्म को समाप्त करना और इस्लामिक धर्म को बढ़ावा देना। गुरु तेग बहादुर ने इस चुनौती का सामना करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी, लेकिन अपने पथ से कभी विचलित नहीं हुए।

कहा कि सिख गुरुओं ने जिस बलिदान और त्याग की परंपरा की नींव रखी थी, उसे हमें आज भी जीवंत बनाए रखने की आवश्यकता है। हिंदू और सिखों के बीच फूट डालने के प्रयास कभी भी होते रहेंगे, लेकिन हमें सतर्क रहना होगा और इन साजिशों को नाकाम करना होगा। कहा कि समाज में कोई भी जाति, धर्म, वर्ग अपनी संस्कृति और धर्म को छोड़ने के लिए दबाव में न आएं।

इस अवसर पर राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख, एमएलसी सरदार हरि सिंह ढिल्लो, अल्पसंख्यक आयोग सदस्य सरदार परविंदर सिंह, महासचिव दिल्ली गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी सरदार जगदीप सिंह कहलो, प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद आदि उपस्थित थे।

### किसानों की समृद्धि के बिना नहीं आ सकती खुशहाली

मुख्यमंत्री योगी ने शनिवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में भारत में पशु नस्लों का विकास कार्यशाला की शुरूआत करते हुए गोरखपुर के कृत्रिम गर्भाधान प्रशिक्षण संस्थान व पशुपालन अवसंरचना विकास निधि के तहत अमेठी, बरेली व मथुरा की परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इस अवसर पर कहा कि किसान की समृद्धि के बिना खुशहाली नहीं आ सकती। भारत में कृषि व पशुधन एक-दूसरे से जुड़े रहे हैं। कहा कि यूपी दुग्ध उत्पादन में देश में नंबर एक पर है। पशुधन को एफएमडी (खुरपका-मुंहपका) मुक्त बनाकर पशुपालकों के जीवन में खुशहाली लाने में योगदान देंगे।

## सरकारी हो या प्राइवेट हर क्षेत्र में रोजगार पैदा कर रही सरकार

- प्रधानमंत्री ने 51,000 नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद डिजिटल रूप से कार्यक्रम को किया संबोधित

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों में रोजगार सृजन को लेकर अपनी सरकार की योजनाओं पर जोर देते हुए कहा कि पिछले 11 वर्षों में देश ने हर क्षेत्र में प्रगति की है। मोदी ने 51,000 से ज्यादा नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद एक कार्यक्रम को डिजिटल रूप से संबोधित किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि गरीबों के लिए चार करोड़ से अधिक घर बनाना, 10 करोड़ से ज्यादा एलपीजी के नए कनेक्शन वितरित करना या घरों की छत पर सोलर पैनल लगाना जैसी उनकी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं ने रोजगार के लाखों नए अवसर सृजित किए हैं तथा इसी तरह कई अन्य योजनाओं से विनिर्माण क्षेत्र में वृद्धि हुई है।

मोदी ने पांच देशों के हालिया दौरे का जिक्र करते हुए कहा कि अब पूरी दुनिया भारत की जनसांख्यिकी और लोकतंत्र की ताकत को पहचान रही है। भारत के युवाओं की ताकत इसकी सबसे बड़ी पूंजी और देश के उज्ज्वल भविष्य की गारंटी है। आज दुनिया मान रही है कि भारत के पास दो असीमित शक्तियां हैं। एक जनसांख्यिकी, दूसरा लोकतंत्र। यानी सबसे बड़ी युवा आबादी और सबसे बड़ा लोकतंत्र।

### ऑपरेशन सिंदूर के बाद रक्षा विनिर्माण पर गर्व से चर्चा हो रही

प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान के साथ युद्ध के दौरान दिखाई गई भारत की स्वदेशी सैन्य क्षमता का स्पष्ट संदर्भ देते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद रक्षा विनिर्माण पर गर्व से चर्चा हो रही है। रक्षा उत्पादन 1.25 लाख करोड़ से अधिक हो गया है। मोदी ने कहा कि भारत अब तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है।

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में मत पत्र से मतदान की तैयारी शुरू

- 55 करोड़ मतपत्रों की छपाई के लिए मांगी गई निजी एजेंसियों से निविदा
- राज्य निर्वाचन आयोग ने शुरू की चुनाव की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** राज्य निर्वाचन आयोग ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में मत पत्र से मतदान की तैयारी शुरू कर दी है। 55 करोड़ मत पत्रों की छपाई के लिए 24 जुलाई तक निजी एजेंसियों से निविदा मांगी गई है।

आयोग के सूत्रों ने बताया कि पिछले चुनाव की तरह ही इस बार भी मत पत्रों के जरिये मतदान कराए जाएंगे। इसी को ध्यान में रखकर मत पत्रों की छपाई की तैयारी शुरू की गई है। आयोग की ओर से ख्याति प्राप्त कागज निर्माता मिलों से सफेद व रंगीन हरा, गुलाबी व नीला कागज आपूर्ति के लिए ऑनलाइन निविदा मांगी गई है। इन एजेंसियों को मत पत्र के लिए राजधानी स्थित राजकीय मुद्रणालय के अलावा प्रयागराज, वाराणसी व रामपुर में आपूर्ति करनी होगी। 30 जुलाई को आयोग के कार्यालय में निविदाएं खोली जाएंगी।

आयोग के अधिकारियों ने बताया कि आयोग की ओर से मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य के लिए भी तारीख की घोषणा की जा चुकी है। इसके तहत 18 जुलाई से मतदाता पुनरीक्षण का कार्य शुरू होगा।

14 अगस्त से बीएलओ लोगों के घर-घर जाकर सर्वेक्षण करेंगे और 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं के नाम मतदाता सूची में शामिल करना सुनिश्चित करेंगे। 14 अगस्त से 22 सितंबर कि अर्ह युवा मतदाता ऑनलाइन अपने नाम जुड़वा सकेंगे। अनंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 5 दिसंबर को होगा। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 15 जनवरी 2026 को होगा।

## यूरोपीय संघ और मेक्सिको पर ट्रंप ने लगाया 30% शुल्क

ब्रिजवॉटर, एजेंसी



- ईयू को पत्र में कहा- अमेरिका का व्यापार घाटा राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा

राष्ट्रपति ट्रंप ने शनिवार यूरोपीय संघ (ईयू) और मेक्सिको पर 30 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया खाते पर पोस्ट किए गए पत्रों में यह जानकारी दी। यह शुल्क 1 अगस्त से प्रभावी होगा।

मेक्सिको के नेता को लिखे अपने पत्र में, ट्रंप ने स्वीकार किया कि मेक्सिको ने उत्तरी अमेरिका को मादक पदार्थ की तस्करी के मैदान में बदलने से रोकने के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठाए हैं। ट्रंप ने यूरोपीय संघ को लिखे अपने पत्र में कहा कि अमेरिका का व्यापार घाटा राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है। ट्रंप ने ईयू को लिखा, हमने यूरोपीय संघ के साथ अपने व्यापारिक संबंधों पर वर्षों तक चर्चा की है और इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि हमें आपके शुल्क व गैर-शुल्क नीतियों व व्यापार बाधाओं के कारण उत्पन्न इन दीर्घकालिक, बड़े और व्यापार घाटे से दूर होना चाहिए। दुर्भाग्यवश, हमारे संबंध पारस्परिकता से कोसों दूर रहे हैं।

## केएल राहुल... बंदे में है दम




वेंगसरकर के बाद लॉड्र्स में एक से ज्यादा टेस्ट शतक लगाने वाले दूसरे भारतीय बने

क्रिकेट का मक्का कहे जाने वाले लाड् र्स के मैदान पर शनिवार को इंग्लैंड के खिलाफ शतक लगाने के बाद अपना बल्ला/हेल्मेट उठाए कुछ इस अंदाज में दिखे केएल राहुल। टीम इंडिया के सलामी बल्लेबाज राहुल का लाड् र्स में यह लगातार दूसरा व करियर का 10वां टेस्ट शतक है। लाड् र्स में दो शतक व इंग्लैंड की धरती पर इंग्लैंड के खिलाफ चार टेस्ट शतक जड़ने वाले वे पहले भारतीय ओपनर बैट्समैन बन भी गए हैं। जान लें, वर्ष 2021 में लाड् र्स में पहला शतक लगाने वाले पहले एशियाई ओपनर बल्लेबाज भी हैं राहुल। सलामी बल्लेबाज केएल राहुल मध्यक्रम के दिग्गज खिलाड़ी दिलीप वेंगसरकर के बाद लॉड्र्स में एक से ज्यादा शतक लगाने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज बन गए। (विस्तृत खेल पेज पर)

## दिल्ली में भरभराकर गिरी चार मंजिला इमारत, छह की मौत

- हादसे में आठ लोग घायल, कई के मलबे में दबे होने की आशंका

नई दिल्ली, एजेंसी



उत्तर-पूर्वी दिल्ली के वेलकम इलाके में शनिवार सुबह चार मंजिला इमारत ढहने से दो साल की बच्ची सहित छह लोगों की मौत हो गई, जबकि आठ लोग घायल हुए हैं। समाचार लिखे जाने तक कई लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है।

अधिकारी ने बताया कि इमारत के मालिक, उनकी पत्नी, दो बेटों और दो अन्य लोगों के शव मलबे से निकाले गए और उन्हें जीटीबी अस्पताल भेज दिया गया। आठ लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि मलबे में अबतक फंसे लोगों को बचाने के प्रयास जारी हैं। बचाव अभियान के लिए राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) समेत कई एजेंसियों को तैनात किया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, हमें वेलकम पुलिस थाने में शनिवार सुबह लगभग सात बजकर चार मिनट पर ईदगाह, वेलकम के निकट चार मंजिला इमारत के ढहने की सूचना मिली थी।

## भारतीय न्याय व्यवस्था अनोखी चुनौतियों का कर रही सामना

हैदराबाद, एजेंसी

### प्रधान न्यायाधीश गवई ने कहा- व्यवस्था में सुधार की सख्त जरूरत

- दीक्षांत समारोह में छात्रों को सलाह कि छात्रवृत्ति पर विदेश जाकर पढ़ाई करें, न कि परिवार पर बोझ डालें



प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई ने शनिवार को कहा कि भारतीय न्याय व्यवस्था अनोखी चुनौतियों का सामना कर रही है और मुकदमों में कभी-कभी कई दशकों की देरी हो सकती है। नालसार विधि विश्वविद्यालय, हैदराबाद में दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए न्यायमूर्ति गवई ने छात्रों को सलाह दी कि वे छात्रवृत्ति पर विदेश जाकर अध्ययन करें और परिवार पर वित्तीय बोझ नहीं डालें।

उन्होंने कहा, हमारा देश और न्याय व्यवस्था अनोखी चुनौतियों का सामना कर रही है। मुकदमों में देरी कभी-कभी दशकों तक चल सकती है। हमने ऐसे मामले देखे हैं जहां विचाराधीन कैदी के रूप में कई वर्ष जेल में बिताने के बाद भी कोई व्यक्ति निर्दोष पाया गया है। हमारी सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाएं हमें उन समस्याओं का समाधान करने में मदद कर सकती हैं जिनका हम सामना कर रहे हैं। प्रधान न्यायाधीश ने इस संबंध में अमेरिका के वरिष्ठ संघीय जिला न्यायाधीश जेड एस राकॉफ का हवाला दिया। अमेरिकी न्यायाधीश ने अपनी पुस्तक क्यों निर्दोष दोषी ठहराए जाते हैं एवं दोषी मुक्त हो जाते हैं और हमारी टूटी हुई कानूनी व्यवस्था के अन्य विरोधाभास में लिखा था, हालांकि मैं इस निष्कर्ष पर पहुंचा हूं कि हमारी न्याय व्यवस्था में सुधार की सख्त जरूरत है, फिर भी मैं पूरी तरह से आशावादी हूं कि मेरे साथी (नागरिक) इस चुनौती का सामना करेंगे। अमेरिकी न्यायाधीश की इस टिप्पणी को प्रधान न्यायाधीश गवई ने उद्धृत किया। विदेश में मास्टर डिग्री हासिल करने के दबाव पर न्यायमूर्ति गवई ने कहा, सिर्फ एक विदेशी डिग्री आपकी योग्यता पर मुहर नहीं है।

यह फैसला बिना सोचे-समझे या अपने साथियों के दबाव में न लें। इसके बाद क्या होगा? बरसों का कर्ज, चिंता, आर्थिक बोझ तले करियर के फैसले। उन्होंने कुछ युवा स्नातकों या वकीलों का उदाहरण दिया, जो विदेश में शिक्षा के लिए 50-70 लाख रुपये तक का ऋण लेते हैं। वास्तव में, 50-70 लाख रुपये जैसी बड़ी राशि का एक छोटा सा हिस्सा स्वतंत्र प्रैक्टिस शुरू करने या कार्यालय कक्ष बनाने के लिए निवेश के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है।

### पारदर्शी व योग्यता-आधारित अवसर प्रदान करने होंगे

गवई ने कहा, अगर हम अपनी सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं को बनाए रखना चाहते हैं या उन्हें वापस लाना चाहते हैं, तो इसमें बदलाव लाना होगा। हमें एक सृजनात्मक शैक्षणिक वातावरण बनाना होगा, पारदर्शी और योग्यता-आधारित अवसर प्रदान करने होंगे। सबसे महत्वपूर्ण बात, भारत में कानूनी शोध और प्रशिक्षण की गरिमा और उद्देश्य को बहाल करना होगा। कानूनी पेशेवरों के समक्ष आने वाले मानसिक दबाव के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि काम के घंटे लंबे होते हैं, अपेक्षाएं अधिक होती हैं और संस्कृति कभी-कभी निर्मम होती है। भारत की कानूनी विरासत का सिर्फ जश्न मनाना ही काफी नहीं है, इसके भविष्य का भी ध्यान रखा जाना चाहिए। भविष्य इस बात पर निर्भर करता है कि शोधकर्ताओं, युवा शिक्षकों, वकीलों और विद्वानों के साथ कैसा व्यवहार किया जाता है।

शहर में आज



☞नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर जन आरोग्य मेला सुबह 10 :00 बजे

☞रूद्राभिषेक आयोजन समिति की बैठक लाजपत नगर राम लीला मैदान में शाम 5 .30 बजे

## शिविर में लोगों ने कराई आंखों की जांच



**पाकबड़ा, अमृत विचार :** नगर पंचायत के चेयरमैन मोहम्मद याकूब के कार्यालय पर आंखों की जांच के लिए निशुल्क शिविर लगा। इसमें लोगों ने आंखों की जांच कराकर दवा भी ली। शिविर में नेत्ररोग विशेषज्ञ डॉ. आशुतोष अग्रवाल ने मरीजों की जांच कर उन्हें परामर्श दिया। मरीजों को निशुल्क दवाएं भी वितरित की। चेयरमैन ने कहा कि ऐसे आयोजन से लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाता है।

# हरिद्वार से गंगाजल लेकर आ रहे कांवड़ियों के जत्थे

## भोलेनाथ के जयकारों से गूंज रहा हरिद्वार मार्ग, पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी बना रहे व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** हरिद्वार से गंगाजल भरकर कांवड़ियों का जत्था अपने गंतव्य को पहुंच रहा है। शनिवार को हरिद्वार-मुरादाबाद कांवड़ पथ पर जगह-जगह कांवड़िये बोल बम, हर हर महादेव का जयघोष करते हुए आगे बढ़ रहे थे। महानगर के हरथला, सिविल लाइंस, पीली कोठी होते हुए कांवड़िये रामपुर व अन्य स्थानों के लिए कूच करते रहे।

कंधे पर कांवड़, जुबां पर भोले का जयघोष करते हुए कांवड़िये अपने आराध्य भोलेनाथ का गंगाजल से अभिषेक करने के लिए डग भर रहे हैं। बच्चे, बुजुर्ग, पुरुष महिलाएं भी जत्थे में शामिल हैं। शिवभक्ति में रमे यह कांवड़िये बोल बम, हर हर महादेव का जयकारा लगाते हुए आगे बढ़ते दिख रहे हैं। केसरिया वेष में इन शिवभक्तों के आने जाने पर बरबस ही लोगों का ध्यान उनकी ओर खिंच रहा है। वहीं रास्ते में सेवा शिविर भी प्रारंभ हो गए हैं। रविवार को कई शिविरों में भंडारा भी शुरू हो जाएगा। 14 जुलाई को श्रावण महीने के पहले सोमवार पर शिवभक्त भोलेनाथ का अभिषेक कर विधि विधान से पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि व लोक कल्याण का आशीर्वाद भोलेनाथ से मांगेंगे। उनकी आस्था को सम्मान देते हुए कांवड़ मार्ग पर व्यवस्था सुनिश्चित कराने में जिलाधिकारी अनुज सिंह सहित अन्य विभागों के अधिकारी जुटे हैं। जिलाधिकारी विभागों के अधिकारियों से उनके स्तर की तैयारियों की लगातार मानीटरिंग कर कमियों को तत्काल दुरुस्त करने का निर्देश दे रहे हैं। रविवार को मुरादाबाद-हरिद्वार मार्ग, दिल्ली, रामपुर, बरेली रोड पर शिवभक्तों की संख्या बढ़ेगी। इसे देखते हुए जगह-जगह पुलिस कर्मी बैरिकेडिंग कर रस्सी लगाकर रास्ते को घेर कर कांवड़ियों के आवाजाही को आसान बनाने में जुटे हैं।



कांठ रोड से जाता कांवड़ियों का बेड़ा। ● अमृत विचार



हरिद्वार से गंगाजल लेकर कांठ रोड से गुजरते शिव भक्त। ● अमृत विचार

● **कांवड़ मार्ग पर सभी विभागों की व्यवस्था के बारे में जिलाधिकारी ने ली जानकारी**

### पहले सोमवार पर अवकाश को लेकर शिक्षकों में असमंजस

मुरादाबाद, अमृत विचार : श्रावण मास की शुरुआत हो चुकी है और सोमवार को जलाभिषेक होगा। जिले में बेसिक और माध्यमिक विद्यालयों में अब तक अवकाश घोषित करने की कोई अधिकारिक घोषणा न होने से छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों में असमंजस है। पिछले वर्ष श्रावण मास के हर सोमवार को खासकर कांवड़ मार्ग के पांच किलोमीटर दायरे में स्थित स्कूलों और कॉलेजों में अवकाश घोषित किया था। इससे न सिर्फ छात्रों को आसानी थी जबकि प्रशासन को भी यातायात और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में सुविधा मिलती थी। अभिभावक भी सोमवार के अवकाश के बारे में जानने के लिए उत्सुक दिखे। माना जा रहा है अभी कांवड़ियों की संख्या बहुत अधिक न होने के चलते प्रशासन व विभागों के अधिकारियों ने इस बारे में निर्णय न लिया हो। हालांकि महानगर के कई प्रमुख विद्यालय कांवड़ मार्ग पर ही हैं। जिससे सुरक्षा व्यवस्था को लेकर असमंजस बना है। एडी बेसिक बुद्धप्रिय सिंह ने बताया कि अभी तक कोई ऐसा निर्देश जिला प्रशासन से प्राप्त नहीं हुआ है। निर्देश मिलते ही निर्णय लिया जाएगा।

## सार-संक्षेप

### ईश्वर में आस्था रखने से दूर होती है विपत्तिः अर्द्धमौनी



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रामगंगा विहार के गोविंद पार्क में शनिवार को श्रीराम कथा में सुन्दरकाण्ड का वर्णन करते हुए कथा व्यास आचार्य धीरशान्त दास अर्द्धमौनी ने बताया कि हनुमान जी ने कहा कि हमें सबसे पहले अपना हरि भजन, नामजप और ठाकुर सेवा में निपुण हो जाना चाहिए। नहीं तो संकटों में फंस जाएंगे। जीवन में हमें क्या करना है यह रामायण और क्या नहीं करना है यह महाभारत सिखाती है और जीवन को हमें कैसे जीना है यह श्रीमद्भागवत गीता सिखाती है। जीवन में परेशानी चाहे कितनी भी बड़ी हो ईश्वर में आस्था और धैर्य रखने से समाप्त हो जाती है। संतोष जैसा कोई सुख नहीं, जिस व्यक्ति ने संतोष की पूंजी अर्जित कर ली है, उस व्यक्ति ने सब कुछ हासिल कर लिया है। आयोजन में रीना गोयल, सोनाली सरोज, शशि गोयल, सुकीर्ति अग्रवाल, निधि गोयल, कार्तिकेय अग्रवाल, निधि गोयल, नरेश गुप्ता, सारिका अग्रवाल, सोना सिंह, सुधा शर्मा, सपना सिरोही, सतीश भंडूला, देवांश अग्रवाल, निखिल, सुशील तिवारी, आनन्द शास्त्री आदि शामिल रहे।

### कुष्ठ रोग से जुड़ी भ्रांतियों को दूर किया



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** चैरिटेबल ट्रस्ट आओ हाथ बढ़ाएं द्वारा शनिवार को राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत कुष्ठ रोग जागरूकता शिविर संस्था के बुद्धि विहार स्थित कार्यालय में हुआ। जिला कुष्ठ रोग परामर्शदाता डॉ. भास्कर अग्रवाल ने कुष्ठ रोग से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करते हुए इसके लक्षण, बचाव एवं इलाज की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रोग से प्रभावित व्यक्तियों को ठंडे और गर्म का एहसास नहीं होता है। उन्होंने कहा कि त्वचा पर लाल दाग होना, जिसमें संवेदना न होना, खुजली न होना, बाल का गिर जाना, पसीना न आना आदि लक्षण है। राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत कुष्ठ रोग का मुफ्त इलाज, मुफ्त आपरेशन व विकलांग पेंशन सुविधा भी सरकार द्वारा दी जाती है। इस अवसर पर ट्रस्ट की अध्यक्ष गीतांजली पांडेय के अलावा राजेश रस्तोगी, निर्मल मेहता, नीता सक्सेना, प्रियंका भटनागर, टोनी धवन, रश्मि सक्सेना, रेखा, रश्मि, बबली शर्मा, मनीषा शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

### सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने की दिलाई शपथ




**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय पेपर बैग दिवस पर मेथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कालेज, एसएस चिल्ड्रेन एकेडमी, टाइनी टाट्स स्कूल में शनिवार को नगर निगम की सहयोगी संस्था एआईआईएलएसजी की आईईसी टीम ने छात्र छात्राओं को एक्टिविटी कराई। उन्हें कागज के बैग तैयार करने की जानकारी दी गई। प्लास्टिक उन्मूलन अभियान के अन्तर्गत कार्यक्रम में जिला पर्यावरण गंगा समिति के नामित सदस्य और नगर निगम के ब्रांड एम्बेसडर प्रदीप सक्सेना ने कहा कि इसका उद्देश्य प्लास्टिक के उपयोग को कम करके पर्यावरण की रक्षा करना और कागज के बैग (पेपर बैग) के उपयोग को बढ़ावा देना है। बच्चों ने बहुत सुंदर पेपर बैग बनाया जिसके लिए उन्हें सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। मिशन स्कूल की वाइस प्रिंसिपल सुनीता सिंह और स्टाफ द्वारा स्कूल में एक पेड़ मां के नाम के तहत अमरूद और जामुन के पौधे लगाए। इस दौरान राजवती, संध्या और आईईसी टीम के सुपरवाइजर मोहित कुमार और उनकी टीम से अनिल, अमित, शुभम, सचिन, स्वाति, अनु उपस्थित रहे।

### अध्यक्षों एवं सचिवों ने योजना पर चर्चा की

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रोटरी इंटरनेशनल मंडल 3100 के भावी अध्यक्षों एवं सचिवों के बीच कांठ रोड पर होटल में समन्वय सभा में नये आयामों पर चर्चा की गई। जिसमें सेवा के विविध आयामों पर सार्थक विमर्श के दौरान 14 रोटरी क्लबों के अध्यक्षों और सचिवों ने आगामी कार्य वर्ष के लिए सामूहिक रणनीति एवं सेवा योजनाओं पर सहमति बनाई। शनिवार को रोटरी इंटरनेशनल मंडल की समीक्षा बैठक के दौरान बालिका छात्रवृत्ति योजना आगामी मंडल अध्यक्ष पायल गौड़ द्वारा ने लांच की गई। जिसके अंतर्गत बीपीएल (गरीबी रेखा से नीचे) श्रेणी की छात्राओं को प्रति वर्ष 75,000 रुपये की धनराशि की उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति की बात कही। प्रशिक्षण शिविर में नए पदाधिकारियों को रोटरी की नीतियों, उद्देश्यों और सेवा योजनाओं से परिचित कराया जाएगा। जिससे वे अपने कार्यकाल में जनसेवा को सुदृढ़ दिशा दे सकें। बैठक को संबोधित करते हुए नामित मंडल अध्यक्ष डॉ. काव्य सौरभ रस्तोगी ने कहा कि रोटरी केवल संस्था नहीं, बल्कि सेवा का पर्याय है। हमें चाहिए कि हम रोटरी के माध्यम से समाज के हर उस कोने तक पहुंचें जहां जरूरतें हैं। सभा में डॉ. एससी अग्रवाल, अभिनव अग्रवाल, संजय गुप्ता, विवेक गोयल, नीरज सिंघल, सागर शर्मा, राजीव अग्रवाल, मनोज रस्तोगी, सुबोध भारद्वाज, राजीव गोयल, देवेंद्र शर्मा, पंकज माहेश्वरी, निधि बंसल, तृप्ति रस्तोगी, दीपा अग्रवाल , पूजा गुप्ता, राघव अग्रवाल, अर्चना अग्रवाल, रविशंकर सिंह, अभिषेक अग्रवाल, क्षितिज रस्तोगी तथा गौरव गोयल मौजूद रहे।

# प्रवर्तन दल करेगा निगरानी जिले की सीमा पर होगी चौकसी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** सावन में कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को बनाए रखने के लिए संभागीय परिवहन विभाग सतर्क हो गया है। विभाग ने विशेष प्रवर्तन दल तैनात कर दिया है, जो कांवड़ मार्ग पर बड़े और भारी वाहनों की आवाजाही को रोक देगा। रात-दिन जिले की सीमा पर व्यावसायिक वाहनों को जिले के बाहर निकलेंगे और लंबे मार्ग के वाहन सीधे जाने वाले उन्हें रोका जाएगा।

संभागीय परिवहन अधिकारी राजेश सिंह ने बताया कि प्रवर्तन दल जिले की सीमाओं पर सघन निगरानी रखेगा और तय रूट पर किसी भी प्रकार के ट्रक, बस या अन्य वाणिज्यिक भारी वाहनों को प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। विभाग के अधिकारियों के अनुसार, यात्रा के दौरान किसी भी अव्यवस्था से बचने के लिए यह निर्णय लिया गया है। संभागीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे समय-समय पर मार्ग की मॉनिटरिंग करें और नियम तोड़ने वालों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करें। वहीं यात्रियों से अपील की गई है कि वे कांवड़ मार्ग पर धैर्य और अनुशासन बनाए रखें और प्रशासन का सहयोग करें। यात्रा के दौरान वैकल्पिक मार्ग अपनाएं भारी वाहन कांवड़ रूट पर प्रतिबंध लागू रहने तक भारी वाहनों को वैकल्पिक मार्ग से गुजरने की सलाह दी गई है। इससे न सिर्फ यातायात सुचारु रहेगा, बल्कि कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जा सकेगी।

# कांवड़ियों की चिकित्सा के लिए 11 जगह लगे शिविर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● **शिविर में चिकित्सक के साथ सीएचओ, फार्मासिस्ट और एक वार्ड बॉय की तैनाती**

**अमृत विचार :** श्रावण में गंगा जल लाकर भगवान शिव का अभिषेक करने वाले कांवड़ियों को स्वास्थ्य संबंधी परेशानी होने पर स्वास्थ्य विभाग उपचार के लिए तैयार है। दिल्ली और कांठ-हरिद्वार रोड पर 11 जगह चिकित्सा शिविर लगाए गए हैं। ये शिविर 24 घंटे संचालित होंगे।

कांवड़ियों को स्वास्थ्य सेवा देने के उद्देश्य से चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की ड्यूटी का रोस्टर भी 24 घंटे की उपलब्धता के आधार पर तैयार किया है। चिकित्सा अधीक्षक पाकबड़ा डॉ. अमित सक्सेना ने बताया कि रामपुर दोराहा सर्किल, पाकबड़ा जीरो प्वाइंट और शेरुआ चौराहा तीन स्थानों पर चिकित्सा शिविर लगे हैं। तीन शिफ्टों में टीम की तैनाती रहेगी। सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे, दोपहर दो बजे से रात आठ बजे और रात आठ बजे से सुबह आठ बजे तक एक-एक चिकित्सक, फार्मासिस्ट, सीएचओ और एक वार्ड बॉय ड्यूटी पर मौजूद रहेंगे। चिकित्सा अधीक्षक मूढापांडे डॉ. अशरफ ने बताया कि मूढापांडे जीरो प्वाइंट और मनकरा मोड़ के पास एक-एक स्वास्थ्य शिविर लगया गया है। चिकित्सा अधीक्षक कुंदरकी डॉ. सौरभ ने बताया कि कुंदरकी जीरो प्वाइंट और गागन तिराहा पर शिविर में दो शिफ्ट में टीम की तैनाती रहेगी। चिकित्सा अधीक्षक कांठ डॉ. राजीव सिंह के अनुसार सलेमपुर गढ़ी, रेलवे फाटक, कैच की पुलिया और लदावली पर स्वास्थ्य शिविर लगाया गया है। तीन शिफ्टों में फार्मासिस्ट को छोड़कर एक चिकित्सक, सीएचओ और एक वार्ड बॉय की ड्यूटी लगाई गई है।

### मौके पर पहुंच उपचार करेगी मोबाइल टीम

सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर लगाने के साथ ही मोबाइल टीम की व्यवस्था की गई है। एक कॉल करने पर मोबाइल टीम मौके पर कांवड़िये के पास पहुंचेगी और उनका उपचार करेगी। मोबाइल टीम भी 24 घंटे सक्रिया रहेगी। इसमें एक चिकित्सक के साथ एक वार्ड बॉय रहेगा।

### कांवड़ियों को जिला अस्पताल में 16 बेड आरक्षित

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कांवड़ियों के लिए जिला अस्पताल में 16 बेड आरक्षित किए गए हैं। तीन बेड इमरजेंसी में, तीन बेड आईसीयू और 10 बेड की व्यवस्था इमरजेंसी के प्रथम तल पर सर्जिकल वार्ड में की गई है। चिकित्साधिकारियों के अनुसार दवाओं की पर्याप्त व्यवस्था है। 11 जुलाई से कांवड़ यात्रा की शुरुआत हो चुकी है। ऐसे में आपात स्थिति से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने कांवड़ियों के इलाज के लिए कमर कस ली है। अस्पताल की इमरजेंसी में डॉक्टर व स्टाफ को सतर्क किया गया है। कांवड़ यात्रा के दौरान किसी तरह का हादसा होने पर कांवड़ियों को तुरंत भर्ती कर इलाज शुरू किया जाएगा। सीएमएस डॉ. राजेंद्र सिंह ने बताया कि वार्ड में जरूरी दवाओं के इंतजाम के साथ एक-एक फिजिशियन, सर्जन, ऑर्थोपेडिक और नेत्र रोग विशेषज्ञ की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अलावा अस्पताल की इमरजेंसी में भी डॉक्टर व स्टाफ को अलर्ट कर ड्यूटी लगाई गई है। जरूरत के अनुसार तत्काल प्रभाव से एक्स-रे और खून की जांच हो सकेगी। इसके अलावा अगर खून की जरूरत पड़ती है तो बिना डोनेट के रक्त की व्यवस्था की गई है।

# गन्ना विकास कार्यों का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



बैठक में जानकारी करते अपर गन्ना आयुक्त वीबी सिंह। ● अमृत विचार

● **अपर गन्ना आयुक्त ने विभागीय अधिकारियों को दी चेतावनी**

**अमृत विचार :** अपर गन्ना आयुक्त (समिति) एवं मुरादाबाद परिक्षेत्र के नोडल अधिकारी डॉ. वीबी सिंह ने शनिवार को मुरादाबाद और संभल जनपद के गन्ना विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने मुरादाबाद की गन्ना विकास परिषद, बिलारी अंतर्गत ग्राम सरकड़ा में कृषक अरेंद्र बढ़गोती के फार्म का दौरा किया। जहां प्राकृतिक खेती, गन्ने की प्रमुख प्रजातियों कोलख 14201, को.15023, कोशा 17231 और को 0118-के साथ रागी और हल्दी की सहफसल, आधार पौधशाला (कोलख1 6202) और गन्ने से बने उत्पादों की गुणवत्ता को परखा।

शनिवार को अपर गन्ना आयुक्त (समिति) परिक्षेत्र के नोडल अधिकारी डॉ. वीबी सिंह ने गन्ना सर्वेक्षण की शुद्धता की जांच करते हुए डिलीट पेड़ी का सत्यापन किया। ग्राम ग्वालखेड़ा में कृषक चंद्रवती और ग्राम ग्वारऊ में ट्रेंच विधि से बोई गई गन्ने की किस्म कोशा 13235 के पेड़ी का भी निरीक्षण किया। ग्राम ग्वारऊ में कृषक गोष्ठी में डॉ. सिंह ने किसानों से संवाद किया और बिलारी चीनी मिल प्रबंधन को निर्देशित किया कि कृषक विकास राज के प्लॉट पर प्रेरणास्पद बैनर लगाकर गोष्ठी कराई जाए। इसके बाद वह संभल पहुंचे । ग्राम लोधीपुर राजपूत में चौपाल लगाकर किसानों की समस्याएं सुनीं और मृदा परीक्षण प्रयोगशाला स्थापित करने के निर्देश दिए। भ्रमण के बाद वह मुरादाबाद स्थित गन्ना भवन पहुंचे, जहां परिक्षेत्रीय समीक्षा बैठक में मुरादाबाद, रामपुर, बिजनौर, अमरोहा और संभल के जिला गन्ना अधिकारी, समस्त सचिव, चीनी मिल प्रतिनिधि और वरिष्ठ निरीक्षक उपस्थित रहे।

बैठक में वर्ष 2025-26 के लिए गन्ना सर्वेक्षण, पेड़ी सत्यापन, एसजी के पोर्टल पर डाटा अपडेट, जीरो गाटा, अननॉन प्लॉट, मल्चिंग योजना, पीएम कृषि सिंचाई योजना, ड्रोन की उपलब्धता, एफडीआर, बैंक खातों, इनकम टैक्स रिटर्न व टीडीएस रिफंड जैसे बिंदुओं की गहन समीक्षा की। डॉ. सिंह ने कहा कि विभागीय कार्यों में लापरवाही और शिथिलता किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## नियमों का पालन करें कांवड़िये : सीओ


**पाकबड़ा, अमृत विचार :** कस्बे से निकल रहे डाक कांवड़ का बेड़ा देखने के लिए सीओ हाईवे राजेश कुमार एवं थाना प्रभारी विनोद कुमार मौके पर पहुंचे।

उन्होंने कहा कि जो भी नियम सरकार द्वारा बताए गए हैं उसका उल्लंघन न करें और शांतिपूर्वक तरीके से नियमों का पालन करते हुए अपने बेड़े को ले जाएं। ताकि किसी को भी कोई नुकसान न पहुंचे।

रविवार को कस्बे से बड़ा मंदिर से जाने वाले डाक कांवड़ के बेड़े को देखने के लिए सीओ हाईवे पेट्रोल पंप पर पहुंचे और कहा कि सभी लोग शांतिपूर्वक तरीके से और नियमों का पालन करते हुए जाएं। अगर कोई दिक्कत समस्या आती है तो तुरंत बताएं। उसका समाधान तुरंत किया जाएगा। इस दौरान बेड़े को ले जाने वाले में सभासद रंजीत सैनी विनोद पाल अमन सैनी राजेश सैनी कमल सैनी संजय सैनी आदि शिव भक्त मौजूद रहे।

# कांवड़ यात्रा के अधूरे कार्य पूरे कराने में जुटे अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



टहनियां काटता विद्युत कर्मचारी।

**अमृत विचार :** सावन में कांवड़ यात्रा के दौरान बिजली विभाग की तैयारियों में लचर रवैये पर जिलाधिकारी की फटकार के बाद अधिकारियों की नींद टूटी है। शनिवार को विभाग ने कांठ, दिल्ली और रामपुर रोड पर तेजी से काम शुरू कर दिया है। ट्रांसफार्मरों की बैरिकेडिंग और हाईटेंशन (एचटी, एलटी) लाइन को ऊंचा करने में जुटे हैं।

सावन से पहले प्रत्येक विभाग के अधिकारियों को अपने स्तर के काम पूरा करने का निर्देश जिलाधिकारी अनुज सिंह ने दिया था। लेकिन कांवड़ शुरू होने के दो दिन बाद भी बिजली से संबंधित कार्य अधूरे रहे। इस पर जिलाधिकारी ने शुक्रवार को बैठक में बिजली विभाग के अधिकारियों को लचर कार्यशैली व लापरवाही पर कड़ी नाराजगी जताकर फटकार लगाई। जिसके बाद शनिवार को मुख्य अभियंता अरविंद सिंघल और अधीक्षण अभियंता सुनील अग्रवाल ने ट्रांसफार्मरों की बैरिकेडिंग कार्य का निरीक्षण किया। बिजली आपूर्ति को सुचारु रखने और दुर्घटना की आशंका से बचने के लिए पीटीसी विद्युत केंद्र से कॉसमॉस तक एचटी और एलटी लाइनों पर लटक रहे पेड़ों की टहनियों की छंटाई करने में तेजी लाई गई। प्रशासन से बिजली विभाग के अधिकारियों ने मंगलवार तक सभी काम पूरा कराने का समय मांगा था।

# कैंटीन संचालक को मारपीट कर मांगी 20 हजार रंगदारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** कटघर थाना क्षेत्र के हनुमान मूर्ति देशी शराब दुकान के पास कैंटीन संचालक को मारपीट कर 20 हजार रुपये की रंगदारी मांगी गई। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देकर 2200 रुपये वसूल लिए।

थाना कटघर क्षेत्र के सूरजनगर पीतलनगरी निवासी उमेश सैनी उर्फ भोला हनुमान मूर्ति देशी शराब के ठेके के पास कैंटीन चलाता है। उमेश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीते 6 जून को सुबह 10 बजे गुलाबबाड़ी देशी शराब के ठेके का चेकिंग इंचार्ज दीपक कार से दो-तीन लोगों को लेकर उसकी दुकान पर आया। आरोप है कि आते ही दीपक और उसके साथियों ने उमेश से गाली गलौज कर दी। पीड़ित उमेश सैनी के अनुसार वह दुकान से बाहर आकर पूछा गाली क्यों दे रहे हो और वीडियो बनाने लगा। आरोप है कि इसके बाद दीपक ने उसका मोबाइल छीन कर तोड़ दिया और कहा कि तुम हमारी शिकायत करते हो, जबकि तुम्हारा कैंटीन रोड पर है और बहुत नोट छाप रहा है। आरोप लगाया कि बाद में दुकान के अंदर ले जाकर दीपक ओर उसके साथियों ने सीने पर तमंचा तान दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए 20 हजार रुपये की रंगदारी मांगी। मना करने पर मारपीट करने लगे। इतना ही नहीं जेब में रखे 2200 रुपये भी लेने के बाद धमकी देते हुए शेष पैसों का इंतजाम करने की बात कहकर चले गए। थाना कटघर के प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी दीपक और उसके दो-तीन अज्ञात साथियों के खिलाफ मारपीट, रंगदारी मांगने और धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

आयोजन | इनरव्हील क्लब ऑफ मुरादाबाद सेंट्रल की एडिटर बनीं शुभी

# मेहंदी है रचने वाली... पर सदस्यों ने मचाया धमाल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



कार्यक्रम के दौरान मौजूद इनरव्हील क्लब की सदस्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** इनरव्हील क्लब ऑफ मुरादाबाद सेंट्रल की ओर से कांठ रोड स्थित होटल में शनिवार को गर्ल्स लाइक टू स्विंग थीम पर तीज उत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान क्लब की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। रीना अग्रवाल को अध्यक्ष, डॉ. हिमानी अग्रवाल को सचिव और अपूर्वा अग्रवाल को कोषाध्यक्ष चुना। क्लब संपादिका शुभी कसेरा बनीं। पायल रस्तोगी को उपाध्यक्ष और प्रियंका जैन को आईएसओ पद की जिम्मेदारी सौंपी।

क्लब की सदस्यों ने नृत्य, गायन और स्क्रिप्ट प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। इस दौरान मेरे हाथों में नौ-नौ चूड़िया हैं, थोड़ा ठहरो सजन मजबूरिया हैं, मेहंदी है रचने वाली हाथों में गहरी लाली, तारे हैं बाराती व तीन संबंधी गीतों पर सदस्यों में मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। पदाधिकारियों ने सदस्यों को हौसला बढ़ाया और निष्ठा के साथ क्लब के उत्थान के लिए अपनी भूमिका साबित करने का संकल्प दिलाया। मनोरंजन के लिए महिलाओं ने हाऊजी, बैलून और राउंड चेयर आदि खेल खेला। प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करने वाली सदस्यों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं सदस्यों व अतिथियों को 110 इनरव्हील बैग्स भेंट किए। कक्षा छह के एक जरूरतमंद छात्र को स्कूल कोर्स की पुस्तकें, स्टेशनरी और बैग वितरित किया। कार्यक्रम का संचालन पल्लवी रस्तोगी और पायल रस्तोगी ने किया। इस मौके पर प्रीति मोदी, रुबल तोड़ी, अंजू अग्रवाल, पारुल अग्रवाल, पारुल शर्मा, गरिमा, मानुषी, शिवानी अग्रवाल, दिव्या अग्रवाल आदि मौजूद रहीं।

# मोहन भागवत के बयान पर पूर्व सपा सांसद ने कसा तंज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● **कहा भाजपा में प्रधानमंत्री के बारे में कोई नहीं बोल सकता**



डॉ. एसटी हसन।

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस ) प्रमुख मोहन भागवत के नागपुर में एक कार्यक्रम के दौरान दिए बयान पर पूर्व सांसद डॉ. एसटी हसन ने तंज कसा। पूर्व सांसद ने बताया कि संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा है कि कोई नेता 75 साल पार लेता है तो उसे शॉल ओढ़ाई जाती है, जिसका मतलब है कि वे अब दूसरों को काम करने का अवसर दें। उनका कहना है कि अगर बयान प्रधानमंत्री के लिए है तो भाजपा में हिम्मत नहीं जो सवाल उठा सके।

समाजवादी पार्टी के नेता और मुरादाबाद के पूर्व सांसद डॉ. एसटी. हसन द्वारा मीडिया को अपने आवास पर दिया बयान सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल हो रहा है। पूर्व सांसद का कहना है कि यह भाजपा का अंदरूनी मामला है। बताया कि जब मोदी सरकार बनी थी, तब ही 70 साल की उम्र पार करने वाले दिग्गज नेताओं को साइड लाइन कर दिया था। लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी और उमा भारती जैसे नेताओं को रिटायर कर दिया था। अब खुद प्रधानमंत्री भी 75 के करीब पहुंच चुके हैं, तो हो सकता है कि यह उनके लिए कहा गया हो। पूर्व सांसद का कहना है कि भाजपा में इस पर कुछ बोलने की स्थिति किसी की नहीं है। क्योंकि आज बीजेपी इज इक्वल टू मोदी और मोदी इज इक्वल टू बीजेपी हो चुकी है।

**आज का मौसम**

बादलों की आवाजाही रहेगी, छिटपुट बूंदाबांदी हो सकती है।

| 33.0⁰ अधिकतम तापमान | 25.0⁰ न्यूनतम तापमान |
| --- | --- |
| सूर्योदय 07:25 | सूर्यास्त 07:16 |

# दिन भर धूप व गर्मी से बेहाल, शाम को तेज बारिश

## बारिश में भीग कर लोगों ने पाई राहत, अधिकतम तापमान में आई कमी, कई जगह जलभराव

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** दो दिन से बढ़ रही थी गर्मी और उमस से परेशान लोगों को शनिवार को दोपहर बाद अचानक हुई मूसलाधार बारिश से राहत मिली। हालांकि दिन में तेज धूप ने लोगों को बेचैन कर दिया था। बारिश के चलते तापमान में भी कमी आई। इससे लोगों ने सुकून महसूस किया।

शनिवार को कई बार हल्के बादलों की आवाजाही रही। लेकिन दोपहर में चिलचिलाती धूप मानो लोगों को झुलसाने पर अमादा थी। सूरज की तपिश तेज होने पर लोग बारिश के लिए टकटकी लगाए रहे। उमस बढ़ने पर अचानक पौने चार बजे के करीब बादल उमड़ने के बाद मूसलाधार बारिश होने लगी। आधे घंटे तेज बारिश के दौरान कई कॉलोनियों में टूटी सड़कों पर जलभराव की स्थिति बनी लेकिन बारिश कम होते ही पानी निकल गया। वहीं महानगर के अन्य हिस्सों में भी तेज बारिश ने लोगों को गर्मी व उमस से राहत दी। कुछ लोग बारिश के बचने के लिए वाहन रोक कर इसके बंद होने का इंतजार करते रहे तो कुछ बारिश में भीगकर मानसून का आनंद लेते हुए बढ़ते रहे। बारिश के दौरान भी बम बम भोले का जयकारा लगाते हुए शिवभक्त आगे बढ़ते रहे। पसीने से तरबतर कांवड़ियों को बारिश से सुकून मिल गया। बारिश से तापमान में थोड़ी कमी आई। हालांकि बहुत फर्क नहीं पड़ा। अधिकतम तापमान 34 डिग्री और न्यूनतम 27 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। रविवार को इसमें एक डिग्री की और कमी होने का अनुमान जताया गया है। आर्द्रता 56 प्रतिशत रहा। मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिनों अभी ऐसे ही मिला जुला मौसम रहने के आसार हैं।


बारिश में जाता स्कूटी सवार युवक। ● अमृत विचार


रामपुर रोड पर बारिश में भीगता युवक और बाइक सवार। ● अमृत विचार


बारिश के दौरान हाईवे पर जलभराव। ● अमृत विचार

### पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा महानगर द्वारा डीएसवी विद्यालय पैपटपुरा में अशोक के पौधों का रोपण किया। डॉ. प्रदीप शर्मा ने कहा कि पेड़ पौधे एक ओर आक्सीजन प्रदान की जाती है वहीं वातावरण भी सुंदर बनता है। हरियाली में रहकर आदमी का मन और मस्तिष्क स्वस्थ व आनंदित रहता है। हमें पौधरोपण के लिए जिम्मेदारी निभानी चाहिए। कार्यक्रम का संयोजन सुनील शर्मा ने किया। इस दौरान सत्य प्रकाश शर्मा, राजवीर शर्मा, अनिल कुमार शर्मा, सुधांशु कौशिक, शशिदत्त शर्मा, नरेश शर्मा, राकेश शर्मा, शरद शर्मा,अंबरीश शर्मा आदि उपस्थित रहे।




### चार आरोपियों पर मारपीट का मामला दर्ज

भोजपुर, अमृत विचार : पुलिस ने गांव महमूदपुर तिगरी निवासी जफरूद्दीन की पत्नी मुसरेकीन की तहरीर पर दो भाईयों समेत चार के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक को दी तहरीर में पीड़िता ने कहा है कि गांव के रिहान, इस्तेखार, मोहम्मद जान एवं इंतजार भतीजी महक के साथ मारपीट कर रहे थे। आरोपियों को झगड़ा करने से मना किया तो लाठी-डंडों से हमला कर घायल कर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर चले गए।

# कार की टक्कर से महिला की मौत

संवाददाता, पाकबड़ा

**अमृत विचार :** दिल्ली हाईवे पर पति को अस्पताल में भर्ती कराकर लौट रही बुजुर्ग महिला की तेज रफ्तार कार की टक्कर से मौके पर ही मौत हो गई। हादसा टीएमयू अस्पताल के बाहर हाईवे पर हुआ। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। महिला की मौत से उसके परिवार में कोहराम मच गया है।


मृतका सुरमती का फोटो।

जनपद अमरोहा के थाना मंडी धनौरा क्षेत्र के वासीपुर गांव निवासी सुमरती (60) अपने पति रतन सिंह को इलाज के लिए मुरादाबाद के टीएमयू अस्पताल में भर्ती कराने आई थी। शनिवार को पति को भर्ती कराने के बाद वह अस्पताल से बाहर आकर घर लौटने के लिए हाईवे पार कर रही थीं। इसी दौरान दिल्ली की ओर से आ रही तेज रफ्तार अज्ञात कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयानक थी कि सुमरती दूसरी साइड जा गिरी और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद राहगीरों और दुकानदारों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को उठवाकर टीएमयू अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया और परिजनों को सूचित किया। सूचना मिलते ही परिवार के लोग मौके पर पहुंच गए। थाना पाकबड़ा के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है, जिसमें एक तेज रफ्तार कार टक्कर मारते हुए दिखाई दी है। कार और चालक की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।

### बाइक से टकराने के बाद डिवाइडर से टकराई कार, तीन घायल

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मूंढापांडे थाना क्षेत्र के दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर टोल प्लाजा के पास कार बाइक को रौंदते हुए डिवाइडर से टकरा गई। हादसे तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को रामपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। थाना मूंढापांडे के दिल्ली-लखनऊ हाईवे के टोल प्लाजा के पास मुरादाबाद से रामपुर की ओर जा रही कार ने आगे चल रही बाइक को टक्कर मार दी। बाइक में टक्कर लगने के बाद कार डिवाइडर से टकरा गई। इस हादसे में मूंढपांडे के मुंडिया मलूकपुर रहने वाले बाइक सवार अरमान, कार सवार हरीश और उनकी बेटी करिश्मा घायल हो गई। बताया गया कि कार सवार हरियाणा के सोनीपत निवासी हरीश बेटी को लेकर बरेली जा रहे थे। हादसे की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची ने आनन-फानन में घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। मूंढापांडे थाना प्रभारी राजीव शर्मा ने बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# जलनिकासी में अवरोध बने अतिक्रमण को हटवाया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- निगम टीम ने बारिश के दौरान संभाला मोर्चा, नहीं होने दिया जलभराव
- नगर आयुक्त व अपर नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण, संभाली व्यवस्थाएं

**अमृत विचार :** शनिवार को दोपहर बाद अचानक तेज बारिश होने के बाद सभी को जलभराव की आशंका बन गई। लेकिन नगर आयुक्त के निर्देश पर नगर निगम के कर्मचारी सड़कों पर उतरे और मोर्चा संभालते हुए जलनिकासी सुचारू कराने में जुटे रहे। नगर आयुक्त ने कहा कि कहीं भी जलभराव की स्थिति नहीं आई।

नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने स्वयं कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने कांठ रोड, दिल्ली रोड, रामपुर रोड व महानगर के मुख्य व्यावसायिक क्षेत्र बुधबाजार के संभावित जलभराव वाले स्थानों के करुला नाला, ढक्का की पुलिया, रामपुर रोड, कांठ रोड, प्रभात मार्केट आदि जगहों का निरीक्षण किया। जल निकासी अवरुद्ध होने वाले स्थानों का निरीक्षण कर क्विक रिस्पांस टीम (क्यूआरटी) की मानीटरिंग कर निर्देश दिया। अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार, अजीत कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी नरेंद्र सिंह सभी सफाई व खाद्य निरीक्षक अपने कार्यस्थलों पर उपस्थित रहकर व्यवस्थाओं को सुचारू बनाने में जुटे रहे।

प्रभात मार्केट के नाले के पास अतिक्रमण के चलते नाले की सफाई में अवरोध को निगम के प्रवर्तन दल ने अतिक्रमण हटवाकर पानी की निकासी सुनिश्चित कराई। नगर आयुक्त ने कहा कि जलभराव स्थानों की पहले से पहचान कर निगम के स्वास्थ्य विभाग, जलकल विभाग तथा निर्माण विभाग की संयुक्त टीमों ने नालों की सफाई, जल निकासी मार्गों की नियमित जांच और पंपिंग स्टेशनों की लगातार मानीटरिंग की। टीमों ने आवश्यकता पड़ने पर मड पंप की सहायता से जल निकासी कराई।


बारिश कम होने पर सफाई कार्यों का निरीक्षण करते नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल।


बारिश के दौरान नाले की सफाई करते निगम के कर्मचारी।

# तीन वर्षीय बेटे के साथ महिला लापता, युवक पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** नागफनी थाना क्षेत्र की शिव विहार कॉलोनी से एक महिला अपने तीन वर्षीय बेटे के साथ संदिग्ध हालात में लापता हो गई। महिला के पति रणबीर सिंह ने युवक पर पत्नी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने मामले में नामजद रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

हरियाणा के गुरुग्राम थाना सेक्टर 9 क्षेत्र के गांव बसई भवानी एनक्लेव निवासी रणबीर सिंह की शादी नागफनी थाना क्षेत्र के शिव विहार कालोनी में हुई है। पुलिस को दी तहरीर में पीड़ित रणवीर सिंह ने बताया कि उसकी पत्नी अंजली (31) अपने तीन वर्षीय बेटे देवांश के साथ 1 जुलाई को मायके शिव विहार कॉलोनी मुरादाबाद आई थी। रणबीर सिंह भी दो दिन उनके साथ रुका और फिर 3 जुलाई को वापस गुरुग्राम लौट गया, जबकि पत्नी अंजली और बेटा ससुराल में ही रह गए। पीड़ित के अनुसार 9 जुलाई की शाम अंजली बेटे देवांश को साथ लेकर बाजार जाने की बात कहकर घर से निकली, लेकिन फिर वापस नहीं लौटी। परिजनों ने रिश्तेदारों और जान-पहचान वालों से पूछताछ की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। बाद में पता चला कि गुरुग्राम के वनघवाड़ी बादशाहपुर निवासी ईशांत उसकी पत्नी को बहला-फुसलाकर ले गया है। पत्नी बेटे को भी साथ ले गई है। थाना नागफनी के प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर नामजद आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर महिला व उसके बेटे की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं।

# चुनौतियों से निपटने के लिए संघर्ष ही उपाय : शिव

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- कैरेज एंड वैगन-मैकेनिकल कॉन्फ्रेंस एवं परिषदीय बैठक का आयोजन

**अमृत विचार :** ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन (एआईआरएफ) और नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन (एनआरएमयू) के तत्वावधान में मुरादाबाद मंडल में कैरेज एंड वैगन-मैकेनिकल कॉन्फ्रेंस एवं परिषदीय बैठक का आयोजन शनिवार को मनोरंजन सदन में किया गया। कान्फ्रेंस में यूनियन के महामंत्री शिव गोपाल मिश्रा मुख्य अतिथि रहे।

कॉन्फ्रेंस की शुरुआत यूनियन गीत से हुई, जिसे राकेश बलौदी और उनकी टीम ने प्रस्तुत किया। इस दौरान यूनियन पदाधिकारियों ने कैरेज एंड वैगन विभाग से जुड़ी ज्वलंत समस्याओं जैसे स्टाफ की कमी, निजीकरण, निगमीकरण, पदोन्नति, महिला कर्मचारियों की मूलभूत सुविधाएं, हार्ड ड्यूटी भत्ता, टीए, ओवरटाइम आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा की। महामंत्री शिव गोपाल मिश्रा ने इन समस्याओं को बोर्ड और मंत्रालय स्तर पर उठाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि मुरादाबाद मंडल उनके लिए हमेशा प्रयोगशाला की तरह रहा है और यहां की सफलता को अन्य मंडलों में लागू किया जाता है। उन्होंने कोरोना काल में कैरेज एंड वैगन कर्मचारियों द्वारा किए कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए संघर्ष ही एकमात्र उपाय है।

मंडल मंत्री राजेश चौबे ने आयोजन का अवसर मिलने पर महामंत्री का आभार जताते हुए भरोसा दिलाया कि मुरादाबाद मंडल उनकी अपेक्षाओं पर हमेशा खरा उतरेगा। केंद्रीय उपाध्यक्ष एमपी चौबे और केंद्रीय अध्यक्ष एसके त्यागी ने भी युवाओं की भागीदारी को सराहा और विभागीय मुद्दों पर गंभीर चर्चा की। वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता रॉबिन बंसल ने प्रशासनिक सहयोग का आश्वासन दिया और कैरेज एंड वैगन को रेलवे की रीढ़ बताया।

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष मनोज शर्मा, एके सिंहल, नरेन्द्र त्यागी, दीपक यादव, विजयंत शर्मा, मंजू बिष्ट, रजनीश चौबे, पंकज सक्सेना, सुनील तिवारी, मोहित गुप्ता, नफीस खान, खेमपाल सिंह, आशीष शर्मा, सुनील सिंह, एके शुक्ला, एके दीक्षित, विनेश ठाकुर, राजपाल सिंह, राकेश बलोदी, आईवन एडिशन, सलिल सौरभ, सीलू तिवारी, अमित मिश्रा, शिवम, राजेश दुबे, रवींद्र भंडारी, राजीव चौबे, तेजपाल, ओम दत्त त्यागी, नरेश गुरुंग, अजय तोमर, संजय सलार, विक्रांत सिंह, एके वर्मा, शलभ शर्मा, अवनीश, अशोक बघेल, तेजिंदर सिंह, बिट्टू, प्रभात, नवनीत यादव, हरजीत कौर, सीताराम, राजेन्द्र, नितिन, ब्रह्मपाल, मशकूर, ताज बाबू, प्रेम, राहुल, सुशील, रोहित, युसूफ, गणेश, राम कुमार, प्रेमपाल समेत अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे।


कार्यक्रम को संबोधित करते महामंत्री शिव गोपाल मिश्रा।

# कूड़ा मशीन में फंसकर कटा हाथ, ठेकेदार पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- युवक के पिता की तहरीर पर आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** कटघर थाना क्षेत्र में हादसे में युवक का दाहिना हाथ कूड़ा काटने की मशीन में फंसकर कट गया। घायल युवक के पिता ने ठेकेदार पर लापरवाही और धमकी देने का आरोप लगाते रिपोर्ट दर्ज कराई है।

कासगंज के सुजावलपुर निवासी साबिर ने थाना कटघर पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका बेटा कासिम ठेकेदार चुन्ना उर्फ अलीम निवासी मोहल्ला कृष्ण टाकीज नुमाइश ग्राउंड गंजडुंडवारा कासगंज के साथ मुरादाबाद में वेल्डिंग कार्य के लिए आया था। पीड़ित के अनुसार ठेकेदार ने कासिम को कूड़ा काटने वाली मशीन पर काम करने के लिए बैठा दिया। 17 मई को मशीन में हाथ फंसने से उसका दाहिना हाथ जड़ से कट गया। घायल कासिम को तत्काल निजी अस्पताल में ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद 11 जून को छुट्टी दी गई। शुरुआत में ठेकेदार ने इलाज में सहयोग किया, लेकिन बाद में मुकर गया। पीड़ित परिवार ने ठेकेदार से संपर्क किया तो उसने गाली-गलौज कर धमकी तक दे डाली। पीड़ित परिवार आर्थिक रूप से कमजोर है और कासिम एकमात्र कमाने वाला सदस्य था। थाना कटघर के प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर नामजद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच कर रहे हैं।

# महिलाओं में लो बीपी की समस्या से हो सकती है दिल की बीमारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- घर की जिम्मेदारियों और आर्थिक तनाव के बीच महिलाओं में बढ़ा दिल की बीमारी का खतरा

**अमृत विचार :** गांवों और कस्बों की कई महिलाएं आज भी अपने स्वास्थ्य को लेकर उतनी सजग नहीं हैं, जितनी जरूरत है। खासकर लो ब्लड प्रेशर (कम रक्तचाप) की समस्या को वे सामान्य थकान या कमजोरी समझकर नजरअंदाज कर दे रही हैं। चिकित्सकों का कहना है कि लगातार कम रक्तचाप की शिकायत महिलाओं में हृदय रोग का कारण बन सकता है। विशेष रूप से उन महिलाओं में जो आर्थिक तंगी, बड़े परिवार की जिम्मेदारी और घरेलू तनाव के कारण परेशान हैं।

जिला महिला अस्पताल में स्त्री रोग विशेषज्ञ व सीएमएस डॉ. निर्मला पाठक ने बताया लो बीपी को अक्सर महिलाएं कमजोरी समझकर नजरअंदाज कर देती हैं। ज्यादा दिक्कत होने पर नमक-चीनी का घोल बनाकर पी लेती हैं, लेकिन लगातार लो ब्लड प्रेशर की दिक्कत बने रहना परेशानी का सबब बनता है। यह हृदय की कार्यक्षमता को प्रभावित कर सकता है। विशेष रूप से 55 वर्ष की उम्र के बाद यह स्थिति और खतरनाक हो जाती है। इसका सबसे बड़ा कारण तनाव है। तनाव की स्थिति में शरीर में कॉर्टिसोल, एड्रेनालिन जैसे हार्मोन सक्रिय ब्लड प्रेशर को स्थिर रखने में मदद करते हैं। लेकिन जब तनाव लंबे समय तक बना रहता है, तो यह हार्मोनल सिस्टम थकने लगता है। शरीर में पानी व नमक की कमी होने लगती है। इससे महिलाओं में थकान, चक्कर आना, कमजोरी और रक्तचाप गिरने की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। साथ ही, तनाव से सेरोटोनिन और डोपामिन जैसे मूड हार्मोन भी प्रभावित होते हैं।

**बचाव के उपाय**

- घर में ब्लड प्रेशर मॉनिटरिंग मशीन रखें और नियमित जांच करें।
- भोजन में नमक की पर्याप्त मात्रा, हरी सब्जियां और फल शामिल करें।
- तनाव कम करने के लिए रोज कुछ समय योग या ध्यान करें।
- गर्भवती महिलाओं व 50 की उम्र वाली नियमित जांच कराएं।
- भरपूर पानी पीए, विशेष रूप से गर्मियों में।
- समय-समय पर डॉक्टर से सलाह लेते रहें।

# कासमपुर में तेंदुआ दिखने से दहशत

**कांठ, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र में तेंदुए का आतंक नगर के आसपास भी देखने को मिलने लगा है। ग्राम कासमपुर फैक्ट्री में तेंदुआ देखा गया।

ग्राम कासमपुर में नईम अहमद सैफी की फैक्ट्री में तेंदुआ देखकर चौकीदार के होश उड़ गए। उसने आसपास के ग्रामीण और फैक्ट्री मालिक को सूचना दी। लोगों ने चार पहिया वाहनों के हॉर्न बजाए तो तेंदुआ जंगल की तरफ भाग गया। नागरिकों ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। चौकीदार व ग्रामीणों का कहना है वन विभाग इस मामले को नजर अंदाज कर रहा है। थाना छजलैट क्षेत्र के ग्राम मनकुमा में तेंदुए का शावक बोरिंग के गड्ढे में गिर गया था। वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू चलाकर शुक्रवार शाम तेंदुए के शावक को निकाल लिया। अभी भी तेंदुआ दिखाई देने की बात ग्रामीण कर रहे हैं। दोनों स्थानों पर पहुंचकर डिप्टी रेंजर पुष्पेंद्र सिंह ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है।

# मतदाता सूची में देरी पर धरने पर बैठे प्रत्याशी व समर्थक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के वार्षिक चुनाव में मतदाता सूची बनने में देरी हुई तो शनिवार सुबह प्रत्याशी और उनके समर्थक धरने पर बैठ गए। उन्होंने एल्डर्स कमेटी के सामने सूची तत्काल जारी कराने और मतदान समय से कराने की मांग रखी। पूरा दिन चले हंगामे के बाद एल्डर्स कमेटी के सदस्य धरनास्थल पर पहुंचे और उन्होंने आश्वासन दिया है कि सूची काम तेजी से चल रहा है। नामांकन प्रकिया और मतदान अपने समय पर होंगे। इसके बाद धरना खत्म कर दिया गया है।

एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन रामाशंकर और सदस्य सुधीर गुप्ता, विनोद गुप्ता समेत अन्य सदस्यों ने लगभग एक माह पहले दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के वार्षिक चुनाव की घोषणा करते हुए मतदान की तारीख की तय कर दी थी। 9 जुलाई तक मतदाता सूची जारी करनी थी, लेकिन 12 जुलाई तक भी सूची जारी नहीं की गई। इसके अलावा शनिवार और रविवार को अवकाश होने के कारण बार कार्यालय बंद कर दिया। मतदान सूची का कार्य आगे नहीं बढ़ पाने के कारण चुनाव प्रक्रिया में तेजी होने से मतदान पर प्रभाव पड़ने की आशंका से प्रत्याशी और उनके समर्थक भड़क गए। शनिवार सुबह ही बार के पार्किंग के पास अधिवक्ता धरने पर बैठक गए। उन्होंने एल्डर्स कमेटी ने मांग रखी की मतदान में किसी तरह की देरी नहीं होनी चाहिए। मतदान तय तारीख में ही किया जाए। अध्यक्ष पद के संभावित प्रत्याशी आनंद मोहन गुप्ता ने बताया कि एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष रामाशंकर गुप्ता ने सुधीर चंद्र गर्ग को धरनास्थल पर पहुंचकर एल्डर्स कमेटी के निर्णय से अवगत कराया कि बार चुनाव में 14 और 15 जुलाई को नामांकन पत्र जमा किए जाएंगे और 22 जुलाई को ही चुनाव होगा। जबकि 23 जुलाई को परिणाम आएंगे। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची भी जल्द ही पूरी कर ली जाएगी। धरना देने वालों में आनंद मोहन गुप्ता के अलावा कमाल अख्तर, कुल भूषण सक्सेना, गोपाल द्विवेदी, अब्दुल रहमान, कपिल गुप्ता, देवेंद्र विश्नोई, नदीम अहमद, सुनील आजाद, मोहतशम, अचल शर्मा समेत अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

- एल्डर्स कमेटी ने कहा जल्द पूरी होगी मतदाता सूची


नारेबाजी करते प्रत्याशी और उनके समर्थक। ● अमृत विचार

भगन्दर, बवासीर
सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड
Complex Fistula (जटिल भगन्दर)
पाइल्स तथा एनल फिसर एवं
Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा
पूर्ण सफल चिकित्सा
सुश्रुत क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर
स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071

डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी
(I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर – राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ
आयुष मंत्रालय
भारत सरकार, नई दिल्ली
भू,पू, वरिष्ठ लेक्चरार
एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of
Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षो का कुशल अनुभव

डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ
बाल गुदा रोग विशेषज्ञ
व समस्त गुदा रोग
भगन्दर, बवासीर,
ऐनल फिसर रेक्टल
पालिप, पाइलोनिडल
साइनस, कोलाइटिस
गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना
गांठ का मल द्वार से बाहर
निकलना मल द्वार के आस
पास बार-बार फोड़ा बनना
एवं फूटना, बार-बार मल
त्याग करना, मल द्वार में दर्द
एवं खुजली होना
समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश

# होटल पर पुलिस ने की छापेमारी चार युवक और युवतियां पकड़े

## लोगों ने लगाए मिलीभगत के आरोप, पुलिस ने दिया होटल बंद कराने का आश्वासन

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** नगर में चल रहे एक होटल पर पुलिस ने मोहल्ले के लोगों की सूचना पर छापा मारा। छापे के दौरान पुलिस चार युवक और युवतियों को हिरासत में लेकर कोतवाली ले आई। इस दौरान मोहल्ले के लोगों ने होटल को पुलिस संरक्षण व सत्ता की हनक में चलने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। पुलिस ने हंगामे को देखते हुए चारों युवकों का मेडिकल कराया।

ठाकुरद्वारा-रतुपुरा मार्ग पर कई वर्षों से मंड़ी समिति के निकट एक होटल संचालित है। मोहल्ले के लोगों का कहना है कि जब से यह होटल संचालित हुआ तभी से पुलिस प्रशासन सहित अन्य स्थानीय अधिकारियों से होटल बंद कराने की मांग की जा चुकी है। क्योंकि मोहल्ले में परिवार के साथ लोग रहते और मोहल्ले में धार्मिक स्थल और स्कूल संचालित है। होटल की गंदगी सड़कों पर पड़ी रहती है, इससे उनके बच्चों पर फर्क पड़ रहा है। बच्चों को होटल के कारण स्कूल जाने में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। मोहल्ले के लोगों का आरोप है कि होटल संचालक कई बार मोहल्ले के लोगों से मारपीट पर उतारु हो चुका है। शनिवार को जब चार युवक और युवतियां होटल में पहुंची तो मोहल्ले के लोगों ने हंगामा करते हुए पुलिस को सूचना दी।


होटल के बाहर पुलिस से बहस करते मोहल्ले के लोग।

- पुलिस ने हिरासत में लिए युवकों का कराया मेडिकल

सूचना पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और कोतवाली पुलिस को सूचना दी। सूचना हल्का इंचार्ज कुलदीप कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मोहल्ले के लोगों को ही हड़काने लगे। इस पर मोहल्ले के लोगों ने पुलिस व होटल संचालक से हमसाज होने का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया, जिसमें चार युवक और युवतियां घंटों तक बंद रहीं। बाद में पुलिस ने मौके से कार्यवाहक संचालक को हिरासत में ले लिया।

हंगामे के देखते हुए कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जसपाल सिंह ग्वाल मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मौके से तीन बाइकें और दो होटल संचालक कार्यवाहक व चार युवक और चार युवतियों को हिरासत में लिया। जब युवक और युवतियों को पुलिस होटल से कोतवाली ले जा रही थी। तभी मोहल्ले के लोगों ने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। पुलिस मोहल्ले के लोगों का हंगामा देखते हुए होटल को बंद कराने का आश्वासन देकर चली गई। बाद में पुलिस ने हिरासत में लिये 4 युवकों का मेडिकल परीक्षण कराया।

# नाबालिग छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव में दलित नाबालिग छात्रा को गैर संप्रदाय के युवकों ने अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म किया। साथ ही धर्म परिवर्तन कराने की भी कोशिश की गई। मामले में छात्रा की मां की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जेल भेज दिया है।

बिलारी क्षेत्र के निकटवर्ती गांव की रहने वाली महिला ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसकी 15 वर्षीय बेटी संभल जिले के इंटर कॉलेज की छात्रा है। उसकी बेटी 4 जुलाई की सुबह 8 बजे घर से स्कूल पढ़ने के लिए गई थी। तब से घर वापस नहीं आई। आसपास रिश्तेदारियों में तलाश किया लेकिन कहीं कुछ पता नहीं लगा। बाद में छात्रा की मां ने जिला संभल के थाना बहजोई के गांव पूरा के रहने वाले शाकिर पुत्र शमसुद्दीन व बरौली रुस्तमपुर के मोहम्मद समीर पुत्र मोहम्मद हनीफ के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने शाकिर व मोहम्मद समीर को गिरफ्तार कर लिया और छात्रा को बरामद किया और उसका मेडिकल कराया। मेडिकल कराने पर सामूहिक दुष्कर्म की पुष्टि हुई, लिहाजा पुलिस ने पास्को एक्ट आदि की धाराएं भी लगाईं। वहीं आरोप है कि अपहरण के बाद छात्रा का धर्म परिवर्तन करने का भी प्रयास किया। जिसके बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया।


पुलिस की गिरफ्त में सामूहिक दुष्कर्म के दोनों आरोपी। ● अमृत विचार

- पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल,
- संभल जिले के बहजोई के रहने वाले हैं दोनों आरोपी

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**बिलारी, अमृत विचार :** मुहल्ला अब्दुल्ला बाड़ा निवासी 35 वर्षीय मोहम्मद नजर सुबह मजदूरी करने आटो से मुरादाबाद जा रहा था। हाथीपुर गांव में ईसापुर मोड़ के निकट कार ने सामने से टक्कर मार दी, इससे दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। जिसमें आटो चालक ताहिर पुत्र टिक्का निवासी वारसी नगर जामा मस्जिद मुरादाबाद, मोहम्मद नजर और कार चालक नदीम पुत्र यासीन आदि घायल हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान मोहम्मद नजर की मौत हो गई है। अपराह्न मोहम्मद नजर का शव पहुंचने पर मां सिद्दीकन बेगम, पत्नी चांदनी और पांच वर्ष की बेटी आलिया का बुरा हाल हो गया जिन्हें लोगों ने मुश्किल से संभाला।

# लोगों को परिवार नियोजन के लिए जागरूक करने सारथी वाहन रवाना

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग ने परिवार कल्याण नियोजन के तहत लोगों को जागरूक करने के लिए सारथी वाहन को चिकित्साधीक्षक ने झंडी दिखाकर रवाना किया।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा परिवार नियोजन पुरुष नसबंदी के लिए जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश स्थानीय स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिए हैं और जनसंख्या वृद्धि रोकने के लिए पुरुष नसबंदी बढ़ाने के लिए सारथी वाहन परिवार कल्याण द्वारा क्षेत्र के ग्रामीण और शहरी इलाकों में भेज कर प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए थे। इसके तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजीव सिंह, बीपीएम चंद्रशेखर यादव, अनिल सैनी ने सारथी वाहन को झंडी दिखाकर रवाना किया। चिकित्साधीक्षक डॉ. राजीव सिंह ने कहा कि पुरुष नसबंदी के साथ अन्य साधनों का प्रचार-प्रसार 11 जुलाई से 15 दिनों तक लगातार करने के लिए सारथी वाहन पूरे क्षेत्र में घूम कर लोगों को जागरूक करेगा। इसके साथ ही क्षेत्र के ग्राम महमूदपुर माफी, पेली बिश्नोई, नवादड़ी, नई बस्ती, सलेमपुर, गढ़ी बेगमपुर, मिश्रीपुर, हीरापुर, मौढी हजरतपुर, खूंट खेड़ा, मिलक, गांवड़ी आदि ग्रामों में परिवार नियोजन की जागरूकता के लिए आशा, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, संगिनी सभी की ड्यूटी लगाई गई है और लक्ष्य के अनुरूप नसबंदी हो सके इसकी जागरूकता के निर्देश जारी किए हैं।



प्रचार वाहन रवाना करते चिकित्साधीक्षक। ● अमृत विचार

# शिकायत के निस्तारण में लापरवाही न हो

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** थाना कांठ में समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें चार फरियादी अपनी शिकायत लेकर पहुंचे। एक शिकायत का मौके पर निस्तारण किया गया। अन्य शिकायतों का निस्तारण करने के लिए टीम रवाना की गई।

थाना समाधान दिवस में उपस्थित सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को संबोधित करते हुए एसडीएम कांठ संत दास पवार ने कहा कि समाधान दिवस में आने वाली सभी शिकायतों को गंभीरता से लेकर उनकी निष्पक्ष रूप से जांच करने के बाद उनका निस्तारण करें। इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर भूमि संबंधी विवाद हैं तो राजस्व विभाग पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जाकर पैमाइश समस्या का निस्तारण करे। जो मामले न्यायालय में विचाराधीन हैं उसमें न्यायालय के आदेश का अनुपालन होना चाहिए। एसडीएम ने कहा कि थाना समाधान दिवस में शिकायत का निस्तारण में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर थाना प्रभारी निरीक्षक कांठ सुदेश पाल सिंह ने कहा कि समाधान दिवस में जो शिकायत आती है इसकी निष्पक्ष रूप से जांच की जाए। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों, लेखपालों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का समय रहते निस्तारण किया जाए। इस अवसर पर नायब तहसीलदार योगेश कुमार शर्मा, वरिष्ठ उप निरीक्षक सुभाष धनकर, उप निरीक्षक कमलदीप सहित लेखपाल राजस्व निरीक्षक पुलिसकर्मी मौजूद रहे।



थाने में फरियादियों की समस्याएं सुनते अधिकारी। ● अमृत विचार

- राजस्व मामलों को मौके पर जाकर निस्तारित करने के निर्देश

## 6 शिकायतें दर्ज, महज एक का निस्तारण

**भोजपुर, अमृत विचार :** शनिवार को थाना दिवस में जमीन एवं चकमार्ग पर कब्जा करने से संबंधित छह ग्रामीणों ने शिकायतें दर्ज कराईं।

उप निरीक्षक अनिल कुमार गोस्वामी को गांव गणेशपुर देवी निवासी महमूद ने पड़ोसी गांव मंढेया निवासी महावीर व चंद्र पाल पर पिलर को हटा खनन वालों को बेचने, थाना छजलैट के गांव बीबीपुर निवासी छोटे ने गांव सिरसवां दोराहा में स्थित आधा बीघा जमीन पर मुस्तफा आदि पर कब्जा करने, पीपलसाना निवासी शहनाज ने नौशे पर तीन बीघा जमीन जोतने, गांव सिढ़ावली निवासी श्याम सिंह ने अखलाक पर चकमार्ग पर कब्जा करने, ठीकरी निवासी अकील अहमद ने अब्दुल हसन पर चकरोड पर कब्जा करने एवं सेहल निवासी रतन किशोर ने विजय पाल पर चकमार्ग पर कब्जा करने में तहरीर देकर कब्जा हटाने की गुहार लगाई । पुलिस ने एक शिकायत का निस्तारण किया।

## मारपीट में 7 लोगों पर केस दर्ज

कुंदरकी, अमृत विचार : ग्राम काजीपुरा निवासी विक्की ने बताया कि शुक्रवार शाम गांव के बासु ने उसके 10 वर्षीय बेटे आदित्य के सिर में कड़ा मार कर उसको जख्मी कर दिया था। जब वह बेटे का उपचार करा कर लौटा तो देखा कि उसकी पत्नी को वासु, निखिल, लक्की सौरभ, दिनेश शीला और सविता पीट रहे हैं। जब उसने पत्नी को बचाने का प्रयास किया तो निखिल ने सरिये से उसका सिर फोड़ दिया। उसकी पत्नी जान बचाने के लिए घर में भागी तो आरोपियों ने घर में घुसकर उसकी पत्नी के साथ मारपीट की। फिलहाल पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## ऊमरी कलां में दो खराब ट्रांसफार्मर बदलवाए

कांठ, अमृत विचार : नगर पंचायत ऊमरी कलां में दो ट्रांसफार्मर खराब हो गए थे। 160 केवीए का नगर पंचायत ऊमरी कलां कार्यालय के पास और दूसरा 250 केवीए का ट्रांसफार्मर मोहल्ला विददशाह का खराब हो गए थे। दोनों ट्रांसफार्मर खराब होने से ग्रामीण परेशान थे। नगर वासियों की समस्या को देखते हुए ऊमरी कलां के नगर पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद उस्मान अली ने विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता से बात की और पुराने ट्रांसफार्मर विद्युत विभाग को सौंप कर दोनों नए ट्रांसफार्मर नगर ऊमरी कलां में लगवाए। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष ऊमरी कलां मोहम्मद उस्मान अली ने कहा कि बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता ने नगर वासियों की समस्याओं को देखते हुए शीघ्रता के साथ कार्य कराया।



# कॉलेज प्रवक्ता के घर पर किया हमला, दो घायल

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के जलालपुर गांव में सोमवार देर रात कुछ लोगों ने कॉलेज प्रवक्ता के घर पर हमला कर दिया। बारिश के बीच रात 12 बजे हुए हमले में कॉलेज प्रवक्ता इंतखाब आलम और उनके चचेरे भाई सैफ अली घायल हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, गैंगस्टर एक्ट में वांछित माहिर हुसैन ने अपने भाई ताहिर हुसैन मोहम्मद व भतीजों गुलाम रब्बानी और गुलाम अशरफ के साथ मिलकर हमला किया है। सभी हथियारों से लैस थे, जिनमें तमंचा, सरिया, लाठी-डंडे और धारदार हथियार शामिल थे। परिजनों ने दोनों घायलों को खून से लथपथ हालत में अस्पताल पहुंचाया, । पुलिस के अनुसार हमले की वजह पुरानी जमीनी रंजिश है, जिससे संबंधित मामला न्यायालय में विचाराधीन है। पीड़ित परिवार ने कुंदरकी थाने में आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि मुख्य आरोपी माहिर हुसैन पर पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

## युवती को ले जाने में महिला सहित 4 पर रिपोर्ट

**कुंदरकी, अमृत विचार :** शनिवार को थाना क्षेत्र के गांव से गांव के युवक द्वारा युवती को बहला फुसला कर कहीं ले जाने का मामला थाने पहुंचा। पीड़ित पिता का कहना है कि शनिवार सुबह उसकी पुत्री को गांव का सत्यपाल उर्फ टिंकू अपने ले गया। उसके इस काम में विद्या और उसका पति राजू भी शामिल हैं। यह दोनों पति-पत्नी उसकी पुत्री की आरोपी युवक से फोन पर बात कराते थे। पीड़ित पिता का कहना है कि सत्यपाल के पिता रामपाल सिंह की तो उसने मारपीट की। पीड़ित पिता की शिकायत पर पुलिस ने सभी आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

## सार संक्षेप



### शिव महापुराण से पहले निकाली कलश यात्रा

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** तहसील परिसर स्थित शिव हनुमान मंदिर में शिव महापुराण कथा प्रारंभ होने से पहले कलश यात्रा निकाली गई। शनिवार को हरिद्वार से आए कथा वाचक नरेंद्र आनंद सरस्वती महाराज के नेतृत्व में बड़ा बाजार स्थित खाकेश्वर मंदिर में विधि विधान के साथ पूजा अर्चना के बाद कलश यात्रा का आरंभ किया गया। महिला पीले वस्त्र पहने सिर पर जल का कलश रख नंगे पंग शिव महिमा का गुणगान करती चल रही थीं। शोभायात्रा निकालने के दौरान श्रद्धालुओं ने स्वागत किया। कार्यक्रम में अशोक गहलोत, प्रदीप विश्नोई, पंडित अनुज शर्मा, संजीव अग्रवाल, हीरालाल अग्रवाल, हरकेश सिंह, पूरन सिंह यादव, संजीव सिंघल, अनुराग सिंघल, शिवेन्द्र गुप्ता, नवीन यादव, उषा गहलोत, कुसुम देवी, लता देवी, मृदुला देवी, भगवती, उमा विश्नोई, दिक्षा चौहान रहे।

### छात्रा से दुष्कर्म के आरोपियों को भेजा जेल

**बिलारी, अमृत विचार :** नगर में कोचिंग को जा रही नाबालिग छात्रा को बहला फुसलाकर ले जाकर दुष्कर्म करने के आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। नगर के मोहल्ला निवासी व्यक्ति ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि उसकी नाबालिग बेटी कोचिंग जा रही थी तभी दो युवक उसकी बेटी को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गए। आरोप लगाया कि इसके बाद उसकी बेटी के साथ उन्होंने दुष्कर्म किया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने दोनों आरोपी मौ अली खान पुत्र कायम अली, छोटू अली पुत्र ताहव्वर खान निवासी ग्राम नगला पूर्वा थाना कुढ़फतेहगढ़ जनपद संभल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



### नहर में पानी न आने से धान की बोआई में देरी

**छजलैट, अमृत विचार :** क्षेत्र में जहां नहर के पानी से सिंचाई होती है वहां पर धान की फसल लगने में विलंब हो रहा है जिस कारण से किसान चिंतित हैं। किसानों ने नहर में पानी छोड़ने की मांग की है। लगभग तीन सप्ताह से नहर में पानी न आने के कारण किसान चिंतित है। वर्षा तो हो रही है लेकिन खेतों में पानी नहीं भरा है जिस कारण से ऊंचाई के खेत जहां पर नहर से सिंचाई की जाती है, वहां पर किसानों के धान की फसल नहीं लगने में विलंब हो रहा है। क्षेत्र के किसानों ने शीघ्र ही विभागीय अधिकारियों से नहर में पानी छोड़ने की मांग की है। ग्राम मुख्तियारपुर नवादा के मुनिराज सिंह ने बताया कि नहर में पानी नहीं आने से खेतों में पर्याप्त पानी नहीं हो पा रहा है और वर्षा कम होने से धान की फसल नहीं लग पा रही है। यदि नहर में पानी आता तो धान की फसल समय से लग सकती है। क्षेत्र के किसानों ने शीघ्र ही नहर में पानी छोड़े जाने की मांग की है। मांग करने वालों में क्षेत्र निवासी धर्मवीर सिंह, सचिन, रोहित, राकेश, बॉबी, रंजीत, रामकुमार, रामलाल, छोटे सिंह आदि शामिल हैं।

### गोशाला को दिया 15 क्विंटल हरा चारा

**कांठ, अमृत विचार :** गो सेवा गतिविधि के जिला संयोजक विकास शर्मा के नेतृत्व में कान्हा गोशाला ऊमरी कलां में टीम ने जाकर गो सेवा की। अमित कुमार चौहान विभाग संयोजक ने गोशाला को 15 क्विंटल हरा चारा उपलब्ध कराया और बीमार गोवंशो का उपचार कराया गया। प्रशासन से मांग की गई है कि गोशाला के गोबर गैस प्लांट को ठीक कराकर चलाया जाए। गोशाला में गोबर से लट्ठे बनाने की मशीन लगाई जाए ताकि गोशाला को आत्मनिर्भर बनाया जा सके। इस मौके पर अमित चौहान, विशाल बिश्नोई, डॉ. कमल आर्य, नैपाल सिंह रहे।

### 4 स्कूलों को बीएसए ने दूसरे स्कूलों से जोड़ा

**भोजपुर, अमृत विचार :** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने 16 जून के शासनादेश व महानिदेशक स्कूल शिक्षा के 20 जून के पत्र के क्रम में भगतपुर टांडा के 4 स्कूलों को निकटवर्ती स्कूलों में जोड़ने के आदेश जारी किए हैं। बीएसए विमलेश कुमार ने खंड शिक्षा अधिकारी भगतपुर टांडा मनोज कुमार बोस की आख्यानुसार गांव धर्मपुर में स्थित जूनियर हाईस्कूल को पीएस धर्मपुर से, कालाझांडा में स्थित पीएस को जेएच एस पदियानंगला से, गांव सकटपुरा में स्थित पीएस को जेएचएस सकटपुरा से एवं गांव मानपुर में स्थित जेएचएस मानपुर को कन्या क्रमोत्तर जेएचएस मानपुर से जोड़ने के आदेश जारी किए हैं। निकटवर्ती स्कूलों में जोड़े गए चारों स्कूलों में पंजीकृत छात्र-छात्राओं की संख्या 50से भी कम है।

### मारपीट में पुलिस ने आरोपी को भेजा जेल

**बिलारी,अमृत विचार :** रुस्तमनगर सहसपुर में ई रिक्शा चालक को भजन बजाने पर दूसरे समुदाय के 20 से 25 लोगों ने जाति सूचक शब्दों के साथ उसके साथ मारपीट की। इसके बाद मामला हिंदू संगठनों में पहुंचा और पुलिस से शिकायत हुई। जिसके बाद पुलिस हरकत में आई और आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की गई। शनिवार को बिलारी पुलिस ने घटना में शामिल आरोपी सोनू उर्फ मोहम्मद आसिफ पुत्र रहीस निवासी ग्राम रूस्तमनगर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# सावन के पहले सोमवार पर उमड़ेगा आस्था का सैलाब

## दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर कांवड़ियों की बढ़ती संख्या के मद्देनजर बड़े वाहनों का किया गया डायवर्जन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** सावन माह का पहला सोमवार कल है। शिव मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़ेंगे। इसको लेकर पुलिस-प्रशासन की तैयारियों ने और तेजी पकड़ ली है। यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए जगह-जगह बैरिकेडिंग कर दी गई है। प्रमुख चौराहों और स्थलों पर पुलिस कर्मियों की तैनाती कर दी है। दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर कांवड़ियों की बढ़ती संख्या के शनिवार दोपहर से ही रोडवेज बसों को छोड़कर बड़े वाहनों के लिए रूट डायवर्जन कर दिया गया है।

सावन में इस बार चार सोमवार पड़ रहे हैं। भारी संख्या में जल लाने के लिए कांवड़ियों के जत्थे जाते हैं। इसके बाद भक्त वाहनों से या फिर पैदल जल लाकर प्राचीन शिव मंदिरों में चढ़ाते हैं। शनिवार से कांवड़िए जल लेने के लिए रवाना हो गए थे। इसके बाद बड़ी संख्या में कांवड़िये जल लेकर अब लौटने भी लगे हैं। कांवड़ियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए उच्चाधिकारियों के निर्देशपर भारी वाहनों का रूट डायवर्ट कर दिया। पुलिस महकमा भी अलर्ट हो गया है। बरेली से दिल्ली जाने वाले भारी वाहन बरेली-मिलक-रामपुर-मुरादाबाद, दिल्ली जाने वाले वाहनों को रामपुर बाईपास स्थित अजीतपुर बाईपास पुल से डायवर्ट कर रामपुर शाहबाद मार्ग पर भेजा जाएगा। भारी वाहन रामपुर शाहबाद-सैफनी-बिलारी, चंदौसी बबराला अनुपशहर होते हुए दिल्ली जाएंगे। रुद्रपुर-बिलासपुर से दिल्ली की ओर जाने वाले भारी वाहन रूद्रपुर से वाया रामपुर होते हुए दिल्ली की ओर जाने वाले भारी वाहनों को कोयली बैरियर से बाईपास जीरो प्वाइंट शहजादनगर के लिए डायवर्ट किया जाएगा। रामपुर बाईपास, अजीतपुर बाईपास पुल से डायवर्ट कर रामपुर शाहबाद मार्ग पर भेजा जाएगा।

भारी वाहन रामपुर-शाहबाद सैफनी बिलारी, चंदौसी-बबराला बुलंदशहर होते हुए दिल्ली जाएंगे। बाजपुर, कशीपुर की ओर से मुरादाबाद और दिल्ली जाने वाले भारी वाहन बाजपुर व काशीपुर की ओर से मुरादाबाद होकर दिल्ली जाने वाले वाहनों को बाजपुर-टांडा मार्ग स्थित मुंशीगंज तिराहे से डायवर्ट किया जाएगा। यह वाहन स्वार होते हुए खौद चौराहा से जौहर पुलिया-बाईपास जीरो प्वाइंट शहजादनगर से अजीतपुर बाईपास पुल से डायवर्ट कर शाहबाद मार्ग पर भेजे जाएंगे। वाहन शाहबाद-ढकिया-बिसौली-बबराला अनुपशहर व शाहबाद-सैफनी- बिलारी, चंदौसी होते हुए दिल्ली जाएंगे।



रूट डायवर्जन के दौरान मौजूद पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार



मंदिर में बैरिकेडिंग करते मजदूर। ● अमृत विचार

### भमरौआ मंदिर में की गई व्यवस्था

सोमवार को भारी संख्या में भक्त मंदिर में जलाभिषेक करेंगे। इसको लेकर भमरौआ मंदिर में श्रद्धालुओं को कतार में खड़े करने के लिए बैरिकेडिंग की गई है। इसके साथ ही पनवड़िया से मुड़ते ही सड़क के दोनों ओर कर्मचारियों को लगाकर सड़क पर सफाई अभियान चलाया जा रहा है।

### ड्रोन से हर गतिविधि पर रहेगी नजर

कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए प्राचीन मंदिर भमरौआ,पंजाब नगर और राठौड़ा मंदिर में पुलिस बल तैनात रहेगा। महिला और पुरुष सिपाही सिविल ड्रेस में मंदिर में तैनात रहेंगे। खुफिया पुलिस भी सक्रिय हो गई है। अधिकारी भी पल-पल की अपडेट लेते रहेंगे। हर गतिविधि पर नजर रखने के लिए ड्रोन से निगरानी होगी।



भमरौआ रोड पर सफाई करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

> रोडवेज बसों के अलावा अन्य भारी वाहनों का रूट डायवर्जन कर दिया गया है। पहले सोमवार को देखते हुए कांवड़ियों की संख्या अधिक हो सकती है। ड्रोन से सभी शिव मंदिरों की निगरानी कराई जाएगी।
> **-अतुल कुमार श्रीवास्तव**, एएसपी रामपुर।

### कोसी पुल से मिलक तक पुलिस तैनात

कोसी पुल से लेकर मिलक तक एसपी के आदेश पर पुलिस कर्मियों को तैनात कर दिया गया है। इसके अलावा हर जगह बैरियर भी लगा दिए गए हैं, ताकि भारी वाहन शहर के अंदर नहीं जा सके। 12 -12 घंटे की पुलिस की ड्यूटी भी लगा दी गई है। ट्रैफिक प्रभारी नवनीत कुमार पुलिस कर्मियों के साथ निरीक्षण कर व्यवस्था को परख रहे हैं। वहीं, हादसों को रोकने के लिए कई कट भी बंद कर दिए गए है।

## 16 जुलाई को डायट में होगी एआरपी की लिखित परीक्षा

**रामपुर, अमृत विचार :** एकेडमिक रिसोर्स पर्सन (एआरपी) बनने के लिए लिखित परीक्षा 16 जुलाई को होगी। इसमें 37 शिक्षक लिखित परीक्षा में हिस्सा लेंगे। यह परीक्षा जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में सुबह 11 बजे से एक बजे तक संपन्न होगी। परीक्षा की तिथि घोषित होने के बाद शिक्षक अपनी जुगत में लग गए हैं।

सभी ब्लॉकों में बच्चों को निपुण बनाने के लिए हर विषय का एक एआरपी होता है। सभी ब्लॉकों में 35 एआरपी रखे जाने हैं। इसको लेकर दो माह पहले भी बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से एआरपी के फॉर्म निकाले गए थे। जिसमें काफी शिक्षकों ने फार्म भरकर परीक्षा दी थी, लेकिन 14 शिक्षक ही एआरपी बने थे।

21 पद एआरपी के खाली रह जाने की वजह से बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी के आदेश पर दोबारा से फॉर्म निकाले गए थे। फॉर्म की प्रक्रिया पूरी हो जाने के बाद अब लिखित परीक्षा की तिथि घोषित कर दी गई है। 16 जुलाई को परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि उसका रिजल्ट घोषित होने के बाद आगे की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

## एक नजर

### सोशल मीडिया के इस्तेमाल में बरतें सावधानी

**रामपुर, अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने शनिवार को रेनबो एकेडमी पब्लिक स्कूल में डिजिटल अरेस्ट व साइबर ठगी से बचाव, रोकथाम के लिए साइबर जागरुकता अभियान चलाया। इसमें छात्र-छात्राओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों, साइबर अपराध के संबंध में विस्तार से जानकारी देकर जागरुक किया गया। बताया गया कि सोशल मीडिया के किसी भी सूचना को बिना जाने, समझे शेयर न करें। कहा कि किसी भी प्रकार का साइबर अपराध होने पर तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें। इस दौरान स्कूल का स्टाफ मौजूद रहा।

### खेत से किसान का पंपिंग सेट चोरी

**रामपुर, अमृत विचार :** अजीमनगर थाना क्षेत्र के खौद गांव निवासी हाजी फाजिल अली ने पुलिस को तहरीर दी कि खेत की सिंचाई के लिए पंपिंग सेंट लगा हुआ था। गुरुवार की रात चोर उसे चोरी कर गए। उसकीकीमत लगभग 20 हजार रुपये है। सूचना पर खौद चौकी प्रभारी संदीप कुमार ने मौके पर पहुंचकर जांच की है।

### पीडीए पंचायत में शामिल हुए सांसद

**शाहबाद, अमृत विचार :** शनिवार को शाहबाद के किरा गांव में सांसद मोहिब्बुल्लाह नदवी की अध्यक्षता में पीडीए पंचायत हुई। सांसद ने पंचायत में कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर गांव-गांव, नगर-नगर पीडीए की पंचायत हो रहीं हैं। पंचायत का संचालन बाबा साहब आंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव राम बहादुर सागर किया। राम बहादुर सागर, नरेश यादव, इकराम हुसैन, मोज्जम खां, महबूब अली पाशा आदि मौजूद रहे।

### कार सवारों ने डंपर चालक को पीटा

**शाहबाद, अमृत विचार :** सड़क पर चल रही कार डंपर में घुस गई। हादसे में कार क्षतिग्रस्त हो गई। इससे नाराज कार सवारों ने डंपर को रोककर चालक को पीटना शुरू कर दिया। घटना शनिवार को शाहबाद-बिलारी स्टेट हाइवे पर शहीद भगत सिंह के पास हुई। यूपी 112 की पुलिस मौके पर पहुंची। कार सवार लोगों और डंपर चालक को थाने लेकर गई।

### बूथ मजबूत करें कार्यकर्ता: वेद प्रकाश

**शाहबाद, अमृत विचार :** भुड़ासी गांव में शनिवार को को बैठक की अध्यक्षता भाजपा नेता वेदप्रकाश सागर ने की। उन्होंने चकरपुर भूड़ का डेनिश खां को अध्यक्ष मनोनीत किया। वेदप्रकाश ने कहा कि सभी कार्यकर्ता अपने-अपने बूथ को मजबूत करने में अभी से जुट जाएं। साथ ही सभी कार्यकर्ता घर-घर जाकर भाजपा की उपलब्धियां गिनाएं। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा राशिद अल्वी ने भी अपने विचार रखे। इस दौरान मीडिया प्रभारी डॉ. पंकज जाटव, मोहनलाल लोधी व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बारिश से मौसम हुआ सुहाना, छाए रहे बादल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शनिवार को सुबह से आसमान में बादल मंडराते रहे और अपराह्न में हल्की बारिश हुई, जिससे मौसम सुहाना हुआ। हालांकि, बारिश से आर्द्रता 60 प्रतिशत हो गई। इसकी वजह से उमस भी बढ़ गई। मौसम वैज्ञानिकों की माने तो 17 जुलाई तक तेज हवा के साथ मध्यम वर्षा के आसार हैं।

अपराह्न में हल्की बारिश होने से उमस बढ़ गई और लोग पसीना-पसीना होते रहे। घरों और दफ्तरों में लगे कूलर और पंखे से भी लोगों को राहत नहीं मिल पा रही है। अपराह्न में हल्की बारिश से कुछ देर के लिए मौसम खुशगवार हुआ। लोगों ने बारिश का लुत्फ लिया। शाम तक आसमान में बादल उमड़ते-घुमड़ते रहे। कृषि विश्वविद्यालय मेरठ के डॉ. उदय प्रताप शाही के अनुसार, 17 जुलाई तक तेज हवा व गरज के साथ मध्यम वर्षा के आसार हैं। किसान गन्ना, उड़द, मूंग सब्जियों आदि में सिंचाई व रसायन का छिड़काव नहीं करें। अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। आर्द्रता 60 प्रतिशत रही और आठ किमी. प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलीं।



● **मौसम वैज्ञानिकों ने 17 जुलाई तक जताया मध्यम बारिश होने का अनुमान**

## बदलती जीवन शैली व असंतुलित आहार से बढ़ रही हैं बीमारियां

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिला पंचायत मार्ग पर स्थित भारत स्वाभिमान के जिला कार्यालय पर शनिवार को बैठक हुई। संगठन प्रांतीय प्रभारी अनिल सिक्का ने कहा कि बदलती जीवन शैली और असंतुलित आहार विहार के कारण लोग बीमार हो रहे हैं। उसका उपचार आयुर्वेद के द्वारा सरलता से संभव हुआ है।

कहा कि स्वदेशी की दिशा में देश आत्मनिर्भर हो रहा है। संगठन मंत्री कुलदीप ऐरन ने कहा कि पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के मध्य आपसी संपर्क और संवाद आवश्यक है। जिला प्रभारी मुनीश चंद्र शर्मा ने कहा कि भारतीय संस्कृति के अनुकूल शिक्षा प्रदान के लिए पतंजलि योगपीठ के निर्देश पर भारतीय शिक्षा बोर्ड का गठन किया गया है, जो भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय शिक्षा बोर्ड है। इसका उद्देश्य आधुनिक शिक्षा को शामिल करते हुए भारतीय ज्ञान और पारंपरिक शिक्षा को बढ़ावा देना है। पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी रवि मेहरा ने कहा कि कार्यकर्ताओं से संपर्क कर शीघ्र ही योग कक्षाओं का विस्तार होगा। पतंजलि किसान सेवा समिति के जिला प्रभारी ओमप्रकाश आर्य ने कहा कि संगठन के अधिकारियों के निर्देश में योग, आयुर्वेद और स्वदेशी के प्रचार के लिए जन सहयोग की जरूरत है। इसके लिए कार्यक्रम किए जाएंगे। इस दौरान संरक्षक सतीश सक्सेना, अभिलाष मिश्रा, रविंद्र कपूर, विकास शर्मा, ओंकार सिंह, दिनेश कुमार, पूनम गुप्ता, विशाखा आदि ने विचार व्यक्त किए।




शनिवार को जिला कार्यालय पर हुई बैठक में मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

● **जिला कार्यालय पर हुई बैठक में बोले भारत स्वाभिमान के प्रांतीय प्रभारी**

## सार-संक्षेप

### चित्रगुप्त कर्मों के आधार पर रखते थे लेखा-जोखा: सच्चिदानंद



**रामपुर, अमृत विचार :** श्री चित्रगुप्त पीठ व श्री चित्रगुप्त अखाड़ा वृंदावन के पीठाधीश्वर व जगतगुरु चित्रगुप्ताचार्य डॉ. स्वामी सच्चिदानंद चित्रगुप्त ने शनिवार को चंपा कुंवरि धर्मशाला में चित्रगुप्त की कथा का प्रारंभ किया। कथा शुरू करने से पहले उन्होंने पित्र दोष निवारण के लिए त्रिवेणी पूजन कराया। कथा के प्रथम दिवस में बताया कि किस प्रकार से श्री चित्रगुप्त प्रकट हुए। भगवान चित्रगुप्त के विषय में ब्रह्मा जी की घोर तपस्या से चित्रगुप्त भगवान के प्रकट होने का वर्णन किया। बताया कि चित्रगुप्त समस्त प्राणियों का कर्मों के आधार पर सभी का लेखा जोखा रखते हैं। उन्हीं कर्मों के अनुसार दंड व पुण्य का भागीदार बनाते हैं। श्री चित्रगुप्त सभी प्राणियों के चित्त में गुप्त स्वरूप में विराजमान रहते हैं। माता नंदनी और माता इरावती भगवान चित्रगुप्त की धर्मपत्नी हैं। कथा में आए हुए भक्तों का स्वागत चंदन का तिलक लगाकर किया गया। इस दौरान बरेली स्थित चित्रगुप्त धाम से पधारे डॉ. शिवकुमार सक्सेना मंचासीन रहे। आरती के बाद प्रसाद का वितरण किया। इस दौरान संजीव दयाल सक्सेना, अनुज सक्सेना, राजेश श्रीवास्तव, अंजुम सक्सेना, अंकुश सक्सेना, प्रिंस श्रीवास्तव, आदर्श सक्सेना, नरेंद्र सक्सेना, विशाल सक्सेना, चितरंजन श्रीवास्तव, हर्षित सक्सेना, मन्नू, मयंक सक्सेना मौजूद रहे।

### औद्योगिक विकास मंत्री का वैश्य समाज ने मनाया जन्मदिन



**रामपुर, अमृत विचार :** वैश्य समाज की प्रदेश उपाध्यक्ष प्रीति गुप्ता की अगुवाई में शनिवार को औद्योगिक विकास मंत्री नंदगोपाल नन्दी का जन्मदिन मनाया गया। सबसे पहले मंत्री की दीर्घायु की कामना के लिए शिव मंदिर में पूजा अर्चना की। उसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया। महिला संगठन ने अपने-अपने घर में बर्फ का शिवलिंग बनाकर नंदी के लिए पूजा की। इस मौके पर सीमा अग्रवाल, ऋचा अग्रवाल, मनोज गर्ग ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरुआत की। जिलाध्यक्ष अनुश्री अग्रवाल, नवनीत गुप्ता, आरके अग्रवाल, सीए संघ अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में अतिथियों को एक पेड़ मां के नाम दिए। अर्चना अग्रवाल, राशि अग्रवाल, नीतू गुप्ता, पूजा अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, अर्चना अग्रवाल, मेघा अग्रवाल, नेहा गर्ग, संगीता अग्रवाल, वर्षा, रानी गुप्ता, ममता गर्ग, नीतू गुप्ता, प्राची गुप्ता, प्रभा अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, शीखा गुप्ता, ममता गुप्ता, मनोज गुप्ता, अभय गुप्ता, श्रीष गुप्ता, विपिन गुप्ता, मनोज गर्ग, रमा अग्रवाल, ललित, अर्चना, मधु, बीना भगत, तेजिंदर, सुखजिंदर कौर मौजूद रहे।

### ओलंपिक मैराथन में गोल्ड दिलाने का है सपना: उजाला



**रामपुर, अमृत विचार :** शहीद ए आजम स्पोर्ट्स स्टेडियम में शुक्रवार शाम एथलेटिक्स एसोसिएशन पदाधिकारियों ने अमेरिका वर्ल्ड पुलिस गेम्स में स्वर्ण पदक जीतकर लौटी उजाला को सम्मानित किया। उजाला ने कहा कि उन्होंने गरीबी को करीब से देखा है। अपने घर से रोजाना सुबह और शाम 13 किमी दूर स्टेडियम पहुंचती थीं। उनका सपना ओलंपिक में मैराथन को गोल्ड मेडल दिलाने का है। उन्होंने कहा कि वह मैराथन में अपने देश का नाम रोशन करेंगी। वहीं शहद कारोबारी मुकेश पाठक ने खिलाड़ियों को निशुल्क शहद पहुंचाने का निर्णय लिया। वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी आरिफ खान ने हर एथलीट के लिए दुआओं के साथ-साथ आर्थिक मदद करने का भी ऐलान किया। उजाला को 51 सौ रुपये का चेक सौंपा। उपक्रीड़ा अधिकारी संतोष कुमार व डॉ. मुजाहिद अली ने उजाला व प्रशिक्षक रणदीप सिंह को प्रतीक चिह्न दिया और पगड़ी पहनाकर शाल ओढ़ाई। एथलेटिक्स एसोसिएशन के जिला सचिव फरहत अली खान ने आभार जताया। इस मौके पर अय्यूब खान, सौलत अली खान, फहीम कुरैशी, यासीन खान, मुस्कान, कशिश, रोशनी, मशीयत फातिमा, माही, आंचल, खेमपाल आदि मौजूद रहे।

### पर्यावरण जागरुकता के लिए निकाली रैली

**बिलासपुर, अमृत विचार :** भारत विकास परिषद की ओर से नगर में पर्यावरण जागरूकता को रैली निकाली गई, इसमें विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। रैली का लोगों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। शनिवार को शाखा सदस्य व छात्र-छात्राएं मोहल्ला साहूकारा स्थित रामलीला मैदान में आए। इसके बाद नगर में पर्यावरण जागरूकता को रैली निकाली गई। इससे पहले कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पालिकाध्यक्ष चित्रक मित्तल, शाखा के क्षेत्रीय संयोजक पर्यावरण जगन्नाथ चावला, क्षेत्रीय महिला सहभागिता कविता खुराना एवं निवेदिता मित्तल ने भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया। पालिकाध्यक्ष ने दैनिक उपयोग में प्रयुक्त होने वाली पॉलीथिन का उपयोग न करने पर जोर दिया। रैली में गायत्री गर्ल्स इंटरनेशनल स्कूल, डीएवी कन्या इंटर कॉलेज, ब्रह्मदत्त सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल के छात्र-छात्राएं शामिल रहे। इस दौरान संदेश जैन, ओपी आर्य, सुनील कुमार जैन, सपन अग्रवाल, सुनील गुप्ता, राजीव गोयल, अतिन अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, संचित अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, सुदर्शन मदान, पंकज अग्रवाल, नमित अग्रवाल, अमित गुप्ता, विजय खुराना, दीपक गुप्ता, अनिल मदान, हिमांशु जैन, मयंक अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## डायलिसिस की 10वीं मशीन हुई चालू

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्साधीक्षक डॉ. डीके वर्मा ने बताया कि डायलिसिस की 10 वीं मशीन चालू हो गई हैं। चार शिफ्टों में लोगों का डायलिसिस किया जा रहा है। कहा कि टेक्निशियन लगे हुए हैं। शीघ्र ही चिकित्सक की भी नियुक्ति हो जाएगी।

जिला अस्पताल में किडनी के मरीजों की संख्या बढ़ने पर डायलिसिस यूनिट में एक और मशीन चालू करा दी गई हैं। डायलिसिस यूनिट में दस बेड और दस डायलिसिस मशीनें लगी हैं। मरीजों की बढ़ती संख्या को लेकर 10वीं मशीन को चालू कराई गई है। कुछ दिन पहले तक प्रतिदिन 70-80 से किडनी के मरीज पहुंचते थे, लेकिन अब इनकी संख्या 100 से पार हो गई है। ऐसे में डायलिसिस यूनिट में बेड कम पड़ गए हैं। पहले तीन शिफ्ट में डायलिसिस होती थी, मगर अब चार शिफ्ट में डायलिसिस की जा रही है। इसके बाद भी मरीजों को अगले दिन का इंतजार करना पड़ रहा है। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि दो बेड और दो और नई डायलिसिस मशीनों का संचालन शीघ्र शुरू करा दिया जाएगा, इससे मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े।



कर्मचारियों को निर्देश देते मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. डीके वर्मा। ● अमृत विचार

● **अब चार शिफ्ट में मरीजों की हो रही है डायलिसिस**

## 19 को होगी 10वीं और 12वीं की इंप्रूवमेंट परीक्षा

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल ने बताया कि हाईस्कूल, इंटरमीडिएट इम्प्रूवमेंट, कम्पार्टमेंट परीक्षा 19 जुलाई को दो पालियों में परीक्षा केंद्र राजकीय रजा इंटर कालेज में होगी।

19 जुलाई को हाईस्कूल इम्प्रूवमेंट कम्पार्टमेंट परीक्षा पहली पाली में सुबह 8:30 से 11:45 बजे तक होगी। जबकि इंटरमीडिएट की परीक्षा दूसरी पाली में अपराह्न 2 बजे से 5:15 बजे तक होगी। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की इम्प्रूवमेंट एवं कम्पार्टमेंट परीक्षा में परीक्षार्थियों को मोबाइल, स्मार्ट वॉच व किसी भी तरह का इलेक्ट्रॉनिक उपकरण लाना प्रतिबंधित है। बताया कि निर्धारित समय से 45 मिनट पूर्व ही परीक्षा केंद्र पर पहुंच जाएं।

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए शुरू हुई कवायद

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** त्रिस्तरीय चुनाव के लिए कवायद शुरू हो गई है। 18 जुलाई से 13 अगस्त तक बीएलओ व पर्यवेक्षकों को उनके कार्य क्षेत्र का आवंटित होगा। प्रशिक्षण देकर स्टेशनरी वितरित की जाएगी। जिला पंचायत राज अधिकारी नत्थूलाल ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयुक्त राज प्रताप सिंह ने अधिसूचना जारी कर दी है।

14 अगस्त से 29 सितंबर तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना और सर्वेक्षण कर 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके लोगों के नाम मतदाता सूची में शामिल किए जाएंगे। 14 अगस्त से 22 सितंबर तक ऑनलाइन आवेदन करने की अवधि है। 23 से 29 सितंबर तक आवेदन पत्रों की जांच होगी। 5 दिसंबर को अनन्तिम मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। 13 से 19 दिसंबर तक दावे व आपत्तियों का निस्तारण कराया जाएगा। 20 से 23 दिसंबर तक दावे एवं आपत्तियों के निस्तारण के बाद हस्तलिखित पांडुलिपियां तैयार होंगी। 24 दिसंबर से 8 जनवरी तक सूची तैयार होंगी। 9 से 14 जनवरी तक मतदेय स्थलों का क्रमांकन, मतदाता क्रमांकन, वार्डों की मैपिंग और मतदाता सूचियों की डाउनलोडिंग कराई जाएगी। जिला पंचायत राज अधिकारी ने बताया कि 15 जनवरी 2026 को निर्वाचन नामावलियों का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

## झमाझम बारिश से मोहल्लों में भरा पानी

**शाहबाद, अमृत विचार :** इलाके में शनिवार को हुई बारिश से जगह-जगह जलभराव हो गया। बारिश से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत तो मिली, लेकिन जगह-जगह जलभराव होने के कारण लोग परेशान हुए। बरसात का मौसम शुरू होने के बावजूद भी नगर में नालियों की सफाई का कार्य शुरू नहीं हुआ।

नगर के विभिन्न क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति देर शाम तक बनी रही। इस दौरान गलियों में आने जाने में लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। शनिवार को शाम से लगातार होती बारिश से विभिन्न क्षेत्रों में लोगों को जलभराव का सामना करना पड़ा। कई मोहल्लों में पानी भर गया, इससे लोग घर से बाहर नहीं निकल पाए। यह स्थिति बाहरी नगर के करीब सभी इलाकों का रहा है।

## परिवार नियोजन के लिए जागरुक करेगा सारथी वाहन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शुक्रवार को विश्व जनसंख्या स्थिरता पखवाड़े का शुभारंभ किया गया। सीएमओ डॉ. सत्यमूर्ति तोमर ने सारथी रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

सारथी वाहन सीएमओ कार्यालय से शुरू होकर होकर नगर के विभिन्न रास्तों, मोहल्लों में लोगों को परिवार नियोजन के प्रति जागरुक करेगा। जनसंख्या दिवस पखवाड़े की थीम ''मां बनने की उम्र वही-जब तन और मन की तैयारी सही'' के माध्यम से परिवार नियोजन के प्रति जागरुकता लाने की पहल की गई। सीएमओ डॉ. सत्यमूर्ति तोमर ने परिवार नियोजन की महत्ता पर प्रकाश डाला। छोटा परिवार होने के फायदे बताए। परिवार नियोजन के बारे में बताया। सीएचसी प्रभारी डॉ. संतोष कुमार ने कहा कि जिला व ब्लॉक की सभी सरकारी चिकित्सा इकाइयों पर सीमित अवधि तक प्रयोग किए जाने वाले गर्भ निरोधक साधनों की निःशुल्क उपलब्धता तय की जाए। उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. केके चहल ने भी विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान डॉ. आरके वर्मा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक अंकित शर्मा, परिवार नियोजन लॉजिस्टिक मैनेजर सुरेंद्र सिंह, डॉ. शहजाद, जिला अर्बन हेल्थ कोऑर्डिनेटर मो. अनादिल, पीएसआई के कोऑर्डिनेटर अजय कुमार, जसप्रीत सिंह उर्फ जस्सी, फैज जावेद आदि मौजूद रहे।

● **विश्व जनसंख्या स्थिरता पखवाड़े का सीएमओ ने किया आरंभ**

## पंचवटी वाटिका में रोपे गए औषधीय पौधे

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** आयुर्वेदिक औषधियों की मांग इन दिनों बढ़ रही है। इसको लेकर पंचवटी वाटिका में औषधीय पौधों का रोपण कराया गया है। जिले के छह ब्लॉकों में तीन-तीन पंचवटी बनाई गई हैं। अतिक्रमण से मुक्त कराई गई जमीनों पर तैयार होने वाली पंचवटी में नीम और पीपल समेत तमाम औषधीय गुणों से भरपूर पौधों का बल्क प्लांटेशन कराया गया है।

विश्व स्तर पर आयुर्वेद के गुणों से प्रभावित होकर आयुर्वेदिक औषधियों की मांग बढ़ रही है। बढ़ती मांग को लेकर प्रशासन ने गांवों में औषधीय गुणों वाले पौधों से पंचवटी तैयार करने का खाका तैयार किया था। प्रत्येक ब्लॉक के तीन-तीन गांवों में अतिक्रमण मुक्त कराई गई जमीनों पर औषधीय पौधों की खेती कराई जाएगी, इससे लोगों को रोजगार मिलेगा और विदेशी मुद्रा भी मिलेगी। आयुर्वेदिक औषधियां असर थोड़ा देर से करती हैं, लेकिन मर्ज को बिल्कुल खत्म कर देती हैं। हकीम सलमान बताते हैं कि, आयुर्वेद में ही बीमारी का इलाज है। इसके लिए थोड़ा संयम बरतना पड़ता है। एक बार फिर लोग आयुर्वेद औषधियों की मांग कर रहे हैं। अच्छे हकीमों की एक बार फिर मांग बढ़ गई है और उनके मतबों पर भी भीड़ उमड़ने लगी है।



पंचवटी में औषधीय पौधे लगाते अधिकारी।

● **जिले के सभी छह ब्लॉकों में बनी तीन-तीन पंचवटी**

### यह पौधे रोपे

हरड़, हल्दी, अश्वगंधा, गिलोय, ब्राह्मी, अशोक, नीम, पीपल, सहजन, तुलसी, लेमन ग्रास, सफेद कमल, गुलाब, मेहंदी, दालचीनी, इसबगोल, मुलहठी के पौधे रोपे गए हैं।

> आयुर्वेद में स्वास्थ्य संबंधी हर समस्या का इलाज है, जो समस्या को जड़ से खत्म कर देता है। अतिक्रमण मुक्त जमीनों की हदबंदी करा दी गई है। इन पर औषधीय महत्व के पौधे लगाए जाएंगे।
> **-प्रणव जैन**, डीएफओ

## सड़क हादसे में साइकिल सवार की गई जान

**रामपुर, अमृत विचार :** थाना बिलासपुर इलाके में शुक्रवार की रात अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। इलाके के फाजलपुर निवासी रवि अग्रवाल (48) पुत्र रामगोपाल बिलासपुर में ही एक प्लाईवुड फैक्ट्री में काम करता था। शुक्रवार की रात वह घर से साइकिल पर सवार होकर जा रहा था, इस बीच घर से ही कुछ दूरी पर अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंची। वहीं, हादसे के बाद चालक वाहन लेकर भाग गया। पुलिस का कहना है कि आगे की कार्रवाई की जा रही है।


रवि अग्रवाल।

- बिलासपुर थाना क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से हुआ हादसा


# युवक की हत्या में शामिल आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

## पांच दिन पूर्व दबंगों ने लोहे की रॉड और डंडों से पीटा था, इलाज के दौरान गई जान, मौत पर हुआ हंगामा

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के भैंसिया ज्वालापुर निवासी सूरज कुमार की पांच दिन पूर्व नैनीताल हाईवे पर स्थित एक होटल के पास दबंगों ने लोहे की रॉड और डंडों से पीटकर मरणासन्न कर दिया था। पिटाई से घायल युवक की हायर सेंटर में शुक्रवार की देर रात इलाज के दौरान मौत हो गई। इसके बाद हरकत में आई पुलिस ने मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में तीन आरोपियों को पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है।

दरअसल, घटना में शामिल आरोपियों ने सूरज की पिटाई करने के दौरान वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया था।


मृतक सूरज कुमार।


मुठभेड़ घायल आरोपी को ले जाती पुलिस।

वीडियो वायरल होने के बाद हड़कंप मच गया था। पुलिस ने सूरज के भाई रंजीत की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया था। इसके बाद पुलिस ने शुक्रवार को तीन मुख्य आरोपी इमरान अली, रिजवान अली निवासी सकटुआ, नितिन कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। शुक्रवार रात इलाज के दौरान सूरज की मौत के बाद पुलिस ने मामले में धाराएं बढ़ा दी हैं। युवक की मौत के बाद परिजनों ने पुलिसिया कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए हंगामा भी किया। वहीं, शव का अंतिम संस्कार न करने की जिद पर अड़ गए। सूचना पाकर पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। परिजनों को कार्रवाई का आश्वासन दिया।

शाम चार बजे मृतक का शव घर पहुंचने पर एएसपी अतुल कुमार श्रीवास्तव, सीओ रविंद्र प्रताप सिंह, ब्लॉक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख, पूर्व दर्जा राज्यमंत्री सुरेंद्र सिंह सागर, प्रभारी निरीक्षक पुलिस बल के साथ पहुंचे। अधिकारियों ने परिजनों से बात कर हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। इसके बाद परिवार के लोग अंतिम संस्कार को राजी हुए। एएसपी अतुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मामले में तीन आरोपियों को पहले ही जेल भेजा जा चुका है। मुठभेड़ में दो आरोपी शाकिर निवासी मुहल्ला पहाड़गंज रुद्रपुर उत्तराखंड, विशाल निवासी गांव टेमरा को गिरफ्तार कर लिया है। शाकिर के पैर में गोली लगी है। आरोपियों के कब्जे से एक तमंचा, एक खाली खोखा, चार जिंदा कारतूस बरामद हुई। कार्रवाई में एसआई देवेंद्र कुमार, प्रमोद कुमार शर्मा, ललित कुमार, अमित कुमार समेत राजीव, फैसल, आशीष आदि पुलिस कर्मी शामिल रहे।

### वर्चस्व की जंग बनी मौत की वजह

सीओ रविंद्र प्रताप सिंह के अनुसार पुरानी रंजिश सूरज की मौत की वजह बन गई। दोनों पक्षों में वर्चस्व की जंग चल रही थी। मृतक पक्ष ने दूसरे पक्ष के लोगों के साथ मारपीट की थी। इसके बाद विवाद बढ़ता चला गया। रंजिश के चलते मंगलवार की सुबह एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के सूरज को घेर लिया और बदले की भावना में जमकर पिटाई की। सिर में चोट लग जाने की वजह से उसकी मौत हो गई।

### परिजन बोले, नहीं थी कोई रंजिश

परिजनों ने बताया कि मृतक की किसी भी व्यक्ति से कोई रंजिश नहीं थी। यह एक सोची समझी साजिश के तहत उस पर हमला किया गया। हमला करने की वजह वह खुद भी तलाश रहे हैं। बहुत जल्द इसका कारण भी पता कर लेंगे। वहीं, परिजनों ने पुलिस की थ्योरी को मानने से इंकार कर दिया है। उनका आरोप है की पुलिस मनगढ़ंत कहानी बना रही है।

### पुलिस जाग जाती तो बच जाती भाई की जान

मृतक के भाई रंजीत ने बताया कि पुलिस अगर समय रहते कार्रवाई कर देती तो उसके भाई की जान बच सकती थी। सूरज की पिटाई करने से एक दिन पहले भी विवाद हुआ था। उन्होंने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को भी दी थी। तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग भी की थी। लेकिन पुलिस ने इसे मामूली विवाद समझ कर ठंडे बस्ते में डाल दिया और कोई कार्रवाई नहीं की। नतीजतन आरोपियों के हौसले इस कदर बुलंद हो गए कि उन्होंने भाई की जान ही ले ली। घटना में 8 से 10 लोगों के शामिल होने का आरोप है।

## शादी में खर्च के पैसे नहीं लौटाने पर दूल्हा समेत चार पर केस

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

- बरात आने के बाद दहेज में कार और मांगे थे पांच लाख रुपये
- मांग पूरी न होने के बाद टूट गया था रिश्ता, जांच में जुटी पुलिस

**अमृत विचार :** अजीमनगर थाना क्षेत्र में पिछले माह रिश्ता टूटने के बाद शादी में खर्च हुई रकम लौटाने की बात पर बनी सहमति के बाद भी पैसे नहीं लौटाए गए। इस मामले में लकड़ी पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने दूल्हे समेत चार लोगों पर केस दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले में जांचकर कार्रवाई की जाएगी।

क्षेत्र के गांव नगला गन्नेश निवासी अब्दुल हसन का कहना है कि 22 जून को उनक बेटी सोफिया की शादी मुरादाबाद के थाना भोजपुर के गांव पीपलसाना निवासी कामिल से होना थी। कामिल घर पर बरात लेकर आया। दरवाजे पर बरात आने के बाद आरोप है कि दूल्हे, उसके पिता और अन्य रिश्तेदारों ने दहेज में कार और पांच लाख रुपये मांग कर दी। मांग के बाद बात नहीं बन सकी। लड़की पक्ष ने मांग पूरी करने में असमर्थता जताई। इसके बाद रिश्ता टूट गया। आरोप है कि दुल्हन पक्ष के लोगों के शादी से मना करने दूल्हा पक्ष के लोगों ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी देते हुए बरात वापस लेकर चले गए थे। इसके बाद दोनों पक्षों में यह तय हुआ था कि बरातियों की खातिरदारी और अन्य इंतजाम पर आए खर्च की रकम वापस कर दी जाएगी। आरोप है कि करार के बाद भी पैसे नहीं दिए। इसको लेकर लड़की पक्ष ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने मामले में दूल्हे समेत चार लोगों पर केस दर्ज कर लिया है।

## हज पर जाने के लिए आज से भरे जाएंगे फार्म

**रामपुर, अमृत विचार :** हज कमेटी के कन्वीनर बाबू उबैदुल हक ने बताया कि वर्ष 2026 में हज यात्रा पर जाने के लिए आवेदन करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। दोमहला रोड स्थित अंजुमन इस्लाहे कौम और बर्तन बाजार स्थित मस्जिद गुलजार ए खानम में 13 जुलाई से निश्शुल्क फार्म भरे जाएंगे।

बताया कि आजमीने हज सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक फार्म भरवा सकते हैं। फार्म भरने के लिए पासपोर्ट जिसकी वैद्यता 31-12-2026 तक हो। 8 फोटो, क्रास चेक, बैंक पासबुक, पैन कार्ड, ब्लड ग्रुप साथ लाना होगा। दो मोबाइल नंबर, ई मेल आईडी, व्यवसाय, योग्यता के प्रमाण पत्र, नामांकित व्यक्ति का विवरण होना जरूरी है।

# युवती ने नदी में लगाई छलांग, लापता

संवाददाता, मसवासी

- परिजनों से कहासुनी के बाद युवती ने गुस्से में उठाया कदम
- स्थानीय गोताखोर और पुलिस तलाश में जुटी, नहीं लगा सुराग

**अमृत विचार :** परिवार से कहासुनी के बाद एक युवती स्कूटी से पट्टीकला कोसी नदी पुल पर पहुंची और इसके बाद नदी में छलांग लगा दी। हाईवे से गुजर रहे लोग घटना देख दंग रह गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस गोताखोरों के साथ युवती की तलाश कर रही है।

मामला यूपी सीमा क्षेत्र के पट्टी कला कोसी नदी क्षेत्र का है। शनिवार को जिला उधम सिंह नगर के नगर पंचायत सुल्तानपुर पट्टी के मोहल्ला टांडा बंजारन की एक ग्रामीण की बेटी परिवार के लोगों से कहासुनी के बाद स्कूटी पर सवार होकर पट्टीकला कोसी नदी पुल पर पहुंच गई।

बताते हैं कि कुछ देर मोबाइल फोन पर परिजनों से बात की। इसके बाद उसने पुल के ऊपर खड़े होकर पानी में छलांग लगा दी। खटीमा पानीपत नेशनल हाईवे पर गुजर रहे कुछ लोग घटना देख हैरान रह गए। मसवासी पुलिस और सुल्तानपुर पट्टी पुलिस मौके पर पहुंची। पहले तो स्थानीय गोताखोरों को बुलाकर युवती की तलाश की गई, लेकिन कोई पता नहीं चल सका है। बाद में पुलिस ने बाहर गोताखोरों को बुलाकर तलाशी अभियान तेज कर दिया। चौकी इंचार्ज अजय कुमार शुक्ला ने बताया की युवती के नदी में कूदने की पुष्टि नहीं हो पा रही है।


खटीमा पानीपत हाईवे पर जांच करती पुलिस। • अमृत विचार

# भाकियू की पंचायत में निशाने पर रहे बिजली विभाग के अफसर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** भाकियू (टिकैत) की दूसरे गुट की शनिवार को हुई पंचायत में कई समस्याएं उठाई हैं, मगर सबसे ज्यादा निशाने पर बिजली और कृषि विभाग के अधिकारी रहे। किसानों ने बिजली संकट दूर नहीं होने पर अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर धरना देने की चेतावनी दी है। इस दौरान कई किसानों को संगठन की सदस्यता भी ग्रहण कराई गई।

भाकियू टिकैत के दूसरे गुट के जिलाध्यक्ष बनने के बाद मंजीत सिंह अटवाल पहली बार मिलक मिर्जा फैयाज पहुंचे। सदर तहसील अध्यक्ष छिद्दा नेता और ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद हुई पंचायत में किसानों ने बिजली से लेकर कई अन्य समस्याओं को जोर-शोर से उठाया। जिलाध्यक्ष ने किसानों को भरोसा दिलाया कि अब किसी भी किसान का उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा। हर एक समस्या का शीघ्र समाधान करने का प्रयास होगा। कृषि विभाग की योजनाओं पर कड़ी नजर रखी जाएगी, ताकि ज्यादा से ज्यादा किसानों को योजनाओं का लाभ मिल सके। जिलाध्यक्ष ने चेतावनी दी है कि बिजली समस्या को लेकर 14 जुलाई को अधीक्षण कार्यालय पर धरना दिया जाएगा। किसान अभी से इसकी तैयारी में जुट जाएं। पंचायत में मो. तालिब, छिद्दा नेता, कमरुद्दीन, शाकिर अली, डॉ. नौशाद ,गुरप्रीत, मो. नूर, रियाजुल हसन, भूरा ,उस्मान, जोगिंदर सिंह, सतनाम सिंह, नबी अहमद, सलीम, नाहिद , शफीक, मोअज्जम अली, मुस्तकीम, शकूर, इलियास ,रहमत मौजूद रहे ।


पंचायत को संबोधित करते किसान नेता। • अमृत विचार

- किसानों ने कृषि विभाग के अधिकारियों को भी घेरा

## दुष्कर्म के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**रामपुर, अमृत विचार :** टांडा पुलिस ने शनिवार को दुष्कर्म के मामले में फरार दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिला अमरोहा के थाना डिडौली के एक गांव निवासी युवती ने बताया कि 2 जून को वह अपनी रिश्तेदारी में दढ़ियाल के एक गांव जा रही थी।

इसी दौरान बाइक सवार मिला। उसने गांव छोड़ने की बात कहकर बाइक पर बिठा लिया। आरोप है कि इसके बाद सूनसान मकान में ले गया, जहां पर पहले से एक और व्यक्ति था। आरोप है कि उसके साथ दुष्कर्म किया गया। घर पहुंचकर उसने आपबीती बताई। मामले की तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने केस दर्ज कर लिया था। टांडा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर जुल्फिकार निवासी दढियाल मुस्तेहकम, इकरार को नंगली बार्डर मुरादाबाद करनपुर रोड से एक कार के साथ गिरफ्तार किया। इसके बाद जेल भेज दिया है।

# अजीमनगर के युवक की काशीपुर में हत्या

संवाददाता,सैदनगर

- पैसों के लेनदेन को लेकर चल रहे विवाद में अंजाम दी गई वारदात

**अमृत विचार :** अजीम नगर थाना क्षेत्र के युवक की काशीपुर में पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। बताया जा रहा है कि युवक का कुछ लोगों के साथ पैसों को लेकर चल रहे विवाद में घटना को अंजाम दिया गया है। पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचा तो कोहराम मच गया।


अमन।

घटना उत्तरांचल के थाना काशीपुर स्थित प्रतापपुर चौकी क्षेत्र के रामनगर रोड की है। अजीमनगर थाना क्षेत्र के बढ़ापुरा शुमाली निवासी अमन (25) रेता बजरी का काम करता था। लोगों ने बताया कि युवक का काशीपुर के कुछ युवकों से पैसों को लेकर विवाद चल रहा था। शुक्रवार शाम युवक को कुछ लोग घर से बुलाकर पैसों का हिसाब करने के लिए ले गए। इस दौरान विवाद होने पर आरोप है कि आरोपियों ने उसे लाठी-डंडों से पीट दिया। गंभीर रूप से घायल युवक को सड़क किनारे छोड़ आरोपी फरार हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद युवक का शव घर पहुंचा तो कोहराम मच गया। देर शाम को युवक का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## अपहरण की सूचना पर दौड़ी दो राज्यों की पुलिस

संवाददाता, मसवासी

- जांच में कार ओवरटेक करने को लेकर मारपीट का निकला मामला

**अमृत विचार :** पट्टीकला क्षेत्र में युवक के अपहरण की सूचना से पुलिस महकमें में खलबली मच गई। यूपी और उत्तराखंड पुलिस मौके पर पहुंची। जांच के बाद मामला दो पक्षों के बीच मारपीट का निकला, इससे पुलिस ने राहत की सांस ली।

शुक्रवार देर शाम यूपी 112 पर सूचना मिली कि उत्तराखंड बॉर्डर स्थित मिलक नौखरीद हाईवे पर कुछ लोग एक युवक को कार में डालकर ले जा रहे हैं। सूचना पाकर मसवासी पुलिस और सुल्तानपुर पट्टी पुलिस हरकत में आ गई। सीओ अतुल कुमार, कोतवाल प्रदीप मलिक पांडे मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मौजूद लोगों से पूछताछ की। प्रारंभिक जांच में पाया गया की हरियाणा के कुछ युवक नैनीताल से लौट रहे थे, इस बीच कार ओवरटेक करने को लेकर कुछ लोगों से कहासुनी हो गई। इसके बाद दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। राहगीरों ने किसी तरह बीच बचाव कर मामले को शांत कराया। चौकी प्रभारी अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि किसी व्यक्ति ने फोन पर युवक के अपहरण की सूचना दी थी।

जांच में ओवरटेक करने को लेकर मामला दो पक्षों के बीच मारपीट का निकला। हरियाणा के पर्यटक अपने गंतव्य को रवाना हो गए हैं। पुलिस टीम को मौके पर कोई पक्ष नहीं मिला। सुल्तानपुर पट्टी के चौकी प्रभारी संदीप शर्मा भी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे थे।

# कितना ही लहू मातमे जंजीर से निकले...

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- अलम के जुलूस में अजादारों ने किया छुरियों का मातम
- सिरसी, अमरोहा, बुकनाला से आई अंजुमनों ने की नोहाख्वानी

**अमृत विचार :** सिरसी आई अंजुमन हुसैनी के साहिबे बयाज शबीह हैदर ने यह नोहा पढ़ा कि कितना ही लहू मातमे जंजीर से निकले। अहसास मगर हमको जरा सा नहीं होता। ज्वालानगर में इमामबाड़ा कसीम हैदर जैदी से निकले अलम के जुलूस में अंजुमन अंजुमन गुलामाने हुसैनी, अंजुमन सिपाहे हुसैनी, अंजुमन कायमे अजा, अंजुमन हुसैनी सिरसी, अंजुमन पंजेतनी बुकनाला और अंजुमन सज्जादिया अमरोहा ने नोहाख्वानी और मातम किया।

अलम के जुलूस में अंजुमने कायमे अजा के साहिबे बयाज कामिल नकवी और असकरी नकवी ने यह नोहा पढ़ा- सेहरे में तुझे देख न पाया अली अकबर, कहते हैं जवां लाल के लाशे पर यह सरवर। इससे पहले अंजुमन सज्जादिया अमरोहा और अंजुमन पंजेतनी बुकनाला के साहिबे बयाजों ने नोहाख्वानी की। अंजुमन गुलामाने हुसैनी के साहिबे बयाज मुंतजिर अब्बास नकवी ने यह नोहा पढ़।- मुझे आवाज दो ऐ मेरे बाबा सरे मकतल यह कहती थी सकीना, तुम्हारी लाश को पहचानूं कैसे। हसन मेंहदी ने यह नोहा पढ़ा- हाय जैनब को जमाने ने खुले सर देखा, जिसको गाजी ने भी न नजरे उठाकर देखा, इससे पहले जुलूस में बिहार से आए मौलाना अहमद एहसन काजमी ने खिताब करते हुए कहा कि कर्बला के मैदान में हजरत अब्बास अलमदार बच्चों के लिए नहरे फरात से पानी लेने गए थे। जब तक खेमों में बैठे बच्चों को अब्बास का अलम नजर आता रहा बच्चों को खेमों तक पानी आने की उम्मीद बंधी रही। लेकिन, जैसे बच्चों की नजरों से अलम ओझल हुआ उनकी उम्मीद टूट गई। हजरत अब्बास ने आवाज की आका मेरा आखिरी सलाम लो। हजरत इमाम हुसैन कर्बला के मैदान में पहुंचे हजरत अब्बास अलमदार ने कहा कि उनकी लाश को खेमों नहीं लेकर जाएं।

जुलूस के शाहबाद रोड पहुंचने पर मौलाना जमां बाकरी ने तकरीर में कहा कि किसी मुल्क का परचम अगर निकाला जाए तो सजा हो सकती है। लेकिन, अब्बास का अलम सारी दुनिया में निकाला जाता है और लोग अलम की जियारत करने के लिए उमड़ पड़ते हैं। जुलूस में ततहीर अब्बास, नवेद हैदर, नायाब हुसैन बबली, राहिल, अलमदार हुसैन, इजहार मेहंदी, चांद मियां, मुजफ्फर अली, तबरेज आब्दी, काजिम रजा, कमर अब्बास, मिर्जा मुज्तबा अली बेग, मिर्जा तकी बेग, कमल रिजवी, मसूद जैदी, अली हैदर जैदी, वसीम हैदर जैदी समेत काफी अकीदतमंद मौजूद रहे।


ज्वालानगर में निकले अलम में मातम करती अंजुमन। • अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### सांसद ने पीड़ित परिवारों को बंधाया ढांढस



**रामपुर, अमृत विचार :** सांसद मोहिब्बुल्लाह नदवी ग्राम हाजी नगर में अख्तर के जनाजे में शामिल हुए। 2 दिन पहले पाइंदा नगर में शाकिर प्रधान के भाई का इंतकाल हो गया था। उनके घर जाकर भी मरहूम की मगफिरत की दुआ। उसके बाद ग्राम अलीनगर शुमाली में मुजफ्फर प्रधान की मां की मगफिरत की दुआ की। इसके बाद चकिया हयात नगर पहुंचे। यहां 2 दिन पहले दो बच्चों की डूबकर मौत हो गई थी। ग्राम किरा में अहमद बली खां के आवास पर पंचायत को संबोधित किया। ग्राम ढोलसर में प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। मीडिया प्रभारी महबूब अली पाशा, मोहम्मद उबैद, डॉ. मकतब अहमद, कल्बे अली, हाफिज नूरी, राम बहादुर दिवाकर, नरेश यादव, नासिर शेख, जमील सैफी, आसिफ जुबैर, अरशद अली आदि मौजूद रहे।

### मेडिकल कॉलेज नहीं बनने से परेशान हो रही जनता



**रामपुर, अमृत विचार :** तिलक कालोनी स्थित उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के कार्यालय पर व्यापारियों की बैठक में स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर मुद्दा उठाया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी ने कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री को 500 बेड मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए पत्र सौंपा था। इस संबंध में उपमुख्यमंत्री की ओर से पूर्व में आदेश जारी किए गए थे, लेकिन जिला अस्पताल में अभी तक मेडिकल कॉलेज शुरू न होने से जनता परेशान हो रही है। मरीज गंभीर अवस्था में रेफर किए जा रहे हैं। बेहतर इलाज और समय से इलाज न मिलने की वजह से लोगों की जानें चली जा रहीं हैं। जिलाध्यक्ष राजीव शर्मा, वसीकुल्लाह खान, हरिओम सैनी, राजेंद्र सैनी, नवाब युसूफ,अब्दुल रहमान, शंकित अग्रवाल आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

### एसपी ने सुनीं पीड़ितों की समस्या



**रामपुर, अमृत विचार :** एसपी विद्या सागर मिश्र ने थाना समाधान दिवस पर पर सिविल लाइन पर जनसुनवाई की। जनसुनवाई पर आए फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनकी समस्याओं का उचित, गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण कराने के आदेश दिए। कहा कि, शिकायतों के निस्तारण में कोई लापरवाही नहीं हो। जनसुनवाई के बाद एसपी ने थाना सिविल लाइन में निर्माणाधीन कार्यों का जायजा लिया। कार्य को बेहतर और पारदर्शी तरीके से करने के आदेश दिए।

### बिलासपुर में धार्मिक स्थल को लेकर दो पक्ष आमने-सामने




**बिलासपुर, अमृत विचार :** पसियापुरा स्थित धार्मिक स्थल को लेकर एक बार फिर विवाद गरमा गया है। दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। शनिवार सुबह नवाबगंज पक्ष ने हजारा पक्ष के धार्मिक स्थल पर कब्जा लेने की घोषणा के बाद विवाद बढ़ गया। नवाबगंज पक्ष के दर्जनों लोग धार्मिक पर स्थल पहुंचे और दरियां बिछाकर बैठ गए। एसडीएम अरुण कुमार सिंह और सीओ रविंद्र प्रताप सिंह पुलिसबल के साथ पहुंचे। देखते ही देखते दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। हंगामा खड़ा हो गया। अधिकारियों के सामने ही धार्मिक स्थल में लगी फ्लेक्सी फाड़े जाने को लेकर मामले ने तूल पकड़ लिया। हंगामा बढ़ता देख अधिकारियों को पीएसी को बुलाना पड़ा। नवाबगंज पक्ष के शिवदेव सिंह, मलकीत सिंह आदि ने बताया कि धार्मिक स्थल की कमान को लेकर लंबे समय से हजारा सिंह पक्ष से उनका विवाद चला आ रहा है। इस मामले को लेकर पूर्व में उनका पक्ष मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी मिला था।

### बाबा गुरमीत सिंह समेत संगत ने संभाला गुरुद्वारे का चार्ज

**रामपुर, अमृत विचार :** गुरुद्वारा बाबा दीप सिंह का मामला मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दरबार तक पहुंचा। सीएम के आदेश पर मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने तीन सदस्यीय कमेटी गठित कर जांच कराई थी। भाजपा नेता लखविंदर सिंह ने बताया कि जांच रिपोर्ट के आधार पर शनिवार को बाबा गुरमीत सिंह समेत संगत ने गुरुद्वारे का चार्ज संभाल लिया है। नवाबगंज स्थित गुरुद्वारा बाबा दीप सिंह हमेशा चर्चाओं में रहता है। 18 मई को भाजपा नेता की अगुवाई में सिख समाज के लोग मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिले थे और उन्हें पूरी बात बताई थी। मुख्यमंत्री ने मंडलायुक्त को आदेश दिए थे। मंडलायुक्त ने तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित कर दी थी। समिति ने सुझाव में कहा था कि गुरुद्वारा बाबा दीप सिंह के प्रति स्थानीय लोगों की जनभावनाओं, धार्मिक आस्था का सम्मान करते हुए जिला प्रशासन के द्वारा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी में सिख समुदाय का पर्याप्त प्रतिनिधित्व निर्धारित किया जाना उचित होगा। लखविंदर सिंह ने बताया कि जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर शनिवार को बाबा गुरमीत सिंह समेत कमेटी के 28 सदस्यों ने चार्ज संभाल लिया है।

### तुरैहा मछुआ समाज ने बनाई पहचान



**शाहबाद, अमृत विचार :** शनिवार को तुरैहा मछुआ समाज की बैठक मियागंज में हुई। जिलाध्यक्ष कमल कुमार ने कहा कि हमने 30 वर्ष युवाओं और समाज के उत्थान के लिए दिए हैं। इसका परिणाम है कि संगठन अलग पहचान बन चुका है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रत्येक साथी के अंदर उर्जा और नई उमंग होनी चाहिए। पुरानी कार्यकारिणी को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया गया है। नए कार्यकारी का गठन भी कर दिया गया है। कुछ पुराने चेहरे को उनके पुराने पदों पर भी लाया जा सकता है। प्रत्येक पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को कम से कम 100 सदस्य बनाने का दायित्व सौंपा जाएगा। मुरारी लाल तुरैहा, जगदीश कुमार, धर्मदास, राम बहादुर, जीवनदास, राम किशोर तुरैहा, गोविंद राम, राजीव कुमार तुरैहा, राजू तुरैहा, दीनदयाल, मोहित तुरैहा, रवि तुरैहा, आकाश तुरैहा, रामभरोसे तुरैहा आदि मौजूद रहे। संचालन जिला सचिव परमेश्वरी लाल ने किया।

### संगठन सृजन के तहत हुई बैठक




**रामपुर, अमृत विचार :** संगठन सृजन अभियान के तहत नगर कांग्रेस कमेटी की बैठक शनिवार को टांडा व दढ़ियाल में हुई। नवनियुक्त नगर अध्यक्ष फिरासत अली, हाफिज मोहम्मद कासिम को मनोनयन पत्र दिया गया। नगर कमेटी, मंडल कमेटी, वार्ड कमेटी और बूथ कमेटी की नियुक्ति पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष प्रामिल कुमार शर्मा ने कहा कि, आज जब संविधान पर हमला हो रहा है, तब नेता विपक्ष व हमारे नेता राहुल गांधी ही इसके सच्चे रक्षक हैं। मुतीउर रहमान खां बब्लू ने कहा कि भाजपा सरकार की लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने की साजिशें बर्दाश्त नहीं होंगी। साहिर अली खां, मोहम्मद इरफान अंसारी, शकील मंसूरी, मोहम्मद फुरकान, मोहम्मद जलीस, मोहम्मद आसिफ अंसारी, आसिफ खां, इमरान आजाद, मौलाना इरफान, हाजी शादाब आदि उपस्थित रहे।

### मृतक सूरज को दी श्रद्धांजलि

**रामपुर, अमृत विचार :** अखिल भारतीय आंबेडकर युवक संघ की बैठक अंबेडकर पार्क में हुई। जिसमें सामाजिक समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया। दलित उत्पीड़न के शिकार भैंसिया ज्वालापुर निवासी सूरज कुमार को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक में संरक्षक अमर सिंह, महासिंह, जसराज सिंह, सत्यपाल सिंह बादल, राजेश खन्ना, चंद्रपाल सिंह, वंशीलाल, पूर्व कोषाध्यक्ष हरि सिंह ने भी विचार व्यक्त किए। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष महावीर सिंह और संचालन जिला मंत्री रामौतार अंबेडकर ने किया।

## एक नजर

### मारपीट कर दंपती को किया घायल

**चन्दौसी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव देवापुर निवासी मुकेश शर्मा पुत्र पन्ना लाल ने तहरीर में कहा है कि गांव के कुछ उससे रंजिश मानते हैं। शुक्रवार को कुछ लोग हाथों में लाठी-डंडें लेकर आ गए और जमकर पीटा। एक आरोपी ने चाकू से वार किया। उसे बचाने आई पत्नी को भी लाठी-डंडों से पीटा। पीड़ित की ओर से आरोपियों के विरुद्ध थाने में तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

### सुंदर कांड में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**चन्दौसी,अमृत विचार :** स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट की ओर से सुभाष रोड पर संगीतमय श्री सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने पूजन संपन्न कराया। केजी शर्मा, विशाल शर्मा, मुकेश आचार्य, राजू शर्मा, मुकुल शर्मा, अंकुर शर्मा, अतुल शर्मा, दीपक शर्मा, राजीव शर्मा, रमेश ग्रेवाल, गौरव मिश्रा, ब्रजेश वार्ष्णेय,कल्पना वार्ष्णेय, आलोक दुबे, सुरेश चंद्र शर्मा, संजीव शर्मा, राकेश चौबे, सुदर्शन वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

### हाईस्कूल की मेधावी छात्रा आरती को किया सम्मानित

**संभल/कैला देवी, अमृत विचार :** गांव कैला देवी के बाबा रतन गिरि आदर्श इंटर कॉलेज की छात्रा आरती यादव ने यूपी बोर्ड परीक्षा 2025 में कक्षा 10 में 600 में से 544 अंक प्राप्त कर कॉलेज टॉप किया था। शनिवार को पायोनियर कंपनी की ओर से छात्रा को बैग व शिक्षा किट देकर सम्मानित किया गया। कॉलेज प्रबंधक अजयपाल सिंह, मोहरपाल सिंह, सुधीर कुमार, यशपाल सिंह, प्रियंका यादव, गिरवर सिंह आदि रहे।

# डायवर्जन लागू, मार्ग पर लगाए पथ प्रदर्शक बोर्ड

## कांवड़ियों की सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन सतर्क, यात्रा मार्गों पर रखी जा रही कड़ी निगरानी

**कार्यालय संवाददाता, संभल**



चौधरी सराय में भारी वाहनों को ब्रजघाट की तरफ जाने से रोकते यातायात पुलिस कर्मी।


कांवड़ यात्रा के मद्देनजर मुस्तैद पुलिस बल। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** कांवड़ यात्रा को लेकर संभल जिले में रूट डायवर्जन लागू हो चुका है। यातायात पुलिस कर्मी वाहनों को बदले रूट से निकाल रहे हैं। यह व्यवस्था सोमवार शाम तक रहेगी। कांवड़ियों को परेशानी न हो इसके लिए जिलेभर में विभिन्न स्थानों पर पथ प्रदर्शक बोर्ड भी लगा दिए गए।

सावन महीने में इस बार पहला सोमवार 14 जुलाई, दूसरा 21 जुलाई, तीसरा 28 जुलाई और चौथा चार अगस्त को है। इन दिवसों में संभल जिले के शिव मंदिरों पर बड़ी संख्या में भक्त पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे। वहीं विभिन्न गंगाघाटों से कांवड़िये भी जनपद संभल के मार्गों से गुजरेंगे। इसी को लेकर यातायात पुलिस ने वाहनों के लिए रूट डायवर्जन प्लान बनाया है। इस प्लान के मुताबिक डायवर्जन प्वाइंट नेहरू चौक गुन्नौर, नूरपुर तिराहा गुन्नौर, इंदिरा चौक बबराला, केसरपुर तिराहा रजपुरा, गवां संभल रेहरा तिराहा, इस्लामनगर चौराहा बहजोई, संभल तिराहा बहजोई, बेहटा जयसिंह चौराहा, चौधरी सराय चौराहा संभल, चंदौसी चौराहा संभल, वाजिदपुरम बाईपास संभल, भोलेश्वर चौकी संभल, खग्गूपुरा बाईपास संभल, सिरसी बिलारी तिराहा, संभल तिराहा चंदौसी, गांधी मूर्ति तिराहा बिलारी, बिचैटा चौराहा थाना कुढ़फतेहगढ़ हैं। यातायात पुलिस ने रूट डायवर्जन प्लान शनिवार को सुबह आठ बजे से लागू कर दिया है।

संभल के चौधरी सराय चौराहा समेत अन्य प्वाइंटों पर तैनात पुलिसकर्मी वाहनों को बदले रूट से निकालते हुए दिखाई दे रहे हैं। कांवड़ यात्रा मार्ग पर ट्रक, कैंटर, ट्रैक्टर ट्राली और अन्य सभी तरह के मालवाहक वाहनों को जाने से रोका जा रहा है। दूसरी तरफ ड्रोन कैमरों और सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है। पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों ने भी भ्रमण शुरू कर दिया है। रूट डायवर्जन प्लान सोमवार को शाम छह बजे तक रहना है।

**जिले में यह हैं कांवड़ यात्रा मार्ग :** संभल जिले में मुख्यत : तीन कांवड़ यात्रा मार्ग हैं। इनमें चंदौसी से राजघाट-बबराला मार्ग, जोया से संभल बहजोई मार्ग और चौधरी सराय चौराहा संभल से सैदनगली गजरौला मार्ग हैं। इन मार्गों पर विभिन्न गंगा घाटों से गंगाजल लेकर आने वाले कांवड़ियों को गुजरना है। इन मार्गों पर कड़े सुरक्षा और निगरानी के प्रबंध किए गए हैं।

### कांवड़ियों को राह दिखा रहे पथ प्रदर्शक बोर्ड




विभिन्न गंगा घाटों से गंगाजल लेकर आने वाले कांवड़ियों को शिवालयों का रुख करने में परेशानी न हो और वह भटकें नहीं इसके लिए जनपद भर में विभिन्न स्थानों पर पथ प्रदर्शन बोर्ड लगाए गए हैं। इन बोर्डों पर कांवड़ पथ का जिक्र करने के साथ ही चिह्न भी लगा है जिससे कांवड़ियों को सहूलियत मिल रही है।

### बंद कराए मांसाहारी होटल व मांस की दुकानें



**संभल ,अमृत विचार :** कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्वक और सुरक्षित संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने तैयारी की है जिसके तहत कांवड़ यात्रा मार्ग पर आने वाले मुख्य मार्गों से लेकर मोहल्लों की गलियों में मांसाहारी भोजन के होटल और मांस की दुकानें बंद करा दी गई हैं। कांवड़ यात्रा मार्ग पर खाने के होटल ढाबों पर क्यू आर कोड स्टीकर भी लगाए जा रहे हैं ताकि कांवड़ियों को किसी तरह की परेशानी न हो। संभल में चौधरी सराय चौराहा से तिवारी सराय तक करीब 30 मांसाहारी भोजन के होटलों को बंद कराया गया है। अस्पताल चौराहा से बाल विद्या मंदिर स्कूल तक मांस की दुकानें बंद करा दी गई हैं। रायसत्ती क्षेत्र में भी मीट की दुकानों को बंद कराया गया है। कुछ मीट की दुकानें जोया मार्ग पर भी हैं, जिन्हें बंद कराने का काम हुआ है। इस मार्ग से ही बड़ी संख्या में कांवड़ियों को निकलना है। दूसरी तरफ कांवड़ यात्रा मार्ग पर पड़ने वाले खाने के होटल, ढाबों पर क्यू आर कोड स्टीकर लगाए जा रहे हैं। ताकि कोई दिक्कत सामने न आए।

## सार-संक्षेप

### रोटरी मिडटाउन के डा. प्रशांत अध्यक्ष,सुमित सचिव



**संभल,अमृत विचार :** रोटरी क्लब संभल मिडटाउन की चुनावी सभा में आम सहमति से डॉ. प्रशांत वार्ष्णेय को अध्यक्ष चुना गया। सुमित अग्रवाल को सचिव जबकि आलोक गुप्ता को कोषाध्यक्ष बनाया गया। क्लब के सदस्यों ने तालियां बजा कर नई टीम का स्वागत कर बधाइयां दीं। पिछले वर्ष के अध्यक्ष वेद चाहल, अवधेश वार्ष्णेय, टिंकू टंडन, नीरज भारद्वाज शिवांश अग्रवाल आदि ने स्वागत किया। नव नियुक्त अध्यक्ष डॉ. प्रशांत वार्ष्णेय ने क्लब के द्वारा सामाजिक कार्य करने का संकल्प लिया। इस दौरान क्लब के सदस्य प्रिय रत्न आर्य, गौरव वार्ष्णेय, अमित सोनू, गौतम गंभीर, हरदीप क्विटी, निखिल शर्मा, विशाल मोंगिया, मनीष अग्रवाल, चंद्रेश आर्य, हिमांशु पुनिया, प्रभात रस्तोगी आदि उपस्थित रहे।

### छात्राओं ने हाथों में सजाई मेहंदी



**चन्दौसी, अमृत विचार :** अखिल भारतीय परिषद के 77वें स्थापना दिवस पर सिल्वर स्टोन पब्लिक स्कूल में थीं परिषद की विभाग छात्रा प्रमुख दर्शिका भारद्वाज के नेतृत्व में मेहंदी प्रतियोगिता कराई गई। हुमैरा ने प्रथम, अपर्णा ने द्वितीय व सानिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्राओं को विभाग संगठन मंत्री विनोद भरारा ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। अन्य छात्राओं को सर्टिफिकेट देकर दिए। इस दौरान पीयूष बिडौलिया, राहुल राय, अनुष्का भारद्वाज, सोनी अग्रवाल, अनु चौहान, महक कश्यप, वैष्णवी, फरहीन, अफशीन आदि मौजूद रही।

### मानदेय के लिए हड़ताल पर बैठे कर्मचारी



**चन्दौसी, अमृत विचार :** एनकेबीएमजी कॉलेज में आउट सोर्स कर्मचारियों ने 2 माह से मानदेय नहीं मिलने पर हड़ताल कर दी है।कर्मचारियों ने प्राचार्य से मानदेय दिलाने की मांग की है। एनकेबीएमजी कॉलेज में 14 आउट सोर्स कर्मचारी हैं। पिछले 2 दो माह से उक्त कर्मचारियों को मानदेय नहीं मिला है। कर्मचारियों का कहना है कि कई बार वह प्राचार्य से मानदेय दिलाने की मांग कर चुके हैं। मानदेय न मिलने पर कर्मचारी शुक्रवार को महाविद्यालय परिसर में कार्य का बहिष्कार हड़ताल पर बैठ गए। प्राचार्य प्रोफेसर अलका रानी अग्रवाल ने कहा किमैनेजमेंट की ओर से कर्मचारियों को मानदेय देने के लिए कोई पत्र नहीं आया है। आउट सोर्स का मानदेय मैनेजमेंट की ओर से दिया जाता है।

### पर्यावरण और मानव जीवन के लिए लाभदायक हैं पेड़



**संभल, अमृत विचार :** श्री बालाजी ज्ञान ज्योति संस्थान हल्लू सराय के परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत नीम, अशोक, ककरौंदा, अमरूद आदि के 11 पौधे रोपे गए। प्रधानाध्यापक विकास कुमार वर्मा ने कहा कि हमारे जीवन में पेड़ों का बहुत अधिक महत्व है। प्रबंधक दीपक शर्मा ने कहा कि आषाढ़ माह में पेड़-पौधे लगाने का बहुत अधिक महत्व है क्योंकि इस समय वर्षा खूब होती है। आकांक्षा ठाकुर, पारुल ठाकुर, काजल, पायल ,रेखा बहुगुणा, नंदिनी, प्रियंका, रूपाली आदि रहे।

### किसान ने सियार की गर्दन दबोचकर मार डाला,खुद भी घायल



**संभल, अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र में खेत पर जा रहे किसान पर सियार ने हमला कर दिया। किसान खुद तो घायल हो गया लेकिन उसने सियार को भी मार डाला। घायल किसान का जिला अस्पताल में उपचार कराया गया है। थाना क्षेत्र के गांव अमरपुर निवासी राजवीर सिंह शनिवार को खेत पर जा रहा था। गांव से कुछ दूर सियार आ गया। राजवीर सिंह घबरा गया और बचने का प्रयास किया। इस बीच सियार ने हमला कर दिया। राजवीर सिंह ने भी हिम्मत जुटाकर सियार की गर्दन पकड़ ली और तब तक नहीं छोड़ी जब तक कि उसकी जान नहीं निकल गई। इस दौरान राजवीर भी बुरी तरह से घायल हो गया। शोर सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे किसान भी वहां पहुंच गये। परिजनों ने घायल राजवीर सिंह को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

### पुलिस ने दो चोर पकड़े, स्टार्टरों की बॉडी बरामद

**असमोली, अमृत विचार :** असमोली थाना पुलिस ने गांव बिलालपत रोड के किनारे बने हसन मियां वारसी के बंद पड़े खंडहर अस्पताल से उवैद आलम और शिवम चौहान निवासी गांव पतई खालसा थाना डिडौली जिला अमरोहा को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से चार स्टार्टरों की बॉडी बरामद की। पुलिस ने बताया कि 10 मई को मेहंदी हसन निवासी गांव बिलालपत ने मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें कहा था कि 6 मई को रात में अज्ञात चोरों ने नलकूप से स्टार्टर, केबल और लोहे का सामान चुरा लिया। पुलिस ने चोरों को गिरफ्तार करते हुए चोरी की घटना का खुलासा कर दिया। पुलिस ने आरोपियों का चालान कर दिया।

### डीआईजी ने थाना समाधान दिवस में सुनी शिकायतें

**असमोली, अमृत विचार :** थाने में लगे थाना समाधान दिवस में डीआईजी मुनिराज जी ने लोगों की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। डीआईजी ने असमोली थाने का निरीक्षण करते हुए अभिलेखों को देखा। अधिकारियों से कानून व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। कर्मचारियों को अनुशासन, समयबद्धता और आमजन से मित्रवत व्यवहार बनाए रखने के निर्देश दिए। इस दौरान एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई, नायब तहसीलदार दीपक जुरैल, सीओ कुलदीप सिंह, थाना प्रभारी राजीव मलिक मौजूद रहे।

### भीषण गर्मी के बाद बारिश से मौसम सुहाना

**संभल, अमृत विचार :** संभल में शनिवार को सुबह से ही चिलचिलाती धूप निकलने पर लोग पसीने में तरबतर नजर आए। लोगों ने कामकाज शुरू किया तो बेहाल हो गए। इस बीच मौसम का मिजाज बदलने लगा। आसमान में काले बादल छाने के साथ ही ठंडी हवा चलने लगी। शाम के वक्त रिमझिम बारिश शुरू हो गई। मौसम सुहाना होने पर लोगों के चेहरे भी खिल रहे।

### दो भाइयों के घरों से नकदी, जेवर चोरी

**संभल,अमृत विचार :** चंदौसी मार्ग पर गांव फत्तेहपुर सराय निवासी दो भाई नन्हूं और राजेंद्र के परिवार शुक्रवार को रात सो रहे थे। दीवार में नकब लगाकर दाखिल हुए चोर नन्हें के घर से 28 हजार रुपये, जेवर और राजेंद्र के घर से 25 हजार रुपये, जेवर समेटे और निकल गए। चोरों ने कमरे के दरवाजे को अंदर से बंद करके रस्सी बांध दी थी। रात में परिवार के लोग उठे तो चोरी की जानकारी हुई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आसपास चोरों को तलाश किया लेकिन नहीं मिले। पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर दी है।

# विश्व जनसंख्या दिवस पर ड्राइंग प्रतियोगिता आयोजित


अपनी ड्राइंग दिखातीं बालिकाएं। ● अमृत विचार

**संवाददाता,चन्दौसी**

**अमृत विचार:** विश्व जनसंख्या दिवस पर जीके सिल्वर स्टोन स्कूल में ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने जनसंख्या विस्फोट, पर्यावरणीय स्थिरता, संसाधनों का संरक्षण और परिवार नियोजन जैसे महत्वपूर्ण विषयों को कला के माध्यम से प्रस्तुत किया।

निर्णायक मंडल व शिक्षकों ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में न केवल रचनात्मक को बढ़ावा देती हैं, बल्कि उन्हें सामाजिक रूप से जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा देती है। विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# डीआईजी ने देखे इंतजाम, कैमरे लगाने के निर्देश

**कार्यालय संवाददाता, संभल**


डीआईजी मुनिराज जी को व्यवस्थाओं की जानकारी देते सीओ कुलदीप सिंह।

**अमृत विचार :** डीआईजी मुनिराज जी ने शनिवार को असमोली थाना क्षेत्र में जोया मार्ग पर मनोटा पुल पर कांवड़ियों की सुरक्षा को लेकर इंतजामों को परखा। डीआईजी ने कांवड़ियों के प्रत्येक शिविर के अलावा जिले की सीमाओं वाले स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने के निर्देश दिए।

जिला प्रशासन ने कांवड़ यात्रा को लेकर जनपद संभल में निगरानी और सुरक्षा के प्रबंध किए हैं। इन्हीं इंतजामों को देखने के लिए शनिवार को डीआईजी मुनिराज जी ने जिले का दौरा किया। डीआईजी ने एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई के साथ संभल-जोया मार्ग पर असमोली क्षेत्र में मनोटा पुल पर इंतजामों का देखा। अमरोहा के जोया से होकर कांवड़िये इसी प्वाइंट से जनपद संभल में प्रवेश करेंगे। सीओ असमोली कुलदीप सिंह ने डीआईजी को जानकारी दी। डीआईजी ने कहा कि जिले में कांवड़िये के जितने भी शिविर लग रहे हैं, उनमें सीसीटीवी कैमरा अनिवार्य रूप से होना चाहिए। दूसरे जिले से कांवड़िये संभल जनपद में प्रवेश करेंगे तो वहां भी निगरानी के इंतजाम किए जाएं। कांवड़ियों के लिए बेहतर व्यवस्था की जाए। रूट डायवर्जन प्लान को कड़ाई से लागू करने, ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने और कांवड़ मार्गों पर नियमित पेट्रोलिंग सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान एडीएम प्रदीप वर्मा, एसडीएम विकास चंद्र आदि रहे।

● **डीआईजी ने कहा-कांवड़ यात्रा को लेकर पूर्ण सतर्कता बरतें अधिकारी, करते रहें भ्रमण**

### एसपी ने कंट्रोल रूम किया चेक

एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने शनिवार को सत्यव्रत पुलिस चौकी पर सीसीटीवी कैमरों के लिए बने कंट्रोल रूम को चेक किया। एसपी ने जानकारी ली कि कंट्रोल रूम से कितने कैमरे जुड़ चुके हैं और कितना कार्य बाकी है। एसपी ने जामा मस्जिद पर लगे पुलिस बल को चेक किया। मौजूद पुलिस बल को ड्यूटी के दौरान सावधानी बरतने को लेकर ब्रीफ करते हुए निर्देश दिए। इस दौरान अन्य अधिकारी भी रहे।

# कांवड़ यात्रा को लेकर जीआरपी और आरपीएफ ने स्टेशनों पर देखी व्यवस्था

● **बहजोई, बबराला, राजघाट डिबाई स्टेशन पर इंतजाम देखे**

**कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी**


राजघाट रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के सामान की तलाशी लेते पुलिसकर्मी।

**अमृत विचार:** सावन माह में कांवड़ यात्रा के मद्देनजर रेलवे की जीआरपी व आरपीएफ ने चन्दौसी से अलीगढ़ रूट के बीच बहजोई, बबराला, राजघाट व डिबाई रेलवे स्टेशन का भ्रमण कर सुरक्षा के इंतजाम देखे। साथ ही इन स्टेशनों में तैनात फोर्स को ब्रीफ किया।

सावन माह को लेकर जीआरपी व आरपीएफ ने कांवड़ियों के सुरक्षा के इंतजाम करने शुरू कर दिए हैं। शनिवार को जीआरपी व आरपीएफ प्रभारियों ने पुलिस के साथ चन्दौसी-अलीगढ़ रूट के बीच पड़ने वाले स्टेशन बहजोई, बबराला, राजघाट व डिबाई का भ्रमण किया। रेलवे पुलिस ने इन स्टेशनों ने कांवड़ियों की सुरक्षा के इंतजाम देखे व निरीक्षण किया। साथ ही तैनात फोर्स के ब्रीज भी किया। बताया गया कि सावन में कांवड़ लेकर आने व जाने वाले भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। यात्रियों के सामान की तलाशी भी ली गई। जीआरपी थाना प्रभारी अजीत प्रताप सिंह व अन्य मौजूद रहे।

## फर्जी बीमा गैंग का एक और सदस्य गिरफ्तार

**संभल,अमृत विचार:** धनारी पुलिस ने बीमार व मृत लोगों का जीवन बीमा कर क्लेम हड़पने वाले गिरोह के एक और सदस्य को गिरफ्तार किया है।

आरोपी का नाम सत्यप्रकाश बताया गया है जो धनारी के गांव कल्हा का रहने वाला है। सत्यप्रकाश व उसके अन्य साथियों ने तीन साल पहले प्रेमपाल की पत्नी उर्मिला के साथ फर्जीवाड़ा किया था। उस समय प्रेमपाल टीबी व अन्य बीमारियों से पीड़ित था। गिरोह ने उर्मिला को झांसे में लेकर सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का लालच देकर उससे आधार कार्ड व अन्य दस्तावेज ले लिये थे। इन लोगों ने गुपचुप तरीके से बीमार प्रेमपाल का बीमा कराया और जब उसकी मृत्यु हो गई तो क्लेम की रकम हड़प ली। उर्मिला ने इसी साल 24 फरवरी को गिरोह के खिलाफ धनारी थाने में मुकदमा दर्ज कराया था।

# रायसत्ती तीर्थ की जमीन पर दुकानें बनवाने की शिकायत

**कार्यालय संवाददाता, संभल**


दुकानों का हो रहा निर्माण।

**अमृत विचार :** रायसत्ती तीर्थ की भूमि पर अवैध तरीके से दुकानों के निर्माण की शिकायत मुख्यमंत्री को भेजी गई है। उच्च स्तरीय जांच कराकर कार्रवाई की मांग की गई है।

रायसत्ती पर स्थित भागीरथी तीर्थ पर प्रशासन ने अतिक्रमण हटवाया था। चाहरदीवारी और मरम्मत भी कराई गई। तीर्थ के अगले हिस्से में बनी दुकानों को तोड़े जाने के बीच पीछे की तरफ दुकानों का निर्माण शुरू कर दिया गया। जबकि इसे लेकर न तो विनियमित क्षेत्र से नक्शा पास कराने की प्रक्रिया की गई है न ही प्रशासन को जानकारी दी गई है। राष्ट्रीय भ्रष्टाचार दमन परिषद के राष्ट्रीय संगठन मंत्री अमित गौतम ने मुख्यमंत्री को शिकायत भेजी कि दूसरे वर्ग के लोगों को मोटी रकम लेकर दुकानें दी जा रही हैं जिससे अति संवेदनशील संभल में झगड़ा होने की संभावना बन जाएगी। उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई कराने, तीर्थ की भूमि पर दुकानों के निर्माण को रुकवाने और मंदिर परिसर की जगह को खाली कराने की मांग की गई है।

# जमीन के बंटवारे को लेकर पथराव-मारपीट, चार घायल

**संवाददाता, बबराला**

**अमृत विचार:** गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के गांव कुहेरा में शनिवार दोपहर जमीन के बंटवारे को लेकर चाचा-भतीजों के बीच विवाद के बाद पथराव और मारपीट हो गई। एक पक्ष के जुगल किशोर व उसका भाई रूप किशोर घायल हुए हैं। वहीं, दूसरे पक्ष से राम खिलाड़ी व उसका पुत्र ललतेश चोटिल हुआ है।

बताया गया है कि दोनों पक्षों के बीच जमीन के बंटवारे और रास्ते की निकासी को लेकर पिछले तीन माह से विवाद चल रहा था। शनिवार को इसी मुद्दे पर कहासुनी के दौरान विवाद बढ़ गया कि दोनों ओर से ईंट-पत्थर चलने लगे। राम खिलाड़ी ने आरोप लगाया कि जुगल किशोर शराब के नशे में गाली-गलौज कर रहा था। जब उन्होंने विरोध किया तो उनके घर में घुसकर मारपीट की गई। वहीं, जुगल किशोर पक्ष का कहना है कि वह जा रहे थे तभी उन्हें घेर कर हमला किया गया। फिलहाल पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर लेकर जांच शुरू कर दी है।


## हाइटेंशन करंट से झुलसा लाइनमैन

**संभल/ओबरी, अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र के गांव मालपुर मिलक निवासी रिहान अमरोहा के चौधरपुर में संविदा लाइनमैन है।

शुक्रवार की रात रिहान गांव सेवापुर पदारथपुर में शटडाउन लेने के बाद ट्रांसफार्मर के तार जोड़ रहा था। अचानक हाइटेंशन लाइन में करंट दौड़ गया जिससे रिहान झुलस गया। ग्रामीणों ने मुरादाबाद जिले के रसूलपुर में स्थित निजी क्लीनिक में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद लाइनमैन रिहान को रेफर कर दिया। जेई यासीन अली ने बताया कि ट्रांसफार्मर के तार जोड़ते समय कर्मचारी करंट लगने से झुलस गया था। उसकी हालत में सुधार है।

# 18 फीट खिसकाई जा चुकी दरगाह

**कार्यालय संवाददाता, संभल**


दरगाह को जैक लगाकर शिफ्ट करते मजदूर। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** हयातनगर थाने से आगे अतिक्रमण की जद में आई दरगाह को शिफ्ट किए जाने का काम शनिवार को भी जारी रहा। दरगाह को पीछे की तरफ करीब 18 फिट सरका लिया गया है। अब फाउंडेशन तैयार कराया जा रहा है। ठेकेदार ने दरगाह को 10 दिन में शिफ्ट किए जाने की बात कही है।

दरगाह को 30 फिट शिफ्ट किया जाएगा। रुड़की के ठेकेदार दिलशाद अंसारी की निगरानी में कई दिनों से काम चल रहा है। ठेकेदार ने बताया कि दरगाह को 18 फिट पीछे सरका दिया गया है। अब फाउंडेशन बनाने का काम शुरू किया है। इस कार्य में करीन चार दिन लग सकते हैं जबकि 10 से 12 दिनों में दरगाह को शिफ्ट करा दिया जाएगा। बताते चलें कि दरगाह को शिफ्ट किए जाने में तकरीबन 20 लाख रुपये का खर्च आ रहा है। इसके लिए मस्जिद कमेटी द्वारा चंदा करके धन जुटाया जा रहा है।

● **चार दिन में तैयार होगी फाउंडेशन 10 दिन में काम पूरा कर लेने का किया जा रहा दावा**

# राष्ट्रीय एकता में दर्शन का सदुपयोग



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

वेद और उपनिषद 'आनंद' को बार-बार दुहराते है। ब्रह्मसूत्र भी 'आनन्दमयो अभ्यसात' (1.1.12) लिखता है। यहां आनंदमय शब्द में मयट प्रत्यय संसार बोधक है, मय का तात्पर्य 'व्याप्त' होता है, जैसे दुखमय, सुखमय आदि। ब्रह्मसूत्र आनन्दमय को भी ब्रह्मय बताते हैं।

दर्शन बुद्धि विलास नहीं है। मानव जीवन को आनंदित करने के लिए दर्शन का सदुपयोग होता रहा है। राष्ट्रीय एकता के लिए भी दर्शन की उपयोगिता है। वेदांत दर्शन का सदुपयोग शंकराचार्य व विवेकानंद ने किया था। वेदांत का मूल ग्रंथ ब्रह्मसूत्र है। ब्रह्मसूत्र असाधारण रचना है। इसमें वेदों से लेकर उपनिषद काल तक विकसित सभी विचारों पर टिप्पणियां है। रचनाकार ने सूत्रों में बड़ी-बड़ी बातें की हैं। ब्रह्म सूत्र में पूरी बात के लिए भी अतिअल्प शब्द विन्यास हुआ है। पहला सूत्र है-अथातो ब्रह्म जिज्ञासा। अब ब्रह्म की जिज्ञासा है। दूसरे सूत्र में दो शब्द ही हैं, "जन्माद्यस्य यतः। अनुवाद है-यहां जिससे जन्म आदि होते हैं।" अनुवाद से अर्थ पूरा नहीं निकलता इसलिए अनुभूति की सहायता से कहते हैं-वही ब्रह्म है। अब अर्थ पूरा हुआ "जिससे जन्म आदि होते है वह ब्रह्म है।' 'जन्म आदि' का अर्थ भी बड़ा है-जन्म, युवा, बुढ़ापा, मृत्यु, सृष्टि, स्थिति, विकास और प्रलय। तीसरा सूत्र मात्र एक शब्द का ही है, "शास्त्रयोनित्वात-शास्त्र में वही कारण है। पूरा अर्थ है वह ब्रह्म ही वेदों शास्त्रों में जगत का कारण कहा गया है। ब्रह्मसूत्रों में सृष्टि जगत का रहस्य है, उपनिषदों में वर्णित तमाम सूत्रों की व्याख्या है।

ब्रह्मसूत्र चार अध्यायों व 16 छोटे-छोटे खण्डों में विभाजित है। 16 खण्डों को पाद-चरण कहा गया है। सूत्रों में वेद उपनिषद में आए तमाम शब्दों, प्रत्ययों, विचारों का विवेचन है। उपनिषदों में प्राण शब्द आया है। यहां प्राण को ब्रह्म कहा गया है। (1.1.28-31) छान्दोग्य उपनिषद में सम्पूर्णता के लिए 'भूमा' शब्द आया है। यहां भूमा को ब्रह्म बताया गया है। (1.3.8-9) विवेकानन्द ने भी 'भूमा' को ब्रह्म कहा है "ब्रह्म नाना रूपों में परिवर्तित जैसा प्रति भासित होता है। इस प्रकार अद्वैतियों के लिए जीवात्मा का स्वतंत्र अस्तित्व नहीं है। उनके अनुसार माया ही जीवात्मा के अस्तित्व का कारण है। पारमार्थिक दृष्टि से उसका अपना कोई अस्तित्व नहीं है। इस प्रकार सत्ता यदि केवल एक है, तो यह कैसे संभव हो सकता है कि मैं पृथक सत्ता हूं और तुम एक पृथक सत्ता हो? यथार्थ में हम लोग सभी एक हैं। हमारी द्वैत दृष्टि ही सभी अनिष्ट का कारण है। जभी मैं यह समझता हूं कि मैं संसार से पृथक हूं, तभी पहले भय उत्पन्न होता है और तब दुख का अनुभव होता है। जहां व्यक्ति दूसरे से सुनता है, दूसरे को देखता है, वह अल्प है। जहां व्यक्ति दूसरे को देखता नहीं, दूसरे को सुनता नहीं, वह भूमा है, वह ब्रह्म है। भूमा में परम सुख है, अल्प में नहीं?"

सत्य तत्व इन्द्रियों की क्षमता से परे है। सत्य तत्व की व्याख्या वैसे भी कठिन है। श्वेताश्वतर (3.20), कठोपनिषद (2.20) और तैत्तिरीय आरण्यक में एक साथ एक प्यारा सा मंत्र/श्लोक आया है "अणोरणीयान महतो महीयान-अणु से लघुतम अणु और महान से महत्तर (वह है)।" श्वेताश्वतर (6.19) में इसी बात को और विस्तार देते है "वह निरवयव है, निश्चल है, शांत, निर्दोष और निर्लिप्त है।" ब्रह्मसूत्र में 561 सूत्र हैं। सभी सूत्र ब्राह्मणों उपनिषदों का विश्लेषण है। ब्रह्म की स्थापना है। यहां सांख्य दर्शन के कारणवाद का खण्डन है। (अध्याय 2.2.1-10) इसी तरह कणाद के परमाणुवाद से उठे भौतिकवादी प्रश्नों का भी परम ब्रह्म में निरूपण है। (वही:11-17) बौद्ध और जैनमतों का भी जबर्दस्त खण्डन किया गया है (ब्रह्मसूत्र: गीता प्रेस पृष्ठ 148-177) आगे सारी बातें गीता प्रेस से प्रकाशित ब्रह्मसूत्र की पृष्ठ संख्या के उद्धरणों से लिखी गई हैं। मधु विद्या अमूल्य है। जैमिनि ने पूर्व मीमांसा में इसे देवताओं के योग्य नहीं बताया क्योंकि देवताओं को यह विद्या सहज प्राप्त है। वे ज्योतिर्मय लोकों में रहते हैं। (पृष्ठ 77 श्लोक 1.3.31-32) अगले श्लोक में लिखा है कि 'वादरायण को यह मतमान्य नहीं है।

वेद और उपनिषद 'आनंद' को बार-बार दुहराते है। ब्रह्मसूत्र भी 'आनन्दमयो अभ्यसात' (1.1.12) लिखता है। यहां आनंदमय शब्द में मयट प्रत्यय संसार बोधक है, मय का तात्पर्य 'व्याप्त' होता है, जैसे दुखमय, सुखमय आदि। ब्रह्मसूत्र आनन्दमय को भी ब्रह्मय बताते हैं। लेकिन तैत्तिरीय उपनिषद में आनंदमय का वर्णन करते हुए उसे सीधे 'रसो वै सः'-वह रस है" बताते हैं। ब्रह्मसूत्र में उपनिषदों का आनंद भी ब्रह्म है। तैत्तिरीय उपनिषद में आनंद का विवेचन है। आनंदमय ब्रह्ममयता है। (1.1.12-19) मुण्डकोपनिषद में एक मंत्र में कहते हैं "जो अदृश्य है, इन्द्रिय बोध से परे है, वर्णहीन, गोत्रहीन, आंख, कान, पैर से रहित है नित्य, व्यापक, परिपूर्ण और अविनाशी है। धीरपुरूष उसे देखते हैं, वह समस्त भूतों का कारण है। इसी संदर्भ को लेकर ब्रह्मसूत्र में बताया गया है कि वैदिक अनुभूति में जो अदृश्यता आदि गुणों वाला है। वह ब्रह्म है। (1.2.21) ब्रह्मसूत्र मूर्ति पूजा-प्रतीक पूजा की विधि बताता है। आगे कहते हैं 'आसीन सम्भवात'-बैठकर ही ऐसा संभव है। (4.1.7) फिर कहते है "ध्यानाच्च-ध्यान" (4.1.8) और 'अचलत्वं चापेक्ष्य-शरीर की अचलता की अपेक्षा।" (4.1.9) ब्रह्मसूत्रों पर तमाम भाष्य लिखे गए। शंकराचार्य का भाष्य अद्वैत सिद्धांत कहलाया। उन्होंने इसी आधार पर ब्रह्म को सत्य और जगत को मिथ्या बताया। सबसे दिलचस्प है विद्या का प्रकरण। तीसरे अध्याय के चौथे पाद के प्रथम सूत्र में कहते हैं, "पुरुषार्थ की सिद्धि इसी से (ज्ञान) होती है। शब्द (वेद) यही बताते हैं।" अगले सूत्र में कहते हैं कि पूर्व मीमांसा के द्रष्टा आचार्य जैमिनि यह बात नहीं मानते। उनका मत है कि "ज्ञान को पुरुषार्थ बताना अर्थवाद है। पुरुषार्थ का साधन तो कर्म है। श्रेष्ठजनों के आचरण से यही सिद्ध होता है। छान्दोग्य उपनिषद में भी कर्म को ही पुरुषार्थ का साधन कहा गया है। कर्म कर्तव्य है।" (वही 2-7) 6 सूत्रों में जैमिनि के तर्क बताकर फिर वादरायण का मत है "श्रुति में कर्म की अपेक्षा विद्या की महत्ता है।" बड़ी मजेदार लेकिन उचित धारणा है कि विद्या कर्म का भाग नहीं है। अध्ययन कर्म भाग है-अध्ययन मात्रवतः।" (वही 3.4.12) बताते हैं कि "विद्या से कर्मों का (कर्मफल) पूरा नाश हो जाता है।" (3.4.16) वैदिक दर्शन में 'अक्षर' शब्द बहुत आया है। वृहदारण्यक उपनिषद् (3.8.7) में 'अक्षर' की विवेचना है। गार्गी ने याज्ञवल्क्य से पूछा "जो द्युलोक से ऊपर है, पृथ्वी से भी नीचे है। इन दोनो के बीच में भी है। जिसे भूत भविष्य और वर्तमान कहते हैं वह काल किसमें ओत प्रोत है?" याज्ञवल्क्य ने कहा-आकाश में। गार्गी ने पूछा, "वह आकाश किसमें ओतप्रोत है?" याज्ञवल्क्य ने कहा "उसे ब्रह्मवेत्ता 'अक्षर' कहते हैं, यह न सूक्ष्म है, न लघु, न बड़ा, न लाल, न पीला।" ब्रह्मसूत्र (1.3.100) में अक्षर भी ब्रह्म है। सूत्र है "अक्षरम्बरांत धृते-अक्षर आकाश पर्यन्त सबको धारण करता है।" छान्दोग्य उपनिषद् में कहा गया "निश्चय ही सभी प्राणी आकाश से ही उत्पन्न होते हैं।" ब्रह्मसूत्र में आकाश भी ब्रह्म है। सृष्टि सृजन के संबंध में उपनिषदों में अनेक विचार हैं। छान्दोग्य उपनिषद् में तेज, जल और अन्न का क्रमिक विकास है। तैत्तिरीय उपनिषद में ब्रह्म से आकाश की उत्पत्ति है। फिर आकाश से वायु और वायु से तेज। लेकिन वृहदारण्यक उपनिषद में आकाश अमृत है। अमृत का जन्म नहीं होता, मरण भी नहीं होता। ब्रह्म सूत्र में सारी शंकाओं, मतों का विवेचन है। फिर ब्रह्म को ही जगत का कारण बताया गया है। दर्शन का सदुपयोग बौद्ध, जैन ने भी किया, लेकिन शंकराचार्य विरल हैं। उन्होंने राष्ट्र की सांस्कृतिक एकता को परिपुष्ट किया।

# सिविक सेंस: समाज की प्रगति की आधारशिला

भारत एक विविधतापूर्ण और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध देश है, जहां सरकारें नागरिकों के लिए अनेक सुविधाएं प्रदान करती हैं। सड़कें, अस्पताल, स्कूल, पार्क, सार्वजनिक परिवहन और स्वच्छता व्यवस्था जैसी बुनियादी सुविधाएं जनता के करों के पैसे से ही संचालित होती हैं। किंतु, इन सुविधाओं के प्रति हमारी उदासीनता और सार्वजनिक संपत्ति के विनाश की प्रवृत्ति देश के विकास में बाधक बन रही है। यह एक गंभीर विडंबना है कि हम सरकार से बेहतर सुविधाओं की मांग तो करते हैं, परंतु स्वयं एक जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाने में पीछे रह जाते हैं। इसका मूल कारण है-सिविक सेंस की भारी कमी। भारत में आंदोलनों, धरनों और जुलूसों के दौरान सार्वजनिक संपत्ति को नष्ट करना एक आम बात हो गई है। बसों और ट्रेनों को आग के हवाले कर देना, सड़कों पर बैरिकेड्स तोड़ना, ट्रैफिक सिग्नल और सीसीटीवी कैमरों को नुकसान पहुंचाना-ये सभी कार्य आम नागरिकों द्वारा ही किए जाते हैं। ये सुविधाएं हमारे अपने पैसे से बनती हैं, फिर भी हम उन्हें नष्ट करने में संकोच नहीं करते। ट्रेनों में बल्ब, पंखे, सीटें और यहां तक कि टॉयलेट फिटिंग्स भी चोरी हो जाती हैं। यात्रियों द्वारा ट्रेनों की दीवारों पर अश्लील लिखाई करना और शीशे तोड़ना आम बात है। यदि हम स्वयं ही अपनी संपत्ति को नष्ट करेंगे, तो सरकार चाहे कितनी भी सुविधाएं क्यों न बना दे, देश कभी विकसित नहीं हो पाएगा।



तपन कुमार
सहायक मीडिया प्रभारी
एमजेपीआरयू, बरेली

यातायात अनुशासनहीनता-भारत में सड़क दुर्घटनाएं विश्व में सबसे अधिक होती हैं। इसका एक बड़ा कारण यातायात नियमों की अनदेखी है। लोग हेलमेट नहीं पहनते, सीट बेल्ट का उपयोग नहीं करते, गलत दिशा में वाहन चलाते हैं और ज़बरदस्ती ओवरटेक करने की कोशिश करते हैं। जब कोई सड़क दुर्घटना होती है, तो लोग पीड़ित की मदद करने के बजाय मोबाइल से वीडियो बनाने लगते हैं। कई बार तो अस्पताल पहुंचाने में देरी के कारण जान चली जाती है। जाम में एम्बुलेंस के लिए रास्ता नहीं छोड़ा जाता, जिससे मरीज़ की जान जोखिम में पड़ जाती है। यदि हम थोड़ा सा भी सिविक सेंस दिखाएं, तो सैकड़ों जानें बचाई जा सकती हैं। साथ ही स्वच्छता और पर्यावरण के प्रति उदासीनता-स्वच्छ भारत अभियान के बावजूद, हमारे शहरों और गांवों में कूड़े का ढेर लगा रहता है। लोग सड़कों पर थूकते हैं, प्लास्टिक फेंकते हैं और नालियों को गंदगी से भर देते हैं। हम सभी जानते हैं कि प्लास्टिक पर्यावरण के लिए हानिकारक है, फिर भी हम इसे यहां-वहां फेंक देते हैं। सरकार लाखों पेड़ लगाती है, लेकिन लोग उनकी देखभाल नहीं करते। सफाई केवल सरकार की ज़िम्मेदारी नहीं है। यदि हम स्वयं कूड़ा कूड़ेदान में डालें और दूसरों को भी प्रेरित करें, तो देश स्वच्छ बन सकता है। विद्यालयों और कॉलेजों में सिविक सेंस को एक अनिवार्य विषय के रूप में पढ़ाया जाना चाहिए। छात्रों को सार्वजनिक संपत्ति का महत्व, यातायात नियम, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जिम्मेदारी के बारे में प्रशिक्षित किया जाना चाहिए। साथ ही सरकार और एनजीओ को मिलकर "सिविक सेंस मिशन" चलाना चाहिए। टीवी, सोशल मीडिया और होर्डिंग्स के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा सकता है।

सिविक सेंस किसी भी विकसित राष्ट्र की नींव होती है। जापान, सिंगापुर और स्विट्ज़रलैंड जैसे देशों की प्रगति का रहस्य उनके नागरिकों का अनुशासन और सार्वजनिक जीवन के प्रति सम्मान है। यदि हम भी एक विकसित भारत का सपना देखते हैं, तो हमें अपने सिविक सेंस को सुधारना होगा।

# जब स्कूल बंद होते हैं, तो भविष्य चीखता है



नृपेन्द्र अभिषेक नृप
नई दिल्ली

यह दुर्भाग्य नहीं, बल्कि सुनियोजित उपेक्षा है। यह वही शासन है जो चुनावी रैलियों में हज़ारों करोड़ बहा देता है, मगर शिक्षा के नाम पर तिजोरी के ताले कस लेता है।

शिक्षा किसी भी समाज की रीढ़ होती है और विद्यालय उस भविष्य की प्रयोगशाला जहां सपनों को आकार मिलता है। ऐसे में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पांच हज़ार सरकारी स्कूलों को बंद करने का निर्णय केवल प्रशासनिक निर्णय नहीं, बल्कि एक गहरी सामाजिक उपेक्षा का प्रतीक है। जब एक सरकार अपने राज्य के पांच हज़ार सरकारी विद्यालयों पर ताला डालने का निर्णय करती है, तो यह केवल ईंट-गारे की इमारतों का अंत नहीं होता, यह भविष्य की संभावनाओं, बच्चों के सपनों, और समाज के उजासपूर्ण कल की विधिवत शवयात्रा होती है। उत्तर प्रदेश सरकार का यह फैसला, जिसकी वजहें बड़ी नपे-तुले शब्दों में दी गई हैं-स्कूलों की जर्जर स्थिति, शिक्षा का गिरता स्तर, शिक्षकों की अनुपलब्धता, शहरीकरण, और निजी अंग्रेज़ी स्कूलों की ओर झुकता समाज, दरअसल हमारी सामाजिक चुप्पी और लोकतांत्रिक बेहोशी का नतीजा है।

आश्चर्य की बात यह नहीं कि स्कूल बंद किए जा रहे हैं, असली हैरत इस पर होनी चाहिए कि हम सब इतने निःशब्द क्यों हैं। यह निर्णय बताता है कि सरकार को अब यह कहने में भी संकोच नहीं कि हमें आपके बच्चों की शिक्षा से कोई लेना-देना नहीं है। हमने आपकी मूलभूत ज़रूरतों को दरकिनार करना सीख लिया है, और आपको इसकी आदत भी डलवा दी है। क्या कोई भी सरकार इन समस्याओं का समाधान नहीं कर सकती थी? जर्जर स्कूलों को मरम्मत करना, शिक्षकों की बहाली करना, संसाधनों का पुनर्वितरण करना और शिक्षा में गुणवत्ता का संचार करना, ये सब शासन की प्राथमिक जिम्मेदारी होती है। परन्तु जब सत्ता यह सब करना ही न चाहे, तो बहाने बनाना और दोष दूसरों के सिर मढ़ना सहज हो जाता है।

यह दुर्भाग्य नहीं, बल्कि सुनियोजित उपेक्षा है। यह वही शासन है जो चुनावी रैलियों में हज़ारों करोड़ बहा देता है, मगर शिक्षा के नाम पर तिजोरी के ताले कस लेता है। उसका विश्वास उस मतदाता पर है, जो अस्पताल की बदहाली, स्कूल की वीरानी और रोजगार की क्षीणता के बावजूद वोट धर्म, जाति और भावनात्मक नारों के आधार पर देता है। शिक्षा से वंचित समाज सवाल नहीं करता। वह आंखें मूंदकर विश्वास करता है, जयकारे लगाता है और शत्रु गढ़कर अपना गुस्सा निकाल लेता है। सत्ता यही चाहती है, एक ऐसा समाज जो सोचता नहीं, केवल मानता है। धर्म, जो मनुष्य के भीतर नैतिकता और विवेक का संचार करता है, अब एक ऐसा उपकरण बन चुका है जिसे सत्ता जब चाहे घुमा देती है। धर्म की आड़ में शिक्षा की हत्या अब कोई नई बात नहीं रही। किसी को यह नहीं खटकता कि जिन बच्चों के हाथ में किताबें होनी चाहिए, वे धार्मिक रैलियों में झंडे थामे खड़े हैं। उनके माता-पिता इस भ्रम में हैं कि "धर्म की रक्षा" हो रही है, जबकि दरअसल उनके बच्चों के भविष्य की चिता जलाई जा रही है। एक शिक्षित समाज वह होता है जो प्रश्न करता है, तर्क करता है, आलोचना करता है और विकल्प तलाशता है। यह हर सत्ता के लिए चुनौती है। इसलिए शिक्षा में कटौती, स्कूलों का बंद होना, पाठ्यक्रम से विचारशील साहित्य और इतिहास का गायब हो जाना, ये सभी एक बड़े सोशल इंजीनियरिंग का हिस्सा हैं।

सरकारों को सवाल पूछने वाले नागरिक नहीं चाहिए। उन्हें जय-जयकार करने वाले, तथ्यों से दूर और भावनाओं के झूले में झूलते लोग चाहिए। इसलिए जब पांच हज़ार स्कूल बंद होते हैं, तो यह केवल ईंट-पत्थर का नुकसान नहीं, यह उस लोकतंत्र की चेतना का ह्रास है जहां सरकारें जवाबदेह होती थीं। हमारे चुप रहने का अर्थ केवल सहमति नहीं होता, यह एक तरह की सहभागिता है। जब हम इन घटनाओं पर उदासीन रहते हैं, तो हम उस अपराध में साझीदार बनते हैं जो हमारे बच्चों से उनका हक़ छीनता है। यह समझना जरूरी है कि लोकतंत्र केवल सरकार बनाने का माध्यम नहीं, सरकार को जवाबदेह बनाने का भी माध्यम है। अगर हम शिक्षा जैसे मुद्दों को चुनावी एजेंडे से बाहर कर देंगे, तो सरकारें भी उन्हें अपनी प्राथमिकता सूची से बाहर कर देंगी और फिर एक दिन ऐसा आएगा जब सरकारी स्कूल नहीं होंगे और शिक्षा केवल एक 'बिकाऊ उत्पाद' बनकर रह जाएगी, जिसकी कीमत केवल अमीर चुका सकेंगे। अब समय आ गया है कि हम धर्म, जाति, और भावनाओं के नारों से ऊपर उठें और उन प्रश्नों को सामने लाएं जो सचमुच हमारे जीवन को प्रभावित करते हैं-शिक्षा, स्वास्थ्य, रोज़गार और गरिमा। वरना यह सिलसिला थमेगा नहीं। आज पांच हज़ार स्कूल बंद हुए हैं, कल शायद पांच लाख बच्चे शिक्षा से बाहर कर दिए जाएंगे। सवाल यह नहीं कि सरकार स्कूल क्यों बंद कर रही है, सवाल यह है कि हम अब भी चुप क्यों हैं? "क्योंकि जिन बच्चों को किताबें नहीं मिलतीं, वो कभी संविधान नहीं पढ़ते और जो संविधान नहीं पढ़ते, वो कभी सवाल नहीं करते।" यदि हम अब भी नहीं चेते, तो आने वाला कल हमें नहीं, हमारे बच्चों को अभिशाप देगा।

गांव, कस्बे और शहरों की गलियों में अगर स्कूलों के बंद दरवाज़े मौन खड़े हैं, तो यह मौन हमारी सामाजिक असफलता का प्रतीक है। ये दरवाज़े सिर्फ स्कूल के नहीं, अवसरों के, चेतना के और समभाव की संस्कृति के हैं। क्या हमने अपने बच्चों के भविष्य का सौदा इतनी आसानी से कर दिया है? क्या विकास केवल सड़कों और चमकते शहरों का नाम है? जब तक शिक्षा हर गली, हर टोले और हर बच्चे तक नहीं पहुंचेगी, तब तक कोई राष्ट्र उन्नत नहीं कहला सकता। शिक्षा को लेकर हमारी सामूहिक उदासीनता ही आज के संकट की जड़ है। हमें यह स्वीकार करना होगा कि अगर हम आज नहीं बोले, तो आने वाली पीढ़ियां न केवल शिक्षाविहीन होंगी, बल्कि असहाय भी होंगी। यह केवल एक नीति की असफलता नहीं, यह नागरिक चेतना की पराजय है।

# दान का महत्व

हर धर्मों में दान का बहुत महत्व बताया गया है। जिसके चलते दान की परंपरा चली आ रही है, लेकिन दान किस तरह और किन लोगों को करना चाहिए, इस पर ध्यान कम दिया जाता है। धर्मस्थलों के बाहर चादर बिछाकर या कटोरा लेकर बैठे लोगों को कुछ रुपए पैसे देकर दान का कर्तव्य मान लिया जाता है। जबकि दान की यह सही तरीका नहीं है।

सर्व प्रथम दान देने के लिए सुयोग्य पात्र की तलाश करनी चाहिए। ऐसा व्यक्ति जो जीवन में कुछ करना चाहता है और धन के अभाव में नहीं कर पा रहा है। ऐसे व्यक्ति को दान और मदद से वह खुद तो स्वावलंबी बनेगा, साथ में वह दूसरों को भी स्वावलंबी बनाएगा, जबकि धर्मस्थलों के बाहर बैठे भिखारी आजीवन भीख ही मांगते है। उनकी आदतें भीख मांगने की जो हो जाती है, वह जल्दी छूटती नहीं। इस संबंध में एक बोध कथा है कि कोई युवा भिखारी सड़क किनारे बैठकर भीख मांगा करता था। आते जाते लोग कुछ रुपए उसे दे देते थे। लेकिन किसी महात्मा से उसने भीख मांगी तो महात्मा जी पूछ बैठे, 'यहां बैठकर तुम भीख मांगते हो कि कहीं आते-जाते भी हो।' भिखारी बोला, 'कहीं जाता नहीं, यहीं बैठकर भीख मांगकर काम चलाता हैं।' 'महात्मा ने कहा, 'जब कहीं जाते नहीं तो तुम्हरा पैर बेकार का है। 10 हजार ले लो और बदले में पैर दे दो। इस पर भिखारी बोला, 'लेकिन पैर दे दूंगा तो नित्य क्रिया के लिए कैसे जाऊंगा'। महात्मा जी ने कहा, 'चलो, 20 हजार में एक हाथ दे दो।' भिखारी हाथ देने के लिए भी तैयार नहीं हुआ। महात्मा जी एक लाख में दोनों आखें जब मांगी तो तैश में आ गया भिखारी बोला, 'करोड़ रुपए देंगे तो एक शरीर का एक रोम (रोआ) दूंगा नहीं। चलिए आगे बढिए।' भिखारी के इस कथन पर महात्मा बोले, 'जिसके पास करोड़ों की संपत्ति है, वह भीख मांगे, यह भी उचित नहीं। महात्मा जी की वाणी उसके मन में लग गई और बोल पड़ा, 'अब भीख नहीं मांगूगा। उस दिन से भीख मांगना छोड़, वह अपने काम में लग गया।



सलिल पांडेय
वरिष्ठ लेखक

दान के बारे मनीषियों ने तो यहां तक कहा कि दाहिना हाथ दान करे तो बाएं हाथ तक को खबर न लगे कि दाहिने हाथ ने दान किया है। दान का स्तर भी तय किया गया है। प्रथम उत्तम दान उसे कहा गया है कि जहां किसी काम के लिए धन की जरूरत हो तो दान दाता खुद दान के लिए आगे बढ़कर दान का प्रस्ताव करें। द्वितीय स्तर का दान वह है, जो दानदाता से मांगना पड़े। जबकि मांगने पर नाक-भौ सिकोड़ कर कोई दान करता है तो वह अधम किस्म का दान होता है। दान देने के बाद उसका प्रचार-प्रसार अहंकार का सूचक है। उत्तम किस्म का दान उसे ही माना जाता है नो सद कार्यो में लगा दिया जाए और उसका प्रचार प्रसार न किया जाए। प्रचार प्रसार का आशय तो यही निकलता है कि समाज में खूब वाहवाही हो।

# भावनाओं का सूचकांक

शेयर बाजार केवल धन का खेल नहीं यह भावना, आत्मस्वीकृति और पछतावे का भी मंच है। शेयर बाजार में भागीदारी महज़ संख्याओं, लाभ और हानि की गणना नहीं होती यह आत्मा की गहराइयों तक जाती एक यात्रा होती है। जहां निवेशक केवल धन नहीं, बल्कि भरोसा, समय और भावनाएं भी निवेश करता है।

इस यात्रा में हर निवेशक को कभी न कभी एक भाव जरूर छूता है। अफसोस, काश पहले आया होता हर नए निवेशक को शुरुआत में यही लगता है कि अगर वह कुछ साल पहले बाजार में आया होता तो अब तक काफी मुनाफा कमा चुका होता। सेंसेक्स और निफ्टी की पुरानी चालों को देखकर ऐसा लगता है जैसे बीते हर मौके पर वह चूक गया। यह अफसोस व्यक्ति को शुरुआत से ही पिछड़ेपन के भाव में डाल देता है। काश ज्यादा खरीदा होता -जब निवेश के तुरंत बाद शेयर का भाव ऊपर जाता है, तो सबसे पहला पछतावा यह होता है कि हमने थोड़े ही क्यों खरीदे? क्या होता अगर हम और खरीद लेते? यह लोभ का एक प्रारंभिक रूप है, जो निवेश के रोमांच में व्यक्ति को और जोखिम लेने को उकसाता है। काश नहीं खरीदा होता शेयर खरीदने के तुरंत बाद उसका मूल्य गिरना शुरू हो जाए तो निवेशक सोचता है-'ये मैंने क्यों खरीदा?' ऐसा लगता है जैसे खुद से या अपने निर्णय लेने की प्रक्रिया से विश्वास उठ गया हो। काश और नीचे खरीदा होता अगर किसी शेयर का मूल्य और नीचे गिरता है, तो व्यक्ति पछताता है कि जल्दबाज़ी में खरीद लिया। धैर्य रखता तो और सस्ते में मिल जाता। यह अफसोस व्यक्ति को अपनी समय-प्रबंधन क्षमता पर सवाल उठाने को मजबूर करता है।



राजीव सिंह
कानपुर

कभी-कभी दो शेयरों में से एक को चुनते हैं और दूसरा उड़ान भर जाता है। निवेशक बार-बार सोचता है, 'दूसरा चुनता तो कितना फायदा होता!' यह तुलना की भावना मानसिक अशांति का कारण बनती है। साथ ही अगर कोई शेयर बेचने के बाद उछाल मारता है, तो यही लगता है कि जल्दबाज़ी कर दी। जब शेयर बिकने के बाद गिरता है और हम केवल थोड़ी होल्डिंग निकाल पाते हैं, तो सोचते हैं-'पूरा क्यों नहीं बेच दिया?' यह अवसर गंवाने की पीड़ा में बदलता है।

साथ ही दूसरों की सलाह पर खरीदे गए शेयर अगर नुकसान में जाते हैं, तो व्यक्ति को लगता है-'मैंने क्यों सुना?' यह अफसोस निवेशक को आत्मनिर्भरता और स्वतंत्र निर्णय लेने की ओर धकेलता है। कई बार भावनाओं में आकर फैसले लिए जाते हैं-डर, लालच, या उत्साह में। बाद में पछतावा होता है कि थोड़ा सोच-समझ कर निर्णय लेते तो अच्छा होता। तकनीकी ज्ञान की कमी और बुनियादी विश्लेषण न करने का अफसोस व्यक्ति को सीखने की प्रेरणा तो देता है, लेकिन यह देर से आता है। समग्र बाजार की प्रकृति-इसके उतार-चढ़ाव, इसके चक्र, इसके संकेत-को न समझ पाने का पछतावा व्यक्ति को बार-बार भविष्य की रणनीति पर सोचने को मजबूर करता है। हर निवेश के साथ जुड़ा एक भाव होता है। चाहे वह लाभ हो या हानि-निवेशक की स्मृति में वह एक चिह्न छोड़ता है। यही चिह्न जब समझ, सुधार और संकल्प में बदलता है, तब अफसोस ज्ञान बन जाता है। 'भावनाओं का सूचकांक' यही सिखाता है कि बाजार केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं, यह आत्ममंथन का अवसर भी है। हर अफसोस हमें सजग बनाता है। और हर सजग निवेशक एक बेहतर नागरिक बनाता है जो जिम्मेदार, धैर्यवान और दीर्घकालिक सोच रखता है।

# अंतरिक्ष में व्यापार, होटल और मुसाफिर



अनिल यादव
वरिष्ठ पत्रकार

पिछली सदी में अंतरिक्ष के अन्वेषण के लिए इतने विशाल संसाधनों और पूंजी की जरूरत पड़ती थी कि महाशक्ति कहलाने वाले विकसित देशों के अलावा किसी और का इस क्षेत्र में दखल नहीं हो सकता था।

भारतीय वायुसेना के कैप्टन और लखनऊ निवासी अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला के इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर जाने को मीडिया द्वारा देश के गौरव और उपलब्धि के रूप में प्रचारित किया जा रहा है। जैसा कि ऐसे अवसरों पर होता आया है। बेशक यह एक महत्वपूर्ण लेकिन रोमांचक अवसर है क्योंकि शुभांशु शुक्ला 14 जुलाई को संभावित वापसी से पहले वहां जो प्रयोग करेंगे, जानकारियां और अनुभव जुटाएंगे उनका उपयोग देश के गगनयान मिशन-2027 के लिए किया जाएगा।

भारत के गौरव को महसूस करते वक्त इस तथ्य को ध्यान में रखा जाना चाहिए कि 41 साल पहले स्क्वाड्रन लीडर राकेश शर्मा को भारत-रूस मैत्री के कारण अंतरिक्ष में भेजा गया था लेकिन इस बार भारत सरकार को एक निजी अमेरिकी स्पेस कंपनी, एक्जियम को 448 करोड़ रूपए या 65 मिलियन डॉलर देने पड़े हैं। इस रकम में कैप्टन शुक्ला की ट्रेनिंग, लांच, यात्रा, आवास और इंटरनेशल स्पेस स्टेशन (आइएसएस) पर शोध का खर्चा शामिल है।इस मिशन में भारत के साथ पोलैंड और हंगरी के भी दो यात्री हैं। इन देशों ने भी पहले सोवियत संघ की ही मदद से अंतरिक्षगामी होने की उपलब्धि पाई थी। यह परिवर्तन बताता है कि अंतरिक्ष का व्यासायीकरण हो चुका है और वहां की सपनीली यात्रा के मायने पूरी तरह बदल चुके हैं। लोगों को ट्रेनिंग देकर स्पेस में ले जाना, उन्हें होटल जैसे आइएसएस में किराए के एक कमरे में रखना और सुरक्षित वापस लाना अमेरिकी कंपनी एक्जियम का बिजनेस है। यह एक्जियम का चौथा मिशन है जिसकी तीन सीटों के लिए किराया लिया गया है। चौथी सीट पर इस मिशन में कमांडर की भूमिका निभा रही पेगी व्हिटसन गई हैं जो अनुभवी अंतरिक्ष यात्री और कंपनी की एक कर्मचारी हैं। हर साल ऐसे दो मिशन एक्जियम की तरफ से भेजे जाने लगे हैं जिनमें किसी देश की कोई भूमिका नहीं होती है। जब अंतरिक्ष अन्वेषण के अनुंसधानों की शुरूआत हुई थी तो इस क्षेत्र में दो राजनीतिक-सामरिक महाशक्तियों रूस और अमेरिका दबदबा था अब चीन का अलग स्पेस स्टेशन है। शीतयुद्ध के दौरान 1969 में अपोलो के चांद पर उतरने को राष्ट्रीय गौरव, श्रेष्ठता और प्रतिद्वंदी को पछाड़ने के भाव से प्रचारित किया गया था लेकिन बीते कुछ दशकों में परिदृश्य पूरी तरह बदल चुका है। अब निजी स्पेस कंपनियों की भागीदारी बढ़ती जा रही है जो जल्दी ही अंतरिक्ष पर वर्चस्व में बदलने की राह पर है। इन दिनों किसी राष्ट्र की नहीं तीन बड़े पूंजी निवेशकों की चर्चा है। पहले नंबर पर हैं एलोन मस्क जिनकी कंपनी स्पेस-एक्स का दावा मनुष्य को एक साथ कई ग्रहों पर बसने वाली प्रजाति बनाने का है। दूसरे हैं, ब्लू ओरिजिन्स के जेफ बेजोस जिनका दावा प्रदूषण फैलाने वाले भारी उद्योगों को पृथ्वी से उखाड़ कर अंतरिक्ष में पहुंचा देने का है। तीसरे निवेशक हैं विरजिन गैलेक्टिक के रिचर्ड ब्रैन्सन जिनका लक्ष्य अधिक से अधिक गैरपेशेवर एस्टोनॉट्स (जो किराया देने में सक्षम हों) को अंतरिक्ष में ले जाने का है। ऐसा क्यों और कैसे हुआ? इसे समझने की कोशिश करते हुए भारत के उन साधारण लोगों के चेहरे स्मृति में रखने की जरूरत है जिन्हें कुछ साल पहले हवा और पानी के व्यापार की बातों पर आश्चर्य और अविश्वास हुआ करता था। अब एक नई और कहीं अधिक हैरतअंगेज व्यापारिक दुनिया के दरवाजे उस अंतरिक्ष में खुलने जा रहे हैं। पिछली सदी में अंतरिक्ष के अन्वेषण के लिए इतने विशाल संसाधनों और पूंजी की जरूरत पड़ती थी कि महाशक्ति कहलाने वाले विकसित देशों के अलावा किसी और का इस क्षेत्र में दखल नहीं हो सकता था। इस बीच टेक्नोलॉजी का तेज विकास हुआ जिससे उपग्रहों के प्रक्षेपण की कीमत काफी कम हो गई। अब सस्ते और छोटे उपग्रह बनने लगे हैं जिन्हें मिनिएचर या क्यूब सैटेलाइट कहा जाता है जिनके दम पर कुछ विश्वविद्यालय भी अपने स्पेस मिशन लांच करने लगे हैं। कुछ दशक पहले यह कल्पना से परे की बात थी। इस दिशा में रियूजेबल रॉकेट टेक्नालॉजी (आरआरटी) सबसे प्रभावी खोज साबित हुई जिसमें स्पेस-एक्स अग्रणी है।

सैटेलाइट इंडस्ट्री एसोसिएशन की रिपोर्ट बताती है कि 2023 में व्यावसायिक उपग्रह उद्योग ने संचार, प्रेक्षण और अनुसंधान सेवाएं देकर 285 बिलियन डॉलर की कमाई की। अमेरिकी संसद ने 1984 में कामर्शियल स्पेस लांच एक्ट पास कर दिया था जिसके तहत सरकार निजी अभियानों की निगरानी कर सकती है लेकिन नियंत्रण प्राइवेट कंपनियों का होता है। अब इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) का निजीकरण किया जा चुका है। नासा खुद स्पेस-एक्स की साझेदारी में कार्मशियल क्रू प्रोग्राम संचालित कर रहा है जिसके तहत अंतरिक्ष यात्रियों को स्पेस स्टेशन तक ढोया और वापस लाया जाता है। 2008 की ग्लोबल मंदी में आइएसएस का खर्चीला रखरखाव अमेरिका के लिए समस्या बन गया था, इसे 2030 तक खत्म कर देने का प्रस्ताव लाया गया था लेकिन अब किराए पर दिए जाने वाले ऐसे पांच निजी स्टेशन बनाने की योजना पर काम चल रहा है। जल्दी ही अंतरिक्ष में भी वैसी ही व्यापारिक स्पर्धा और यात्रा के बाजार पर कब्जा करने की तिकड़में देखने को मिलेगी जो धरती के शेयर बाजारों में अक्सर नजर आती हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

## एक नजर

### विद्युत उपभोक्ताओं को किया जागरूक

**आदमपुर, अमृत विचार :** उपभोक्ताओं पर सात करोड़ रुपये का बिजली बिल बकाया है। बिल जमा करवाने के लिए एक्सईएन राजेश प्रसाद ने कर्मचारियों को निर्देशित किया है। कर्मचारी डोर टू डोर उपभोक्ताओं को बिजली बिल जमा करने के लिए जागरूक कर रहे हैं। लेकिन अब तक बिल जमा नहीं हो सका है। एक्सईएन ने कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि वे जल्द से जल्द बिल जमा करवाएं। इस माह 81 लाख 62 हजार रुपये का बिल जमा कराने का टार्गेट दिया गया है। 10 जुलाई तक 181 घरेलू उपभोक्ताओं से 5 लाख 15 हजार रूपये की वसूली ही हो पाई है।

### ड्रोन उड़ता देख ग्रामीणों में भय का माहौल

**हसनपुर, अमृत विचार :** थाना सैदनगली क्षेत्र के गांव सकतपुर के नजदीक शुक्रवार रात ग्रामीणों ने ड्रोन को उड़ते हुए देखा तो हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने आशंका जताई कि चोर ड्रोन को उड़ा रहे हैं। किसी ग्रामीण ने उड़ते हुए ड्रोन की वीडियो भी बनाई। पुलिस इसे अफवाह करार दे रही है। इससे पूर्व भी कई गांव के नजदीक ड्रोन उड़ते हुए देखे गए थे।

### सोते युवक पर किया बंदरों ने हमला, घायल

**बुरावली, अमृत विचार :** बुरावली गांव में शनिवार की रात शानू पुत्र रईस अपनी छत पर सो रहा था। तभी बंदरों का झुंड वहां पहुंच गया। युवक को काटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसको निजी अस्पताल में भर्ती कराया। बुरावली में बंदरों का आतंक बरकरार है। बंदरों के आतंक से गांव के लोग परेशान हैं। लोगों ने बंदरों को पकड़वाने की मांग की है।

### होमगार्डों ने किया निर्मल तालाब पर पौधरोपण

**सैदनगली, अमृत विचार :** वन महोत्सव के तहत होमगार्डों की दो पलाटूनों ने बिजनौरा गांव स्थित निर्मल तालाब पर पौधरोपण किया। ग्राम प्रधान हेमराज गुर्जर ने कहा कि पेड़ पौधे पर्यावरण को भी शुद्ध रखते हैं। सभी को पेड़ लगाना चाहिए। एसआई प्रमोद कुमार, महेंद्र सिंह, जीवन सिंह ,हरपाल सिंह, वीर सिंह, ताराचंद आदि मौजूद रहे।

# कांवड़ मार्ग का डीएम, एसपी ने किया निरीक्षण

## रास्ते में किसी तरह का अवरोध होने पर की जाएगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचार :** कांवड़ यात्रा के दौरान शिव भक्तों को किसी तरह की समस्या न हो। इसके लिए पुलिस और प्रशासन पूरी सतर्कता बरत रहा है। शनिवार को डीएम निधि गुप्ता और एसपी अमित कुमार आनंद ने शहर के कई मार्गों का निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए।

डीएम ने बताया कि शिव भक्तों की सुरक्षा और यात्रा सुगम हो, इसके लिए प्रशासन की ओर से पूरी सतर्कता बरती जा रही है। वहीं अन्य लोगों को आवागमन में समस्या न हो इसके लिए रूट डायवर्जन भी किया गया है। डीएम और एसपी ने इस दौरान शहर के मार्गों का निरीक्षण किया। मार्गों पर जहां पत्थर या अन्य समस्याएं थीं। उन्हें सही कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। डिडौली व शहर मार्ग पर निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। एसपी ने पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया कि वे लोग सतर्क रहते हुए अपनी ड्यूटी करें। एसपी ने बताया कि कांवड़ यात्रियों के जत्थे में सादे कपड़ों में भी पुलिस तैनात रहेगी। मिश्रित आबादी वाले मार्गों पर सीसीटीवी और ड्रोन कैमरों से निगरानी की जाएगी।


मार्ग का निरीक्षण करतीं डीएम निधि गुप्ता व एसपी अमित कुमार आनंद।

- **डीएम निधि गुप्ता ने मार्ग पर जल भराव होने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की दी चेतावनी**

## शिवालयों को दिया जा रहा भव्य रूप

**अमरोहा,अमृत विचार :** सावन माह शुक्रवार से शुरू हो गया। मंदिरों में जलाभिषेक करने के लिए कांवड़ यात्री जल लेने के लिए गंगा तटों पर रवाना होने लगे हैं। जिले भर के शिव मंदिरों की साफ सफाई और साज सज्जा का कार्य भी शुरू हो चुका है। सावन का पहला सोमवार कल है। मंदिरों पर सोमवार को शिव भक्तों की भीड़ देखने को मिलेगी। जिसकी वजह से पुलिस भी सतर्क नजर आ रही है। जिले में कांवड़ यात्रा की शुरूआत हो चुकी है। धीरे धीरे कांवड़िए अपने गंतव्य की ओर बढ़ रहे हैं। कांवड़ियों के कुछ जत्थे भी हरिद्वार जल भरने के लिए रवाना हो चुके हैं। 14 जुलाई को शिव भक्त शिवालयों में जलाभिषेक करेंगे। इसको लेकर मंदिरों व शिवालयों में तैयारियां की जा रही है। शहर के श्री वासुदेव तीर्थ मंदिर पर साफ सफाई के साथ ही भव्य सजावट की जा रही है। यहां आसपास गांव के लोग आकर पूजा अर्चना कर भगवान शिव का जलाभिषेक करते हैं। सुरक्षा के कड़े प्रबंध रहेंगे। निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि श्री वासुदेव तीर्थ मंदिर पर कड़ी निगरानी में जलाभिषेक किया जाएगा। सादे कपड़ों में भी पुलिस तैनात रहेगी। सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जा रहा है।



## मार्ग पर जलभराव से परेशान ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन


जल भराव होने पर प्रदर्शन करते सिहाली जागीर गांव के लोग। • अमृत विचार

संवाददाता हसनपुर

**अमृत विचार:** तहसील की ग्राम पंचायत सिहाली जागीर में स्थानीय निवासियों ने सड़क पर जलभराव और गंदगी की समस्या को लेकर प्रदर्शन किया। यह मार्ग आधा दर्जन से अधिक गांवों को जोड़ता है।

सिहाली जागीर के इस रास्ते से शिवभक्तों का आवागमन भी होता है। सड़क पर जमा पानी और कीचड़ से आलमपुर, सेमली, सेमला, शेरगढ़, बसेड़ा और कटाई टांडा गांव के लोगों को आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शन में गाजी खान, लाला चौहान, गौतम चौहान, सुनील चौहान, भूरा, नाजिम खान, वसीम आजम, मंसूर खान और सोहेल खान सहित कई ग्रामीण शामिल हुए। ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारियों से जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान करने की मांग की है।

## जिम जा रहे युवक के साथ मामूली विवाद में मारपीट

**अमरोहा, अमृत विचार:** थाना अमरोहा देहात क्षेत्र के कैलसा बॉर्डर पर जिम जा रहे युवक के साथ मारपीट की गई। मामूली कहासुनी के बाद तीन युवकों ने एक जिम जा रहे युवक की पिटाई कर दी। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

अंकित शर्मा नाम का युवक रोजाना जिम करने आता था। शनिवार को जिम में दूसरे युवक से उसकी मामूली बात को लेकर कहासुनी हो गई। इसके बाद उस युवक ने अपने साथियों को बुला लिया और अंकित की पिटाई कर दी। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। सीओ अवध भान सिंह भदोरिया ने बताया कि तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामले में कृष्णा, जीतू और अवि नाम के तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच कर रही है।

## पुल पर धंसी ट्रैक्टर ट्राली चालक ने कूदकर बचाई जान


पुल पर धंसा ट्रैक्टर ट्राली। • अमृत विचार

संवाददाता गजरौला

**अमृत विचार:** क्षेत्रीय विधायक के प्रयासों से दो वर्ष पूर्व 6.25 करोड़ की लागत से बने पुल पर ईंटे से भरा ट्रैक्टर ट्राली धस गई। चालक और लेवर ने कूदकर जान बचाई।

शनिवार सुबह को चालक व लेवर ट्रैक्टर ट्राली से ईंटे लेकर रामगंगा पोषक नहर से जा रहे थे। ट्रैक्टर ट्राली जैसे ही पुल पर पहुंचे। वैसे ही धस गए। चालक व लेवर ने ट्रैक्टर से कूदकर किसी तरह कूदकर जान बचाई। चालक ने बताया कि ट्रैक्टर ट्राली का वजन ईंटों सहित करीब 350 कुंटल था। लोगों ने बताया कि दो वर्ष पूर्व इस पुल का निर्माण क्षेत्रीय विधायक राजीव तरारा ने कराया था। निर्माण में 6.25 करोड़ रुपये खर्च हुए थे। पिछले वर्ष पुल का एक हिस्सा धस गया था। शिकायत पर सेतू निगम के अधिकारियों ने उसे सही करा दिया था। । बताया कि पुल धसने से कभी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने कहा कि मामला संज्ञान में नहीं है।

## भाकियू ने की चोरों की गिरफ्तारी की मांग

**अमरोहा, अमृत विचार:** जोया ब्लॉक के गांव जोजखेड़ा में भारतीय किसान यूनियन ( शंकर ) का जन जागरण कार्यक्रम हुआ। जिसमें चौधरी लोटन सिंह ने अध्यक्षता व डॉ विजेंद्र चौधरी ने संचालन किया। कार्यक्रम में चौधरी मनजीत सिंह ने कहा कि जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में चोरों व तेंदुए का आतंक मचा है। किसानों को रात भर पहरेदारी करनी पड़ रही है। सालारा से जो नहर निकलती है उसमें झाड़ झंकाड होने के कारण वहां पर चोरों को पनाह मिल रहा है। इसकी सफाई कराने की मांग की। कार्यकारिणी ने संगठन का विस्तार करते हुए मेघराज सिंह उर्फ मुन्नू को ग्राम अध्यक्ष नियुक्त करते हुए सभी ग्राम अध्यक्षों को अपने गांव की कार्यकारिणी बनाकर 15 दिन में देने को कहा। कार्यक्रम में चौधरी भूपेंद्र सिंह, मनजीत सिंह, नरेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, पीतम सिंह, धर्मवीर सिंह, सुमित पिंटू, आनंद सिंह, विमल सिंह, मनोहर सिंह, मुन्नू सिंह, राजकुमार आदि रहे।

## रोडवेज बस में अचानक लगी आग यात्रियों ने कूदकर बचाई जान

संवाददाता गजरौला

**अमृत विचार:** दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर रोडवेज की पिंक बस में अचानक आग लग गई, जिससे बस में सवार यात्रियों में हड़कंप मच गया। चालक ने बस को नेशनल हाईवे स्थित एक ढाबे पर रोककर यात्रियों को बाहर निकालकर किसी तरह आग पर काबू पाया। मौके पर पहुंची पुलिस ने यात्रियों को दूसरी बस से गंतव्य की ओर रवाना किया।

शुक्रवार देर रात रोडवेज पिंक बस दिल्ली से लखनऊ जा रही थी। बस में 30 यात्री सवार थे। रात को करीब 10 जैसे ही बस गजरौला स्थित नेशनल हाईवे पर यकबगडी गांव के पास पहुंची वैसे ही बस के इंजन की वायरिंग में अचानक आग लग गई। धुएं का गुब्बारा उठने पर बस में सवार यात्रियों में हड़कंप मच गया। बस में चीख पुकार मच गई। चालक ने किसी तरह बस रोककर सभी यात्रियों को आनन फानन में उतारा। इसके बाद ढाबे की टंकी के पानी से आग पर काबू पाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने यात्रियों को दूसरी बस से भेजा। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि यात्रियों को दूसरी बस में बैठकर रवाना कर दिया गया है। मामले में तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।


आग लगने के बाद बस से नीचे खड़े यात्री। • अमृत विचार

- **दिल्ली लखनऊ हाईवे पर पिंक बस में हुआ हादसा**


आग लगने के बाद खड़ी बस ।

## जान जोखिम में डालकर स्कूल जाने को मजबूर छात्र


ई-रिक्शा की छत पर बैठकर जाते स्कूली बच्चे। • अमृत विचार

संवाददाता सैदनगली

**अमृत विचार:** जान जोखिम में डालकर स्कूलों तक छात्र पहुंच रहे हैं। इस ओर न तो पुलिस ध्यान दे रही है और न ही प्रशासनिक अधिकारी। वहीं अभिभावक भी बच्चों की सुरक्षा को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं। वहीं ई-रिक्शा चालक भी यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाने में पीछे नहीं हैं।

सैदनगली में ऐसे नजारे रोज देखने को मिल रहे हैं। अधिक कमाई करने के चक्कर में ई-रिक्शा चालकों को भी बच्चों की जान की फिक्र नहीं है। वहीं स्कूल प्रबंधन और अभिभावक भी बेपरवाह नजर आ रहे हैं। चालक ई-रिक्शा की छत पर क्षमता से अधिक सवारियां बैठा रहे हैं। ऐसे में यदि ई-रिक्शा पलट जाए तो बच्चों की जान जोखिम में पड़ सकती है। बच्चों की सुरक्षा को लेकर स्कूल प्रबंधन भी संवेदनशील नजर नहीं आ रहे हैं।

## मूसलाधार बारिश से खेतों में भरा पानी


बारिश से हुए जलभराव से निकलते राहगीर। • अमृत विचार

संवाददाता हसनपुर

**अमृत विचार:** कस्बे में शनिवार सुबह को जमकर बारिश हुई। इससे बारिश से जहां लोगों ने गर्मी से राहत महसूस की। वहीं किसानों को भी लाभ हुआ है। मूसलाधार बारिश होने के कारण खेत खलियानों में बरसाती पानी भर गया। नगर पालिका व बिजली घर में बारिश का पानी भर गया। सड़कों पर चारों ओर पानी ही अपनी नजर आ रहा था। कस्बे के मोहल्ला कायस्थान, आखून चौक, लाल मस्जिद, रहरा रोड, संभल रोड, खंकर वाला कुआं पर पानी की धार तेजी के साथ चल रही थी। बारिश होने से धान की फसल को लाभ हुआ है। क्षेत्र में जगह जगह जल भराव हो गया है।


बारिश के बाद हुए जलभराव में नहाते बच्चे। • अमृत विचार

## जान जोखिम में डाल रहा अधिक कमाई का लालच

**हसनपुर,अमृत विचार:** गजरौला, रहरा, संभल और आदमपुर मार्ग पर टेंपो चालक अधिक सवारियां बिठाने के लिए वाहन की छत का भी इस्तेमाल कर रहे हैं।

आदमपुर मार्ग पर टेंपो की छत पर यात्रियों को बैठाए जाने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसके बाद भी पुलिस ने अब तक इस ओर ध्यान नहीं दिया है। वहीं अधिक कमाई के लालच में चालक भी सवारियों की जान जोखिम में डालने से पीछे नहीं हट रहे हैं। जबकि यदि ऑटो पलट गया तो उनकी जान को खतरा हो सकता है।


टेंपो की छत पर बैठकर यात्रा करते लोग।

## समाधान दिवस में तीन शिकायतों का निस्तारण


थाना समाधान दिवस में शिकायत सुनते अधिकारी। • अमृत विचार

संवाददाता हसनपुर

**अमृत विचार :** कोतवाली में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन एसडीएम की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। समाधान दिवस में छह शिकायतें पहुंची। इनमें से तीन का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। वहीं एक महिला ने शिकायत की है कि उनके बेटे के खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज किया गया है।

कोतवाली परिसर में आयोजित समाधान दिवस में एसडीएम पुष्कर चौधरी, सीओ और प्रभारी निरीक्षक दिनेश शर्मा ने फरियादियों की शिकायतें सुनी। समाधान दिवस में छह शिकायतें पहुंची। तीन का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। वहीं समाधान दिवस में मुबारकपुर गांव की बबिता ने सीओ दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि गांव के ही एक व्यक्ति ने रंजिशन उनके बेटे के खिलाफ छेड़छाड़ का झूठा मुकदमा दर्ज करा दिया है। जबकि उनका बेटा एक माह से गांव से बाहर मजदूरी करने के लिए गया है।

- **महिला ने समाधान दिवस में की बेटे को झूठा फंसाने की शिकायत**

## ज्ञान और कौशल प्रदर्शनी में छात्र छात्राओं ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचार:** राधा कृष्ण पब्लिक स्कूल अमरोहा मे ज्ञान एवं कौशल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य छात्र छात्राओं की समझ और कलात्मक क्षमताओं को प्रदर्शित करना है।

शनिवार को राधा कृष्ण पब्लिक स्कूल में ज्ञान एवं कौशल प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। प्रदर्शनी का शुभारंभ लेडी इरविन कॉलेज की असिस्टेंट प्रोफेसर मिताली यादव ने फीता काटकर किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को ज्ञान एवं कौशल प्रदर्शनी के माध्यम से अपने ज्ञान और कौशल को व्यावहारिक रूप में प्रस्तुत करने का अवसर मिलता है। विद्यालय प्रधानाचार्या डॉ. शिक्षा सरदाना ने कहा कि प्रदर्शनी का उद्देश्य छात्रों की समझ और कलात्मक क्षमताओं को प्रदर्शित करना है। कार्यक्रम में विद्यालय संरक्षक अजय टंडन, प्रबन्धिका अंजलि टंडन, अध्यक्ष अदिती टंडन की उपस्थिति सभी के लिए प्रेरणादायक रही। प्रधानाचार्या डॉ. शिक्षा सरदाना, उप-प्रधानाचार्य रिंकू संक्सेना ने सभी प्रतिभागियों की सराहना की।


प्रदर्शनी को देखतीं मुख्य अतिथि मिताली यादव। • अमृत विचार

- **राधा कृष्ण पब्लिक स्कूल किया गया प्रदर्शनी का आयोजन**

## मानकों का उल्लंघन कर रहे तीन ढाबों को कराया बंद

**अमरोहा, अमृत विचार :** कांवड़ यात्रा को देखते हुए खाद्य सुरक्षा आयुक्त विनय कुमार ने शनिवार को राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित ढाबों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्हें ख्यालीपुर ढाल स्थित एक ढाबा पर अव्यवस्थाएं मिलीं। इसके अलावा दूसरे ढाबा में रसोई गंदा मिला। दोनों ढाबों को बंद करा दिया गया। इसके अलावा अन्य ढाबों से सैंपल लिए गए। टीम में खाद्य सुरक्षाधिकारी कुलदीप कुमार दीक्षित, अरविंद कुमार और राकेश कुमार रहे। खाद्य सुरक्षा आयुक्त ने बताया किया कांवड़ यात्रा के दौरान ढाबों पर मांसाहारी भोजन बनता मिला तो कार्रवाई की जाएगी। वहीं नाम छिपाकर बिक्री करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई होगी।

## रोटरी क्लब अमरोहा के अध्यक्ष बने कुंवर विनीत

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचार:** रोटरी क्लब की बैठक बिजनौर रोड स्थित होटल में हुई। जिसमें सत्र 2025- 26 के लिए रोटेरियन कुंवर विनीत अग्रवाल को सर्वसम्मति से रोटी क्लब का अध्यक्ष चुना गया। सभी उपस्थित सदस्यों ने फूल मालाएं पहनकर नव निर्वाचित अध्यक्ष का गर्म जोशी से स्वागत किया। साथ ही सचिव पद पर नियुक्त मनु कमल गुप्ता एवं कोषाध्यक्ष पद पर नियुक्त जितेंद्र सिंह का भी स्वागत किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत में पिछले वर्ष के कोषाध्यक्ष आशीष गोयल द्वारा आय व्यय का विवरण पढ़कर सुनाया गया। तत्पश्चात गत वर्ष के सचिव रवि माहेश्वरी जी द्वारा क्लब द्वारा किए गए कार्यों का विवरण पेश किया गया। गत वर्ष के अध्यक्ष अजय चतुर्वेदी ने वर्ष भर सहयोग देने के लिए सभी रोटेरियन साथियों का आभार व्यक्त किया गया। उसके पश्चात नवनिर्वाचित अध्यक्ष कुंवर विनीत अग्रवाल ने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर कुंवर विनीत अग्रवाल, मनु कमल गुप्ता , स . जितेंद्र सिंह,अजय चतुर्वेदी, रवि माहेश्वरी, आशीष गोयल, डॉ गजेंद्र पाल सिंह, स. चरणजीत सिंह, अमित मोहन गोयल, स. जोगेंद्र सिंह , अमित अग्रवाल, दीप खण्डेलवाल, नरेश सिद्दू, विवेक अग्रवाल नवीन अग्रवाल, तनुज गोयल ,गौरव गोयल, निशिल शरण ,नितिन तोमर ,रचित गोयल, संजीव बंसल आदि सदस्य उपस्थित रहे।


खुशी जताते रोटरी क्लब के नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के पदाधिकारी। • अमृत विचार

## एक नजर

### बुग्गी पर भारी लोड होने में भैंसे की मौत

**नजीबाबाद, अमृत विचार :** शनिवार की दोपहर नगर के कोटद्वार मार्ग पर जाब्ता गंज में बुग्गी में जुते भैंसे की मौत हो गई। बुग्गी चालक भैंसे को छोड़कर फरार हो गया। लोगों ने बताया कि बुग्गी में भारी लोड और भीषण गर्मी के चलते भैंसे की हालत खराब हो गई और बाद में मौत हो गई। पुलिस ने बुग्गी चालक को काफी तलाश किया लेकिन सफलता हासिल नहीं हुई।

### साप्ताहिक बाजार में भिड़े सांड़, मची अफरातफरी

**संभल/जुनावई, अमृत विचार :** जुनावई में शनिवार को साप्ताहिक बाजार में पशु बाजार भी लगा। इस बीच दो सांड़ आपस में भिड़ गए जिससे कुछ देर के लिए बाजार में अफरा तफरी का माहौल बन गया। सांड़ों की चपेट में आकर दो बाइकें क्षतिग्रस्त हो गईं। बाजार के ठेकेदार ने लोगों के सहयोग से सांड़ों को बाजार से दौड़ाया।

### महिला से चक्की संचालक ने की छेड़छाड़, रिपोर्ट दर्ज

**संभल/ओबरी, अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला बुधवार को चक्की से आटा लेने गई थी। चक्की संचालक से आटे का बोरा उठावाने को कहा। आरोप है कि संचालक ने महिला से छेड़छाड़ की। महिला ने शोर मचाया तो चक्की संचालक धमकी देकर भाग गया। शुक्रवार को महिला ने थाने पहुंचकर तहरीर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

# इस्लामनगर, सहसवान, शाहबाद को रोडवेज बसें चलाने की मांग

## डग्गामार वाहनों से जान जोखिम में डालकर लोग करते हैं यात्रा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी


शाहबाद के लिए टेंपो में बैठी सवारी।

**अमृत विचार:** बदायूं के इस्लामनगर, सहसवान व रामपुर की तहसील शाहबाद के लिए रोडवेज बस न होने से यात्रियों को परेशानी होती है। अधिक समय लगने व किराया देकर डग्गामार वाहनों में जान-जोखिम में डालकर सफर करने को मजबूर हैं।

चन्दौसी से शाहबाद की दूरी 35, इस्लामनगर की 17 व सहसवान करीब 50 किलोमीटर पी है। तीनों स्थानों के लिए रोडवेज बस की सेवा उपलब्ध नहीं है। यात्रियों को डग्गामार वाहनों का सहारा लेकर जान जोखिम में डालकर सफर करने को मजबूर होना पड़ रहा है। शाहबाद व इस्लामनगर के लिए टेंपो आते- जाते हैं। मगर सहसवान के लिए कोई सीधी सवारी नहीं जाती। सहसवान जाने के लिए बिसौली व बदायूं जाना पड़ता है। उक्त कस्बों से रोजाना छात्र-छात्राओं अध्ययन करने चन्दौसी पहुंचते हैं। पूर्व में व्यापारी व सामाजिक संगठनों ने उक्त कस्बों के लिए रोडवेज बसों का संचालन की आवाज उठाई थी। मगर कोई नतीजा न निकलने पर वह भी बैठ गए। अब लोगों को जनप्रतिनिधियों व प्रशासन से आस है। रोडवेज बस स्टैंड प्रभारी राजीव यादव ने कहा कि सहसवान के लिए एक सप्ताह के बाद रोडवेज बस का ट्रायल होने की संभावना है। जबकि इस्लामनगर व शाहबाद के लिए रोडवेज बस का संचालन आरंभ कराने के लिए उच्चाधिकारियों के पास प्रस्ताव भेजा गया है।

# 27 पेट्रोल पंपों पर मिलीं कमियां, लगाया जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, संभल

- कांवड़ यात्रा को लेकर अधिकारियों ने किया पेट्रोल पंपों का निरीक्षण

**अमृत विचार :** कांवड़ यात्रा को लेकर प्रशासन और आपूर्ति विभाग की टीम ने 36 पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया। 27 पेट्रोल पंपों पर कमियां पाई गईं। पंप स्वामियों को नोटिस देते हुए 10 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया गया।

डीएम के आदेश एवं आयुक्त खाद्य एवं रसद विभाग के निर्देश को लेकर नायब तहसीलदार और आपूर्ति विभाग की संयुक्त टीम ने शनिवार को जिले के 36 पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया। श्री बालाजी फ्यूल स्टेशन गुन्नौर, शंकर सर्विस स्टेशन हुमायूंपुर गुन्नौर, जमुना फिलिंग स्टेशन जुनावई ,आमिर फिलिंग स्टेशन संभल, बंटी फिलिंग स्टेशन हयातनगर संभल, सिरसी फिलिंग स्टेशन सिरसी, अरहम फिलिंग स्टेशन सिरसी, एवन फिलिंग स्टेशन सैफ खां सराय, संभल फिलिंग स्टेशन संभल, हरिचरण दास पेट्रोल पंप संभल, बाबूराम अग्रवाल फिलिंग स्टेशन संभल सहित 27 पेट्रोल पंपों पर साफ सफाई के लिए कार्मिकों की तैनाती नहीं मिली। दिव्यांगजनों के लिए रैंप नहीं बनाया गया था। इसके अलावा अन्य कमियां भी पाई गईं। इन्हें लेकर रिटेल आउटलेट,पेट्रोल पंप स्वामियों को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए 10 हजार रुपये का अर्थदंड आरोपित किया गया।

## सार-संक्षेप

### कैबिनेट मंत्री नंदी का जन्मदिन मनाया



**चन्दौसी, अमृत विचार :** व्यापारियों ने कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल मंदी की जन्मदिन पर शिव मंदिर में दीर्घायु की कामना की। व्यापारी नेता अरविंद गुप्ता ने कहा कि कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल नंदी का जन्मदिवस पूरे प्रदेश में व्यापारी साहस दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। सुधीर गुप्ता, मुकेश वार्ष्णेय, शीनू गुप्ता, सभासद अनुराग गर्ग, देवेंद्र गुप्ता, शुभम अग्रवाल, सर्वेश कुमार, राहुल अग्रवाल, हरीश कुमार, विभोर बंसल आदि मौजूद रहे।

### मकान गिरने से लाखों का सामान नष्ट

**शेरकोट, अमृत विचार :** ग्राम शहजादपुर निवासी महेन्द्र के पुराने मकान का लिंटर शनिवार को भरभरा कर गिर गया जिसके चलते घर मे रखा लाखों रुपये का सामान नष्ट हो गया । ग्राम प्रधान नफीस अहमद ने बताया कि ग्रामवासी महेन्द्र के मकान की बुनियाद में पानी मरने के कारण लिंटर गिरने से लाखों रुपये का नुकसान हुआ है ।

### प्रयागराज-लालकुआं स्पेशल ट्रेन की रेक में बदलाव

**बरेली,अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल ने यात्रियों की सुविधा और यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। रेलवे प्रशासन ने प्रयागराज से लालकुआं के बीच चलने वाली स्पेशल ट्रेन 04117/04118 की रेक संरचना में संशोधन किया है। यह संशोधन 17 जुलाई से 1 अगस्त के बीच प्रभावी रहेगा। सीनियर डीसीएम संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि संशोधित योजना के तहत 04117 प्रयागराज–लालकुआं स्पेशल ट्रेन प्रयागराज जंक्शन से 17 जुलाई से 31 जुलाई तक प्रत्येक गुरुवार को संचालित की जाएगी, जबकि वापसी में 04118 लालकुआं–प्रयागराज स्पेशल ट्रेन लालकुआं से 18 जुलाई से 1 अगस्त तक प्रत्येक शुक्रवार को चलेगी। इन तिथियों के दौरान यह गाड़ी नई रेक संरचना के साथ चलाई जाएगी। नई रेक संरचना में कुल 18 कोच शामिल किए गए हैं, जिनमें एक जेनरेटर सह लगेज यान (एसएलवाई), एक एलएसएलआरडी कोच, चार सामान्य द्वितीय श्रेणी के कोच, पांच शयनयान श्रेणी, चार वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, दो वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी और एक वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का कोच शामिल है।

### निर्माणाधीन मकान में करंट लगने से युवक की मौत

**दातागंज , अमृत विचार :** नगर दातागंज के विद्युत सब स्टेशन के पास रहने वाले युवक की करंट लगने से मौत हो गई। परिजनों में चीत्कार मच गया। दातागंज कोतवाली क्षेत्र के विद्युत सब स्टेशन के पास रहने वाले राजपाल (28) पुत्र राम सेवक ईदगाह से बरेली जाने वाले मार्ग पर मकान का निर्माण करा रहे थे। शनिवार दोपहर दो बजे के बाद मकान में प्लास्टर का कार्य चल रहा था कि इस दौरान राजपाल ने मकान में लगी ग्रिल हाथ से पकड़ ली। जिसमें बिजली का अर्थ आ जाने से वह करंट की चपेट में आ गया। करंट लगने के बाद मजदूर बचाने दौड़े। राजपाल को बेहोशी की हालत में दातागंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया।

### खाना बनाते समय करंट लगने से महिला की मौत

**कुंवरगांव (बदायूं), अमृत विचार :** थाना कुंवरगांव क्षेत्र के एक गांव में चूल्हे पर खाना बना रही महिला की करंट से मौत हो गई। मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने बिना पोस्टमार्टम के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। हादसा कुंवरगांव थाना क्षेत्र के गांव अहरुइया में शनिवार सुबह लगभग आठ बजे हुआ। गावं निवासी व आंवला तहसील में प्राइवेट नौकरी करने वाले राजकुमार की पत्नी सुनीता (42) चूल्हे पर खाना बना रही थी। पास में ही सोलर पैनल का पाइप लगा था। जिसे रोकने के लिए तार से बांधकर पड़ोसी के छत पर निकली सरिया से बांधा हुआ था। महिला के खाना बनाते समय पड़ोसी की सरिया के पास केबिल कटी होने से तार के सहारे पाइप में करंट आ गया। खाना बनाते समय सुनीता पाइप से छू गईं। उन्हें करंट लग गया। वह बेसुध होकर जमीन पर गिर गईं। परिजन दौड़कर पहुंचे। महिला को जिला अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सक ने महिला को मृत घोषित कर दिया। परिजन शव गांव ले गए और अंतिम संस्कार कर दिया। मौत के बाद परिजनों में चीत्कार मचा है। महिला के बच्चे रमन कुमार, लक्ष्मी, लवली और रागिनी रो रोकर बेहाल हैं।

### कांवड़ यात्रा की वजह से रोडवेज बसों का बढ़ा किराया

**बरेली, अमृत विचार :** सावन में कांवड़ यात्रा की वजह से दिल्ली समेत कई रूटों पर डायवर्जन किया गया है। इसकी वजह से यात्रा की दूरी बढ़ने के साथ यात्रियों को बढ़े किराए के साथ सफर करना पड़ेगा। इसके लिए परिवहन निगम ने बरेली से दिल्ली, बरेली से बदायूं, बरेली से आगरा और बरेली से देहरादून जाने वाली साधारण और एसी बसों के टिकटों की नई दरें निर्धारित कर दी हैं, जो रविवार और सोमवार को ही लागू होंगी ।अधिकारियों के मुताबिक कांवड़ यात्रा शुरू हो चुकी है। इस दौरान जाम की स्थिति न बने इसके लिए बरेली समेत दूसरे जिलों में भी प्रशासन ने रूट डायवर्जन किया है। इसी के तहत रोडवेज की बसों की दूरी बढ़ने पर किलोमीटर के हिसाब से टिकटों की नई दरें लागू कर दी हैं ।बरेली से दिल्ली जाने के लिए साधारण रोडवेज बस में 433 रुपये किराया है जो रूट डायवर्जन पर 451 रुपये होगा। इसी तरह से बरेली से दिल्ली एसी बस के लिए 504 की जगह 572 रुपये का टिकट लगेगा। बरेली से बदायूं साधारण बस में 75 की जगह 92 रुपये रुपये देने होंगे। वहीं एसी बस में 96 की जगह 118 रुपये का टिकट लगेगा। बरेली से आगरा साधारण बस में 318 रुपये की जगह 335 रुपये देने होंगे। बरेली से आगरा एसी बस के लिए 407 की जगह 429 रुपये चुकाने होंगे। बरेली से देहरादून साधारण बस में 527 की जगह 604 और एसी के 773 की जगह 982 रुपये का टिकट लगेगा।

### डीएम व एसपी ने सुनीं शिकायतें

**बिजनौर, अमृत विचार :** मंडावर थाना पर शनिवार को समाधान दिवस में डीएम जसजीत कौर और एसपी अभिषेक झा ने शिकायतें सुनीं और अधिकारियों के माध्यम से उनका मौके पर समाधान किया गया। उन्होंने निर्देश दिए कि भूमि एवं पारिवारिक विवाद के मामलों में राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी संयुक्त रूप से मौके का निरीक्षण कर प्रकरण की स्थिति का जायजा लें और आसपास के लोगों से भी वास्तविकता जानने का प्रयास करें। इसके बाद ही निर्णय लिया जाए।

### युवक का शव पेड़ से लटका मिला, हत्या की आशंका

**बिजनौर, अमृत विचार :** युवक का शव पेड़ से लटका मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। उन्होंने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस जांच कर रही है। नगीना थाना क्षेत्र के मौहल्ला नेजोवाली गांवड़ी निवासी रमेश सैनी का छोटा पुत्र जागेश (22) सैनी नगीना से बाहर किसी सड़क ठेकेदार के पास काम करता था। वह एक सप्ताह पूर्व से घर आया हुआ था। रविवार को जागेश नीलकंठ जाने वाला था। शुक्रवार को कपड़ों की खरीदारी करके लाया। रात में अपनी मां से खाना मांगा और खाना खाकर कहीं चला गया। रात को घर वापस नहीं लौटा। मं रात भर उसको फोन करती रही लेकिन उसका फोन बंद आ रहा था। शनिवार सुबह उसका शव आम के पेड़ पर दुपट्टे से लटका मिला। परिजन हत्या करके शव लटकाने की आशंका जता रहे हैं।

# सामाजिक कार्यों में हिस्सा लेने वालों को किया सम्मानित


मुख्य अतिथि को सम्मानित करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- रोटरी क्लब सिटी स्टार की थैंक्स गिविंग सेरेमनी का हुआ आयोजन

**चन्दौसी, अमृत विचार:** रोटरी क्लब चन्दौसी सिटी स्टार की सत्र 2024-25 की थैंक्स गिविंग सेरेमनी में रोटरी अध्यक्ष को विदाई दी गई।सामाजिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करने वाले सदस्यों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि एसडीएम आशुतोष तिवारी व रोटरी के पूर्व गवर्नर डीके शर्मा ने किया। वर्ष 2024-25 के अध्यक्ष अंकित जैन को विदाई दी। रो. पायल शर्मा ने सभी को एकजुटता से आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। गरीब कन्याओं की पढ़ाई के लिए स्कालरशिप देने की घोषणा की गई। काव्य रस्तोगी, अनुराग मित्तल, पुनीत अग्रवाल, अमित अग्रवला, मनोज सराफ, मनोज सर्राफ, डॉ. अमोल कंचन, दिलीप रस्तोगी, नीरज रस्तोगी, भुवनेश वार्ष्णेय, लोकेश जैन, विजय वार्ष्णेय, विनीत अग्रवाल, लोकेश अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, निशांत, ज्योति जैन, शिल्पा अग्रवाल, चारू अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# शाम को हुई बारिश तो मिली लोगों को गर्मी से राहत

**चन्दौसी, अमृत विचार:** शनिवार को सुबह से तेज धूप व भीषण गर्मी से जनमानस परेशान हो गया था। शाम को अचानक मौसम में बदलाव के साथ झमाझम बरसात होने से लोगों ने राहत महसूस की। बरसात होने से जगह-जगह जलभराव की समस्या भी सामने आयी।

शुक्रवार की सुबह से तेज धूप व भीषण गर्मी शनिवार की शाम तक रही। शाम करीब 5 बजे से मौसम ने करवट बदली। जिसके बाद लगभग 1 घंटे तक रुक-रुककर तेज बरसात हुई। जिससे मौसम में ठंडक बढ गई। बरसात होने से गर्मी में त्रस्त हुई जनमानस को भी काफी राहत मिली। वहीं बरसात होने के बाद स्टेशन रोड, एफआर रोड, फव्वारा, कागजी मोहल्ला, संभल गेट आदि क्षेत्र में जलभराव होने से राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं रात के समय में भी बाद आसमान में काले बादल छाए रहे।

# महिला की गला दबाकर हत्या करने का आरोप

**बिसौली, अमृत विचार :** गांव मुंसिया नगला निवासी महिला की मौत हो गई। मायके वालों ने महिला के पति पर गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया।

शुक्रवार रात गांव निवासी राजबाला (28) पत्नी सुरेश की मौत हो गई। रामपुर के थाना शाहबाद क्षेत्र निवासी मायका पक्ष गांव पहुंचा। पुलिस को सूचना देकर सुरेश पर हत्या करने का आरोप लगाया। मृतका के भाई अमर सिंह ने बताया कि राजबाला की शादी साल 2016 में हुई थी। उसके दो बेटे हैं। शादी के बाद से ही वह पति के साथ कस्बा बिसौली में रहने लगी थीं। आरोप है कि सुरेश का किसी और युवती से प्रेम प्रसंग हो गया था। राजबाला ने इसका विरोध किया था। जिसके बाद चलते पति-पत्नी में अक्सर विवाद होता रहता था।

# जुबैदा हत्याकांड: चौकी इंचार्ज और सिपाही निलंबित

कार्यालय संवाददाता,बिजनौर

- घर के बाहर बुलेट धोने को लेकर हो गया था विवाद

**अमृत विचार:** काजीवाला में बुलेट मोटरसाइकिल धोने के मामूली विवाद के बाद गुरुवार को घर में घुसकर महिला की हत्या मामले में एसपी अभिषेक झा ने बेगावाला चौकी के इंचार्ज प्रवीण जादौन और सिपाही संदीप को निलंबित कर दिया है। मामले की जांच सीओ सिटी को सौंपी गई है।

गुरुवार दोपहर जुबैदा अपने घर पर अकेली थी और आंगन में बर्तन धो रही थीं। इसी दौरान पड़ोसी अय्यूब के तीन बेटे अमन, समीर और भूरा दीवार फांदकर घर में घुसे और सिर पर भारी वस्तु से हमला कर हत्या कर दी। परिजनों और ग्रामीणों के मुताबिक ईद उल अजहा के दिन आरोपियों ने जुबैदा के घर के सामने बुलेट धोते समय जानबूझकर पानी घर में डाल दिया था। जुबैदा के विरोध करने पर गाली-गलौज के साथ जान से मारने की धमकी दी गई थी। यह बात चौकी पुलिस, कोतवाली और आईजीआरएस पोर्टल तक पहुंचाई गई, लेकिन पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई।

गुरुवार को एक सिपाही आया और जांच कर लौट गया। उसी दिन जुबैदा की हत्या हो गई। मृतका के पति तबक्कर ने कहा कि उन्होंने कई बार पुलिस को जानकारी दी लेकिन ध्यान नहीं दिया। एसपी सिटी संजीव वाजपेई ने बताया, महिला का आरोपियों से बाइक धोने को लेकर विवाद हुआ था। उसी दौरान सिर पर हमला किया गया जिससे उसकी मौत हो गई। जांच की जा रही है।

# बरेली कॉलेज में स्नातक की लगभग सभी सीटें फुल

बरेली कार्यालय

- बीए और बीएससी जीव विज्ञान में नाममात्र की सीटें शेष
- तीन मेरिट जारी की गई थीं कॉलेज प्रशासन की ओर से

**अमृत विचार:** बरेली कॉलेज में स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए बीए, बीएससी जीव विज्ञान और बीकॉम की लगभग सभी सीटें फुल हो गई हैं। कुछ सीटें शेष हैं, जिन्हें ग्रीवांस सेल में आई शिकायतों के निस्तारण की वजह से रोका गया है। ऐसे में अब चौथी मेरिट आने की काफी कम संभावनाएं हैं।

इस वर्ष बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए, बीसीए और बीकॉम ऑनर्स के पाठ्यक्रमों में 5368 सीटों पर प्रवेश के लिए 10769 विद्यार्थियों ने आवेदन किया था। बीएससी गणित में 880 सीटों के सापेक्ष 689, बीएससी जीव विज्ञान में 720 के सापेक्ष 2024, बीकॉम में 1040 के सापेक्ष 1396, बीए में 1840 के सापेक्ष 4931, बीबीए में 120 के सापेक्ष 603, बीसीए में 160 के सापेक्ष 743 और बीकॉम ऑनर्स में 120 सीटों के सापेक्ष 383 आवेदन आए हैं। प्रवेश के लिए तीन मेरिट जारी की गईं। तीसरी मेरिट के प्रवेश शनिवार रात 12 बजे तक हुए। बीए, बीएससी जीव विज्ञान और बीकॉम की लगभग सभी सीटों पर प्रवेश पूरे हो गए थे। मुख्य प्रवेश नियंत्रक प्रो. वंदना शर्मा ने बताया कि लगभग सभी सीटें फुल हो गई हैं। कुछ शिकायतें ग्रीवांस सेल में हैं। उनके निस्तारण के लिए कुछ सीटें शेष हैं। ग्रीवांस सेल में शिकायतों के निस्तारण के बाद यदि सीटें रिक्त रहती हैं तो प्रवेश लिए जाएंगे। चौथी मेरिट जारी होने की संभावना काफी कम है।

# जनसंख्या रोकने को शिक्षा और जागरूकता ही प्रभावी उपाय

**बरेली,अमृत विचार:** पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल के चिकित्सालय में विश्व जनसंख्या दिवस पर शनिवार को जागरूकता गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य जनसंख्या नियंत्रण के प्रति जागरूकता फैलाना और परिवार नियोजन को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. यूएस नाग ने कहा कि देश ही नहीं, पूरी दुनिया जनसंख्या विस्फोट की समस्या से जूझ रही है। जनसंख्या नियंत्रण के तमाम प्रयास विफल हो रहे हैं क्योंकि अभी भी आमजन इसकी भयावहता को समझने में असमर्थ हैं। उन्होंने इस दिशा में शिक्षा और जन-जागरूकता को सबसे प्रभावी उपाय बताया। अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. मनोहर ने परिवार नियोजन से जुड़े विभिन्न संसाधनों की जानकारी दी और रेल कर्मचारियों से अपील की कि वे स्वयं इस दिशा में पहल करें और अपने सहकर्मियों को भी प्रेरित करें।

# महिला की मौत, ससुरालियों पर हत्या करने का आरोप

संवाददाता, सहसवान

- सहसवान कोतवाली क्षेत्र के गांव नदायल निवासी महिला की मेडिकल कॉलेज में हुई थी मौत

**अमृत विचार :** सहसवान क्षेत्र निवासी एक महिला की राजकीय मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना पर महिला का मायका पक्ष पहुंचा। ससुरालीजनों पर जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। महिला की मौत के बाद परिजनों में चीत्कार मचा है। पुलिस जांच कर रही है।

गांव भवानीपुर खल्ली निवासी मोहम्मद हारुन की बेटी आयशा फातिमा (22) की शादी तकरीबन डेढ़ साल पहले सहसवान कोतवाली क्षेत्र के गांव नदायल निवासी जफर अली पुत्र मुनासिर के साथ हुई थी। आयशा के दादा सरफराज का आरोप ह कि शादी के बाद से ही ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज में चार लाख रुपये और कार की मांग कर रहे थे। मांग पूरी करने को वह तरह-तरह से प्रताड़ित करते रहते थे। पिटाई भी लगाते थे। शुक्रवार शाम जफर ने आयशा के मायका पक्ष को फोन किया था।

बताया कि आयशा ने विषाख्त पदार्थ खा लिया है। उसे सहसवान के अस्पताल लेकर जा रहे हैं। चिकित्सक ने हालत गंभीर बताते हुए भर्ती करने से इंकार कर दिया तो आयशा को राजकीय मेडिकल कॉलेज ले जाया गया था। जहां आयशा फातिमा की मौत हो गई। आरोप है कि ससुरालीजन शव छोड़कर भाग गए। मायका पक्ष का आरोप है कि ससुरालीजन ने जहर देकर हत्या की है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया।


## BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY

**Accreditations, Affiliations & Approvals**

University Grants Commission of India · Medical Council Of India · Dental Council of India · Pharmacy Council of India · Indian Nursing Council · Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council · Association of Indian Universities · Uttar Pradesh State Medical Faculty

**ADMISSION OPEN FOR FOLLOWING COURSES SESSION 2025-26**

**CUET (UG)-2025 Registered/Score Accepted**

### ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| M.Sc.Medical (Anatomy/ Biochemistry/Microbiology/ Pharmacology/Physiology) | MBBS/BDS/B.Sc Nursing/ /B.Sc (PCB) | 3 Year |
| Diploma Medical Lab Technician (DMLT) | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| Diploma X-Ray Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| Diploma Radiotherapy Technology | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |

### INSTITUTE OF DENTAL SCIENCES

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| Dental Hygienist (DH) | 10+2 (PCB with English) | 2 Year |
| Dental Mechanics (DM) | 10+2 (PCB with English) | 2 Year |

### BIU COLLEGE OF PHARMACY/ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY/ KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| Bachelor of Pharmacy (B.Pharm) | 10+2 (PCB/PCM) | 4 Year |
| Master of Pharmacy (Pharmaceutics/Pharmacology/ Pharmaceutical Chemistry/Pharmacognosy) | B.Pharm | 2 Year |
| Diploma in Pharmacy | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |

### FACULTY OF PARAMEDICAL SCIENCES

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| Bachelor of Physiotherapy (BPT) | 10+2 (PCB) | 4.5 Year |
| B.Sc. Medical Laboratory Technician (BMLT) | 10+2 (PCB) | 3.5 Year |
| B.Sc. Optometry | 10+2 (PCB) | 4 Year |
| B.Sc. in Radiological imaging Techniques (BRIT) | 10+2 (PCB) | 3.5 Year |
| Bachelor in Operation Theatre Technician | 10+2 (PCB) | 3.5 Year |
| Diploma in Dialysis Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| Diploma in MRI Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| Diploma in Sanitation | 10+2 (PCB/PCM) | 1 Year |
| Diploma in Emergency & Trauma Care | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| M.Sc. Clinical Embryology | B.Sc. (PCB) | 2 Year |
| Master Physiotherapy | BPT | 2 Year |
| Master in Medical Laboratory Sciences (MMLS) | BMLS | 2 Year |

### ROHILKHAND COLLEGE OF NURSING

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| M.Sc. Nursing in Child Health Nursing/Mental Health Nursing/Community Health Nursing/Surgical Nursing/ Obstetric & Gynaecological Nursing | B.Sc. (Nursing) | 2 Year |
| B.Sc. Nursing | 10+2 (PCB) | 4 Year |
| GNM | 10+2 Any Stream | 3 Year |
| ANM | 10+2 Any Stream | 2 Year |
| Post Basic B.Sc. Nursing | GNM | 2 Year |
| Nurse Practitioner in Critical Care (NPCC) | B.Sc. Nursing | 2 Year |

### BIU COLLEGE OF HUMANITIES & JOURNALISM

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| BA (Hons.) in Journalism/ Mass Communication | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| BA (Hons.) in Eng./ Pol. Sc./ Socio./Eco. / Psychology | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| B.Lib.(Hons.) | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| MA (Journalism/ Mass Comm./ Public Rel./Electronic Media/ Adv.) | UG in Any Stream | 2 Years |
| MA (English/ Pol. Science/ Sociology/ Economics/ Hindi) | UG in Respective Stream | 2 Years |
| MA (Translation Studies) | UG in Respective Stream | 2 Years |
| MA (Applied & Clinical Psychology) | UG in Respective Stream | 2 Years |
| M.Lib. | UG in Respective Stream | 2 Years |

### BIU COLLEGE OF MANAGEMENT

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| BBA (Hons.) in Finance & Taxation | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| BCA (Hons.) in IT & Multimedia/ AI & Machine Learning | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| B.Com (Hons.) | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| MBA (Finance & Taxation / Healthcare Management / Sales & Marketing / HR / IT / Business Analytics) | UG in Any Stream | 2 Years |
| M.Com | UG in Respective Stream | 2 Years |
| MCA | UG in Respective Stream | 2 Years |
| MHA | UG in Any Stream | 2 Years |
| MPH | UG in Any Stream | 2 Years |

### FACULTY OF FORENSIC SCIENCES

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| B.Sc. Forensic Sciences | 10+2 (PCB/PCM) | 3 Year |
| M.Sc. Forensic Sciences | Graduation in Science (ZBC) | 2 Year |

**For More Information : 9105500202, 9105500404, Ph.: 0581-2526153, 051, 053**

Admission Cell, Administrative Block, Bareilly International University, Rohilkhand Medical College Campus, Bareilly PIN Code : 243006 (U.P.)

**Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in**

## एक नजर

### टीटीएफ में यूपी पर्यटन विभाग को एक्सीलेंस अवॉर्ड

अमृत विचार, लखनऊ : कोलकाता में आयोजित तीन दिवसीय ट्रैवल एंड टूरिज्म फेयर (टीटीएफ-2025) में उप्र. पर्यटन विभाग को एक्सीलेंस अवॉर्ड प्रदान किया गया। यह अवार्ड, विभाग के स्टॉल पर प्रदेश की समृद्ध विरासत, धार्मिक, सांस्कृतिक, साहसिक एवं प्राकृतिक पर्यटन स्थलों का प्रचार-प्रसार करने पर दिया गया है, आगंतुकों ने स्टॉल पर राज्य के गंतव्यों की जानकारी ली। यह जानकारी पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने शनिवार को दी। उन्होंने बताया कि, इस वर्ष का संस्करण 10 से 12 जुलाई तक विशेष रूप से बीटूबी (बिजनेस टू बिजनेस) स्वरूप में आयोजित किया गया। उन्होंने कहा, ट्रैवल एंड टूरिज्म फेयर के पेशेवर, टूर-ट्रैवल ऑपरेटर्स और ट्रैवल एजेंट्स से आग्रह किया गया कि वे अपने पर्यटन पैकेज में उप्र. को शामिल करें।

# यूपी में दुरुस्त नहीं कार्मिकों का ब्यौरा, अफसर तलब

## मिशन कर्मयोगी की समीक्षा में सामने आया चौंकाने वाला तथ्य, ब्यौरा दुरुस्त करने में जुटे अफसर

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

- लोकभवन में कल से तीन दिन लगातार बैठकें, विभागों को बताना होगा- कहां हो रही गड़बड़ी

अमृत विचार : राज्य के सरकारी विभागों, निदेशालयों, निगम, परिषद, संस्थान और संगठनों में कुल कितने कार्मिक तैनात है, इसका ब्यौरा अभी तक दुरुस्त नहीं है। यह तथ्य राज्य में मिशन कर्मयोगी की प्रगति की समीक्षा में सामने आने पर शासन सख्त हो गया है। लोकभवन में सोमवार से तीन दिन लगातार सभी विभागों के नामित अफसरों को तलब करके पोर्टल और विभाग में कार्मिकों की भिन्नता के पीछे की गड़बड़ियों का ब्यौरा मांगा गया है।

दरअसल, भारत सरकार के निर्देश पर वर्ष 2005 में शुरू किए गए एकीकृत सरकारी ऑनलाइन प्रशिक्षण (इंटीग्रेटेड गवर्नमेंट ऑनलाइन ट्रेनिंग) पोर्टल यानी मिशन कर्मयोगी पर राज्य के सभी सरकारी, अर्द्धसरकारी, संविदा, आउटसोर्स से लेकर दैनिक वेतनभोगी कार्मिक ब्यौरा दर्ज होना अनिवार्य है। मुख्य उद्देश्य भारतीय सेवा के सभी विंग समेत सभी सरकारी अधिकारियों-कर्मचारियों को उनकी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल से लैस करना है। हालांकि इस प्रगति में यूपी बिहार से भी पीछे हैं। यहीं नहीं प्रमुख सचिव कार्मिक एम. देवराज की अध्यक्षता में बीती 24 जून को हुई मिशन कर्मयोगी के कार्यान्वयन की प्रगति की उच्चस्तरीय समीक्षा में यह भी सामने आया कि इस पोर्टल पर पंजीकृत कार्मिकों की संख्या और विभाग में कार्यरत कार्मिकों की संख्या अलग-अलग है।

शासन ने इसे गंभीरता से लेते हुए सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और सचिवों को निर्देश दिए हैं कि प्रकरण पर विचार विमर्श के लिए लोकभवन में कार्मिक विभाग में सोमवार से तीन दिन मिशन कर्मयोगी के लिए सभी विभागों में नामित एडमिन अफसर (एमडीओ) के साथ बैठक होगी। शासन ने बैठक में संबंधित विभाग के अधीन समस्त निदेशालय, निगम, परिषद, संस्थान और संगठन में कार्यरत समस्त नियमित, मानदेय, संविदा, आउटसोर्सिंग समेत दैनिक मजदूरी वाले कार्मिकों की संख्या का ब्यौरा लाना अनिवार्य होगा।

### रोज दो शिफ्ट में होंगी तीन दर्जन विभागों की बैठकें

शासन ने कार्मिकों की संख्या दुरुस्त करने के लिए सोमवार, मंगलवार व बुधवार को प्रतिदिन दो शिफ्ट में बैठक की रूपरेखा तय की है। सोमवार को मध्यान्न 12 से 1 बजे तक आवास एवं शहरी नियोजन विभाग से लेकर लोक निर्माण विभाग तक कुल 15 विभाग और अपरान्ह 4 से 5 बजे तक नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति से लेकर उच्च शिक्षा तक कुल 15 विभागों की बैठक होगी। इसी तरह मंगलवार को पहले शिफ्ट में पर्यावरण से लेकर पर्यटन तक कुल 17 विभाग और दूसरी शिफ्ट में पिछड़ा वर्ग कल्याण से लेकर अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत तक कुल 15 विभागों की बैठक होगी। आखिरी दिन पहले शिफ्ट में औद्योगिक विकास एवं अवस्थापना से लेकर भाषा तक 15 और दूसरे शिफ्ट में निर्वाचन से लेकर वित्त विभाग तक कुल 15 विभागों की बैठकें होगी।

# परिवार आईडी के जरिए दिया जाएगा योजनाओं का लाभ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 'बदलाव' संस्था ने जारी की राजधानी में भिक्षावृत्ति में लगे लोगों की स्थिति

अमृत विचार : समाज कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण ने कहा कि पुनर्वास संसाधनों को पुनर्जीवित कर परिवार आईडी के जरिये भिक्षावृत्ति में संलिप्त लोगों को योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। राज्यमंत्री शनिवार को सहकारिता भवन में 'बदलाव' संस्था की ओर राजधानी में भिक्षावृत्ति में संलिप्त लोगों की स्थिति पर आधारित सर्वेक्षण रिपोर्ट 'उपेक्षा और समावेश 2024-25' के विमोचन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

राज्यमंत्री ने कहा कि सभाएं व चर्चाएं बहुत होती हैं, पर इस प्रकार के कार्यक्रमों से समाज के वंचित तबके के लोगों स्थिति पर आधारित रिपोर्ट आंकड़े नहीं मिल पाते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से पुनर्वास के लिए संसाधन तो हैं पर उन्हें पुनर्जीवित कर धरातल पर लाने की जरूरत है। परिवार आईडी के जरिये राज्य सरकार यह तय कर रही है कि परिवार में कौन से व्यक्ति को किस योजना का लाभ मिलना चाहिए और अगर नहीं मिल रहा है तो उसे योजना से जोड़ा जाए।

# नस्लों में सुधार न होने से कसाईखाने जाते थे पशु

## मुख्यमंत्री ने कहा- राज्य में गोवंश के नस्ल सुधार की मुहिम और होगी तेज, पशुपालक होंगे समृद्ध

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



लखनऊ में आयोजित कार्यशाला में उपस्थित मुख्यमंत्री योगी, केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह व अन्य।

- योगी ने केंद्रीय मंत्री के साथ 'भारत में पशु नस्लों का विकास' कार्यशाला की शुरुआत की

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि समय के अनुरूप पशुधन की नस्लों में सुधार नहीं होने से 2017 में चुनौती थी। बड़े पैमाने पर पशुधन सड़क, खेतों, कसाईखानों में जाते थे। उन्होंने कहा कि इसकी वजह से आस्था से खिलवाड़, किसानों के खेत में परेशानी और सड़क पर दुर्घटनाएं भी होती थीं। आश्वस्त किया कि राज्य में गोवंश के नस्ल सुधार की मुहिम और तेज होगी, जिससे पशुपालक होंगे समृद्ध होंगे।

वे शनिवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में भारत में पशु नस्लों का विकास कार्यशाला में बोल रहे थे। कहा कि भारत में कृषि व पशुधन एक-दूसरे के पूरक हैं। प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरणा से उप्र में भी इन दोनों क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाए गए हैं। उप्र दुग्ध उत्पादन में देश में नंबर एक पर है। पशुधन से अधिक और गुणवत्ता युक्त उत्पादन पाने के लिए नस्ल सुधार पर और जोर देना होगा। योगी ने कहा कि 2017 में निराश्रित गोआश्रय स्थल की कार्ययोजना बनाई और 2018 में उसे लागू किया। आज 14 लाख से अधिक गोवंशों की देखभाल सरकार की गोशालाओं या सरकार द्वारा सहायता प्राप्त पशुपालकों द्वारा की जा रही है। कुपोषित परिवारों को गायें दी जा रही हैं। अब तक 10 हजार से अधिक परिवार इसका लाभ ले चुके हैं। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। कहा कि अंडा उत्पादन और कुक्कुट पालन में भी प्रदेश ने बड़ी छलांग लगाई है। कार्यक्रम में प्रजनक संघों की स्थापना की रूपरेखा संबंधी पुस्तिका का विमोचन भी किया गया। इस दौरान अरुणाचल प्रदेश के पशुपालन एवं पशु चिकित्सा, डेयरी विकास मंत्री गेब्रियल डेनवांग वांगसू, प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, केंद्रीय सचिव पशुपालन एवं डेयरी अल्का उपाध्याय आदि उपस्थित थे।


### नस्ल सुधार में केंद्र का पूरा सहयोग : राजीव

कार्यक्रम में केंद्रीय पंचायतीराज और मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में उप्र में अच्छा काम हो रहा है। नस्ल सुधार आदि अन्य कार्यों में केंद्र द्वारा पूरा सहयोग दिया जाएगा।

# आरटीआई से भ्रष्टाचार करें उजागर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को कार्यशाला में दिया गया संघर्ष का मंत्र



लखनऊ में आयोजित कार्यशाला में मौजूद राष्ट्रीय प्रवक्ता अखिलेश प्रताप सिंह व अन्य।

अमृत विचार : कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता अखिलेश प्रताप सिंह ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता आरटीआई के जरिये सरकारी भ्रष्टाचार उजागर करने का कार्य करें। राष्ट्रीय प्रवक्ता शनिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सूचना का अधिकार विभाग के पदाधिकारियों की एक दिवसीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे।

कार्यशाला में राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि कांग्रेस सरकार की ओर से दिया आरटीआई कानून सरकार के भ्रष्टाचार को उजागर करने का एक बहुत ही सशक्त हथियार है। कांग्रेस कार्यकर्ता आरटीआई के महत्व को समझें और कम से कम 10-10 आरटीआई दाखिल कर सरकार के भ्रष्टाचार को उजागर करें।

राष्ट्रीय प्रवक्ता सुरेंद्र राजपूत ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार आरटीआई कानून को कमजोर करने का कुत्सित प्रयास कर रही है। हमें इसके लिए एकजुट होकर संघर्ष करने की आवश्यकता है। कार्यशाला में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए आरटीआई एक्टिविस्ट देवेश मणि त्रिपाठी ने कार्यशाला में आरटीआई से जुड़ी सभी जानकारियों को विस्तार से साझा किया।

कार्यशाला को विभाग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. अमित उठवाल, पूर्व मंत्री राज बहादुर, मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी, चिकित्सा विभाग के चेयरमैन डॉ. जियाराम वर्मा, सोशल मीडिया की कोऑर्डिनेटर नीलम सिंह वैश्य आदि ने भी सम्बोधित किया। कार्यशाला में लखनऊ जिला चेयरमैन माया सिंह व शहर चेयरमैन वीरेंद्र कुमार मौर्या भी मौजूद रहे।

# भाजपा के बाजार में अब बिकेगा बिजली विभाग : अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा के बाजार में अब बिजली विभाग बिकेगा और जनता की जेब पर निजी कंपनियों के भारी भरकम बिल डाका डालेंगे। भाजपा राज में जेनरेशन, ट्रांसमिशन या डिस्ट्रीब्यूशन किसी में कोई तरक्की नहीं हुई है। भाजपा सरकार ने प्रदेश की बिजली व्यवस्था बर्बाद कर दिया है।

सपा प्रमुख ने शनिवार को जारी बयान में कहा कि भाजपा सरकार नौ साल के कार्यकाल में बिजली का उत्पादन नहीं बढ़ाया है। केवल बिजली का बिल बढ़ाया है। प्रदेश भर में बिजली की अघोषित कटौती हो रही है। धान की रोपाई का समय चल रहा है। लेकिन किसानों को बिजली नहीं मिल रही है। छोटे शहरों और गांवों में बिजली की स्थिति बेहद खराब है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जानबूझकर बिजली व्यवस्था खराब कर रही है। सरकार बिजली विभाग को निजी हाथों में बेचने की तैयारी कर रही है।

# बिजली कर्मियों के आवास पर मीटर लगाने का विरोध

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कर्मियों ने कहा- यह समझौते का उल्लंघन, परिवारीजन भी करेंगे सत्याग्रह

अमृत विचार : ऊर्जा निगमों के निजीकरण प्रक्रिया के बीच उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने कर्मियों के आवासों पर मीटर लगाने की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस बीच, बिजली कर्मियों ने इसे तत्कालीन राज्य बिजली बोर्ड के विघटन के समय हुए समझौते का उल्लंघन बताया है। बिजली कर्मियों ने कहा कि कॉरपोरेशन प्रबंधन के दमनात्मक कार्रवाई के विरोध में अब बिजली कर्मियों के साथ उनके परिवारीजन सत्याग्रह करेंगे।

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के संयोजक शैलेंद्र दुबे व अन्य पदाधिकारियों ने कहा है कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण में आ रही वैधानिक अड़चनों से प्रबंधन बौखला गया है। दमन व भय का वातावरण बनाकर निजीकरण थोपने की कोशिश की जा रही है, पर इसे कामयाब नहीं होने दिया जाएगा।

संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि नवंबर 2024 में पूर्वांचल व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के एकतरफा ऐलानके बाद संघर्ष समिति ने लोकतांत्रिक ढंग से उसी समय आंदोलन शुरू कर दिया था। इसका परिणाम यह है कि सात महीनों से अधिक समय गुजरने के बावजूद पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन निजीकरण करने में कामयाब नहीं हो पाया है।

### उत्पीड़न के तहत किए गए कर्मियों के स्थानांतरण

संघर्ष समिति ने आरोप लगाते हुए कहा कि प्रबंधन ने हजारों बिजली कर्मियों के उत्पीड़न की दृष्टि से उन्हें दूरस्थ स्थानों पर स्थानांतरित कर दिया है। कई हजार बिजली कर्मियों का 'फेशियल अटेंडेंस' के नाम पर वेतन रोक लिया गया है। साथ ही, संघर्ष समिति के प्रमुख पदाधिकारियों पर आय के अधिक मामले में एफआईआर दर्ज कराई गई। उन्होंने कहा कि यूपी इलेक्ट्रिसिटी रिफॉर्म एक्ट 1999 और यूपी रिफॉर्म ट्रांसफर स्कीम 2000 का खुला उल्लंघन कर स्मार्ट मीटर लगाने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# नई बिजली दरों को लेकर 21 को सुनवाई

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश में नई बिजली दरों के निर्धारण को लेकर 21 जुलाई को राजधानी में जनसुनवाई होगी। इस बीच, उप्र. राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने कहा कि जनसुनवाई कार्यक्रमों में दरों में बढ़ोतरी का विरोध लगातार जारी रहेगा।

आयोग के अधिकारियों के अनुसार, 21 जुलाई होने वाली जनसुनवाई में मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के अधिकारियों के साथ ही, उपभोक्ता प्रतिनिधि शामिल होंगे। अधिकारियों ने बताया कि 17 जुलाई को मेरठ में जनसुनवाई होगी, जिसमें दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के अधिकारियों के साथ ही, उपभोक्ता प्रतिनिधि शामिल होंगे। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि बीते दिन वाराणसी में पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम में जनसुनवाई में उपभोक्ताओं, किसानों, उद्यमियों, बुनकरों आदि ने एक सुर में निजीकरण प्रक्रिया का विरोध किया। राज्य सरकार इसे जनमत संग्रह मानते हुए निजीकरण प्रक्रिया तत्काल समाप्त करे। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि कि प्रदेश के कुछ नौकरशाह निजीकरण को लेकर बहुत दिलचस्पी दिखा रहे हैं।

# स्वास्थ्य विभाग में ग्रेड फोर के 1300 पद रिक्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- डॉक्टरों को विभागीय प्रोन्नति कमेटी की बैठक का इंतजार

अमृत विचार : मुख्यमंत्री के निर्देश देने के बावजूद स्वास्थ्य विभाग में डॉक्टरों को प्रमोशन नहीं मिल रहा है। जबकि मुख्य सचिव के स्पष्ट निर्देश हैं कि विभागीय प्रोन्नति कमेटी (डीपीसी) की बैठक के जरिए रिक्त पदों को भरा जाए।

बाजवूद पीएमएस में ग्रेड फोर में करीब 50 प्रतिशत पद रिक्त हैं, जिन्हें ग्रेड तीन के डॉक्टरों की पदोन्नति से भरा जाना है, यहीं क्रम ग्रेड तीन, ग्रेड दो तक जाता है। वर्षों से एक ही ग्रेड में सेवाएं दे रहे डॉक्टरों को बैठक का इंतजार है। चिकित्सकों के 19011 पद वाले स्वास्थ्य विभाग में ग्रेड फोर के 2825 पदों में करीब 1300 से ज्यादा पद रिक्त हैं, हर माह डॉक्टरों के सेवानिवृत्त होने से रिक्त पदों की संख्या बढ़ती जा रही है।

पद रिक्त होने के पीछे दूसरी वजह विभाग में डॉक्टरों का समयबद्ध पदोन्नति न होना है। इसी प्रकार ग्रेड दो के करीब 2000 डॉक्टरों को ग्रेड तीन में पदोन्नति का इंतजार है। यही हाल ग्रेड वन से ग्रेड दो में प्रमोशन का इंतजार करने वाले डॉक्टरों का है, हालांकि इसी वर्ष विभाग द्वारा डीपीसी के माध्यम से ग्रेड वन के करीब 750 डॉक्टरों को ग्रेड दो में पदोन्नति मिली है, मगर यह संख्या नाकाफी है।

क्योंकि ग्रेड वन में 3620 पद के सापेक्ष अभी भी पांच हजार से ज्यादा डॉक्टर कार्यरत हैं।

> ग्रेड वन के डॉक्टरों की डीपीसी हो चुकी है, अर्ह डॉक्टरों को प्रोन्नति मिल गयी है। जल्द ही ग्रेड दो, ग्रेड तीन व ग्रेड फोर की डीपीसी बैठक प्रस्तावित है। बैठक होते ही रिक्त पद भर जाएंगे। -डॉ. रतन पाल सिंह सुमन स्वास्थ्य महानिदेशक, उप्र.

# 15 व 16 को लखनऊ में लगेगा युवाओं के हुनर का मेला

अमृत विचार, लखनऊ : राजधानी में 15 व 16 जुलाई को युवाओं के हुनर का मेला लगेगा। विश्व युवा कौशल दिवस पर कौशल ओलंपिक-2025 तकनीक और टैलेंट का भव्य संगम होगा। इसमें प्रदेश भर के प्रशिक्षणार्थी अपने हुनर का दम दिखाएंगे। मिशन निदेशक पुलकित खरे ने बताया कि यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अंतर्गत आयोजित होगा। इसका उद्देश्य युवाओं के नवाचारों को मंच देना है। खासकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी आधुनिक तकनीकों के माध्यम से किए गए टेक-बेस्ड कौशल नवाचारों को मंच मुहैया कराया जाएगा। बताया कि राज्य के सभी जिलों में संचालित प्रशिक्षण केंद्रों से चयनित प्रशिक्षणार्थी इस ओलंपिक में भाग लेंगे और अपने-अपने प्रोजेक्ट्स, मॉडल्स, ऐप्स या टेक सॉल्यूशन का प्रदर्शन करेंगे।


## वर्ग पहेली-30

**बाएं से दाएं**

1. 1. युग के अनुकूल, समय के अनुसार 2. प्रासंगिक।
5. 1. चिट्ठी-पत्री या हिसाब-किताब लिखने वाला कर्मचारी, मुहर्रिर 2. लिपिक, लेखक।
8. मछली पकड़ने का जाल।
9. 1. बच्चों द्वारा नकियाकर धीरे-धीरे रोने की आवाज़ 2. अस्पष्ट स्वर में ठहर-ठहरकर रोने की ध्वनि।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. दूसरों के साथ किया जाने वाला छल या कपट; धोखा; धूर्तता 2. हल का फाल 3. वेणी, कबरी, जूड़ा 4. बाहर की ओर निकला हुआ भाग, उठान, उभार।
3. जिसकी सिंचाई हो चुकी हो, सींचा हुआ।
4. छुनन-मुनन।
6. श्येनपक्षी, बाज़।
7. नौकर, सेवा करने वाला।



### वर्ग पहेली -29 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 ना | जी | ■ | 2 हँ | 3 स | न | ■ |
| ■ | ■ | 4 खु | ■ | ह | ■ | 5 गं |
| 6 ऐ | ■ | ट | ■ | यो | ■ | धा |
| 7 लो | को | प | यो | गी | ■ | ना |
| पै | ■ | न | ■ | ■ | 8 नि | ■ |
| थ | ■ | ■ | 9 घा | ■ | ढा | ■ |
| ■ | ■ | 10 अ | न | सु | ल | झी |

## सुडोकू-37

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 8 | 5 | | | 9 | | |
| | 2 | | | 7 | 3 | 1 | 8 | |
| 6 | | | | 8 | | | 4 | |
| | 5 | | | 2 | | | | 3 |
| | | 2 | | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | | | 6 | |
| | 1 | | | 5 | | | | 2 |
| | 6 | 9 | 4 | 3 | | | 7 | |
| | | 3 | | | 8 | 4 | | 1 |

### सुडोकू - 36 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 8 | 5 | 3 | 7 | 9 | 4 | 6 | 1 |
| 3 | 4 | 1 | 8 | 6 | 5 | 7 | 2 | 9 |
| 9 | 7 | 6 | 4 | 2 | 1 | 5 | 8 | 3 |
| 6 | 2 | 9 | 7 | 4 | 3 | 1 | 5 | 8 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 |
| 5 | 3 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 | 4 | 2 |
| 1 | 9 | 2 | 5 | 3 | 4 | 8 | 7 | 6 |
| 7 | 5 | 3 | 2 | 8 | 6 | 9 | 1 | 4 |
| 8 | 6 | 4 | 9 | 1 | 7 | 2 | 3 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 13 जुलाई, रविवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-श्रावण, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तृतीया-14 जुलाई 01.02 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पश्चिम, ऋतु- वर्षा।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-श्रवण 06.53 तक तत्पश्चात धनिष्ठा।

**मेष** आज आपकी दिनचर्या काफी अच्छी रहेगी। आपको किसी कारण यात्रा करनी पड़ सकती है। भाई-बहन को लेकर परेशानियां दूर होंगी। अति आत्मविश्वास में आकर काम करने से बचें। मित्रों से सलाह लेकर काम करना हितकर होगा।

**वृष** आज आप कुछ बारीक गलतियां कर सकते हैं इससे आपको बड़ा नुकसान झेलना पड़ सकता है। आपको सभ्य भाषा का प्रयोग करना चाहिए। पर्यटन से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है। दूसरों के मामलों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें।

**मिथुन** आज आपको कारोबार में नए तरीकों के प्रयोग से बचना चाहिए। सोशल मीडिया के माध्यम से आपको नए मित्र मिल सकते हैं। आपके विरोधी भी आपका सम्मान करेंगे। अधिक सोच-विचार न करें। परिवार के साथ खरीदारी के लिए जा सकते हैं।

**कर्क** आज आपके व्यवहार में कुछ सकारात्मक परिवर्तन होंगे जिससे आपके परिजन अत्यंत प्रसन्न होंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आपको पुराने अनुभवों का लाभ मिलेगा। धार्मिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। शाम के समय थकान और सिरदर्द का अनुभव कर सकते हैं।

**सिंह** आज अधिकारी वर्ग से अधिक बहस न करें। मेडिकल विद्यार्थियों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। अपने लक्ष्य को लेकर अत्यंत सजग रहेंगे। कार्यक्षेत्र में कुछ राजनीति का सामना करना पड़ेगा। अनावश्यक बातों को लेकर तनाव में हो सकते हैं।

**कन्या** आज आपके सामने अचानक परेशानियां खड़ी हो सकती हैं। गूढ़ विद्याओं को सीखने के प्रति इच्छा जागृत होगी। एलर्जी और गर्मी को लेकर परेशानी होगी। आय को लेकर थोड़े चिन्तित हो सकते हैं। वाहन में कुछ खराबी आ सकती है।

**तुला** आज माता के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। दांपत्य संबंधों में अविश्वास की भावना न आने दें। विद्यार्थियों को पढ़ाई पर काफी ध्यान देना चाहिये। दूसरों से अधिक अपेक्षा न करें। कार्यक्षेत्र में मन नहीं लगेगा।

**वृश्चिक** आज दिन उमंग और उत्साह से भरपूर रहेगा। धन के कारण जो काम लम्बित थे वे आज पुन: प्रारम्भ होने की संभावना है। परिवार के सदस्य आपसे अत्यन्त प्रसन्न रहेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों की प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। नव विवाहित जोड़े यात्रा के लिए जा सकते हैं।

**धनु** आज आपको छोटे भाई बहनों को लेकर थोड़ी चिंता हो सकती है। बेरोजगार लोगों को नई नौकरी मिलने की संभावना है। विवादित मामलों का समाधान मिलने की संभावना बन रही है। छोटी दूरी की यात्रा की योजना बना सकते हैं। कानूनी मामलों में सफलता मिलेगी।

**मकर** आज आपकी दिनचर्या व्यवस्थित रहेगी। आपका मन अत्यंत प्रसन्न रहेगा। घर के नवीनीकरण की योजना बना सकते हैं। नकदी की समस्या हल हो सकती है। नया रोजगार आरंभ करने के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। नई संपत्ति खरीदने के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** आज किसी को उधार धन न दें। रुका हुआ धन आपको वापस मिलने में समस्या होगी। अत्यधिक वाचालता और क्रोध के कारण आपके संबंध प्रभावित होंगे। इंश्योरेंस में आप धन का निवेश कर सकते हैं। जोड़ों और घुटनों में दर्द की समस्या हो सकती है।

**मीन** आज का दिन आपके लिए शुभ फलप्रदायक होने वाला है। प्रतिद्वन्दी आपके सामने परास्त हो सकते हैं। परिवार की किसी समस्या का समाधान मिलेगा। राजनीति से जुड़े लोग अपनी कूटनीतिक क्षमता का प्रयोग करते हुए कोई बड़ा काम कर सकते हैं।

# एलडीएफ-यूडीएफ ने भ्रष्टाचार को दिया बढ़ावा

## केंद्रीय गृह मंत्री शाह बोले- दोनों ने तुष्टीकरण की राजनीति की और केरल को राष्ट्र-विरोधी ताकतों के लिए पनाहगाह बनाया

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) नीत वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) और विपक्षी कांग्रेस नीत संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ), दोनों पर ही निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि दोनों मोर्चों की सरकारों ने केवल भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया, तुष्टीकरण की राजनीति की और केरल को 'पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया' (पीएफआई) जैसी 'राष्ट्र-विरोधी ताकतों' के लिए पनाहगाह बना दिया।


तिरुवनंतपुरम में शनिवार को आयोजित जनसभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ केरल राज्य के भाजपा अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर।

शाह ने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि केवल भाजपा की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ही राज्य में विकास ला सकता है, न कि एलडीएफ या यूडीएफ। उन्होंने कहा कि दक्षिणी राज्यों के विकास के बिना विकसित भारत संभव नहीं है और विकसित भारत का मार्ग केवल विकसित केरलम से होकर जाता है। शाह ने रेखांकित किया, इसलिए, अब से भाजपा का मूल उद्देश्य विकसित केरलम होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा के बिना केरल में विकास नहीं हो सकता। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार ने राज्य को हजारों करोड़ की विड़िण्गम बंदरगाह जैसी परियोजनाएं दी हैं, दो वंदे भारत ट्रेनों के जरिए 11 जिलों को जोड़ा है और केरल के लिए रेलवे बजट को 2004 के 372 करोड़ रुपये से बढ़ाकर वर्तमान में 3,700 करोड़ कर दिया है। उन्होंने दावा किया कि मोदी सरकार ने पिछली कांग्रेस सरकारों की तुलना में केरल पर कई गुना ज्यादा पैसा खर्च किया है। शाह ने कहा कि वह पार्टी के प्रदेश कार्यालय के जरिए इसके आंकड़े जारी करेंगे।

केंद्रीय गृह मंत्री ने शनिवार को कहा कि भाजपा के लिए केरल में मुख्यमंत्री होने से ज्यादा जरूरी यह सुनिश्चित करना है कि राज्य में पार्टी कार्यालय विकसित केरलम का केंद्र बने। शाह ने पार्टी के 'विकसित केरलम' मिशन का लोगो भी जारी किया।

### राज्य के पास अधिकार था पर केंद्र सरकार ने लगाया पीएफआई पर प्रतिबंध

उन्होंने आरोप लगाया कि दोनों की सरकारों ने केरल को पीएफआई जैसी राष्ट्र-विरोधी ताकतों के लिए पनाहगाह बनाया। केंद्र ने 2022 में पीएफआई और उसके सहयोगियों को गैरकानूनी घोषित किया। केरल के पास प्रतिबंध लगाने के अधिकार हैं, लेकिन जब यह संगठन देश भर में फैल गया, तब प्रधानमंत्री मोदी ने इस पर प्रतिबंध लगाया और यह सुनिश्चित किया कि इसके शीर्ष नेताओं की गिरफ्तारी हो। शाह ने पुथरीकंदम मैदान में आयोजित वार्ड स्तरीय नेतृत्व बैठक में कार्यकर्ताओं की सभा में कहा, "माकपा और कांग्रेस, भाजपा को उत्तर भारतीय पार्टी करार देती हैं लेकिन हमने असम और त्रिपुरा जैसे कई राज्यों में सरकारें बनाईं, जो विपक्षी दलों के गढ़ थे और उनकी पार्टी तमिलनाडु में भी सत्ता में आएगी। शाह ने कहा कि केरल में भाजपा के नेतृत्व वाले राजग का मत प्रतिशत 2014 से बढ़ा है और गठबंधन राज्य में 2026 का विधानसभा चुनाव सरकार बनाने के इरादे से लड़ेगा।

# मध्यस्थता कैसी होनी चाहिए भारत इसकी पुनर्कल्पना कर रहा : न्यायूमर्ति सूर्यकांत

नई दिल्ली, एजेंसी


स्वीडन के गोथेनबर्ग में हुई गोलमेज की बैठक को न्यायमूर्ति ने किया संबोधित

सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा है कि भारत अब केवल स्थापित मध्यस्थता केंद्रों की बराबरी करने का प्रयास नहीं कर रहा है, बल्कि सक्रिय रूप से इस बात की 'पुनः कल्पना' कर रहा है कि एक गतिशील और बहुध्रुवीय कानूनी व्यवस्था में मध्यस्थता कैसी हो सकती है और कैसी होनी चाहिए। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि मध्यस्थता का भविष्य न केवल अंतर्राष्ट्रीय है, बल्कि भारतीय भी है। उन्होंने साथ ही प्रवर्तन संबंधी चिंताओं जैसी गंभीर चुनौतियों का भी हवाला दिया, जिनका देश को समाधान करना होगा।

उन्होंने संस्थागत विकास को बढ़ाने के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी की वकालत की। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश 10 जुलाई को स्वीडन के गोथेनबर्ग में हुए अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थता की पुनः कल्पनाः वैश्विक मध्यस्थता स्थल के रूप में भारत का उदय विषय पर गोलमेज बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मध्यस्थता को अब गौण रूप में नहीं देखा जाता, बल्कि यह विवाद समाधान का एक पसंदीदा तरीका बनता जा रहा है।

सूर्यकांत ने कहा कि लक्षित सुधारों, संस्थागत विकास और मध्यस्थता के प्रति गहरी होती सांस्कृतिक प्रतिबद्धता के माध्यम से भारत एक ऐसा मॉडल तैयार कर रहा है, जो न केवल वैश्विक मानकों के प्रति उत्तरदायी है, बल्कि इसके कानूनी और आर्थिक संदर्भ को भी दर्शाता है। उन्होंने कहा कि मैं आपके समक्ष जो संदेश छोड़ना चाहता हूं वह स्पष्ट हैः भारत अब केवल स्थापित मध्यस्थता केंद्रों की बराबरी करने का प्रयास नहीं कर रहा है - वह सक्रिय रूप से इस बात की पुनर्कल्पना कर रहा है कि एक गतिशील, बहुध्रुवीय कानूनी व्यवस्था में मध्यस्थता कैसी हो सकती है और कैसी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह बदलाव केवल कानून और बुनियादी ढांचे से नहीं हो सकता, बल्कि इसके लिए भारत के मध्यस्थता पारिस्थितिकी तंत्र को पोषित करने, विश्वास पैदा करने और अंतरराष्ट्रीय संवाद को बढ़ावा देने में सरकारों, मध्यस्थता संस्थानों, चिकित्सकों और शिक्षाविदों द्वारा सामूहिक निवेश की आवश्यकता है।

## एक नजर

### पटना हवाई अड्डे को मिली धमकी, सुरक्षा बढ़ाई गई

**पटना।** शहर स्थित जयप्रकाश नारायण अंतर्राष्ट्रीय (जेपीएनआई) हवाई अड्डे पर अधिकारियों को ईमेल से बम की धमकी मिलने के बाद शनिवार को सुरक्षा बढ़ा दी गई, हालांकि यह अफवाह निकली। हवाई अड्डे की ओर से जारी बयान में कहा गया, शुक्रवार रात नौ बजे हवाई अड्डे के निदेशक के ईमेल पर बम की धमकी मिली थी। एसपी (पटना सेंट्रल) दीक्षा ने बताया कि घटना के बाद हवाई अड्डे पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है।

### छत्तीसगढ़ः 23 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में 23 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि इन नक्सलियों पर कुल 1.18 करोड़ का इनाम था। आत्मसमर्पण करने वाले 23 नक्सलियों में नौ महिला नक्सली शामिल थीं। उन्होंने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों पर क्षेत्र में बड़ी नक्सली घटनाओं में शामिल होने का आरोप है।

### मणिपुर में आठ उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर के तीन जिलों से सुरक्षाबलों ने विभिन्न प्रतिबंधित संगठनों के आठ उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि प्रतिबंधित 'पीपुल्स रिवोल्यूशनरी पार्टी ऑफ कांगलीपाक' (पीआरईपीएके-वीसी-रेड आर्मी) के एक कैडर को शुक्रवार को इंफाल पश्चिम जिले के महाराबी से गिरफ्तार किया गया।

# यौन उत्पीड़न से क्षुब्ध छात्रा ने खुद को लगाई आग, प्रचार्य निलंबित

बालासोर, एजेंसी

- आरोपी शिक्षक गिरफ्तार, 90 प्रतिशत जल चुकी है छात्रा

ओडिशा के बालासोर के महाविद्यालय की छात्रा ने यौन उत्पीड़न से क्षुब्ध होकर शनिवार को शैक्षणिक संस्थान परिसर में खुद को आग लगा ली। छात्रा को बचाने में एक छात्र भी झुलस गया है। दोनों को भुवनेश्वर एम्स रेफर कर दिया गया है। इस पर सरकार ने प्राचार्य और शिक्षा विभाग के प्रमुख को निलंबित कर दिया है।

पुलिस के मुताबिक, घटना शनिवार दोपहर तब हुई जब छात्रा ने बालासोर स्थित फकीर मोहन (स्वायत्त) कॉलेज के प्राचार्य दिलीप घोष से मुलाकात की और सहायक प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष समीर साहू के खिलाफ यौन उत्पीड़न की शिकायत पर कार्रवाई की मांग की थी। अधिकारी ने बताया कि आरोपी शिक्षक समीर साहू को गिरफ्तार कर लिया है। उच्च शिक्षा मंत्री सूर्यवंशी सूरज ने छात्रा के स्वास्थ्य की जानकारी लेने के लिए एम्स भुवनेश्वर का दौरा किया।

# दिल्ली में ऑरेंज -येलो अलर्ट जारी

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के कुछ हिस्सों में शनिवार को बारिश हुई, जिस पर ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किए गए। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शुरुआत में दिल्ली के लिए ग्रीन अलर्ट जारी किया था, जिसका अभिप्राय है कि उस दिन कोई चेतावनी नहीं है। हालांकि, जैसे-जैसे स्थिति बदलती गई, चेतावनी के स्तर में बदलाव किया गया।

दिल्ली की मौसम वेधशाला सफदरजंग में शाम 5.30 बजे तक 12.9 मिमी बारिश हुई। अन्य इलाकों में भी बारिश हुई, लोधी रोड में 12 मिमी और प्रगति मैदान में 11 मिमी बारिश दर्ज की गई। शहर का अधिकतम तापमान 34.8 डिग्री तक पहुंच गया, जो सामान्य तापमान से 0.7 डिग्री कम है। न्यूनतम तापमान 26.4 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि सापेक्षिक आर्द्रता सुबह 82 से शाम को 62% के बीच रही।



### हिमाचल में बारिश से 249 सड़कें बंद

**शिमला।** हिमाचल में भारी बारिश से 249 सड़कें वाहनों की आवाजाही के लिए बंद हैं, जिनमें से 207 मंडी जिले में हैं। यह सड़कें भूस्खलन से प्रभावित है। बारिश से मंडी से धर्मपुर (कोटली होकर) के बीच एनएच- 3 (अटारी-लेह) भारी वाहनों के लिए बंद है। पंडोह बांध के पास कैची मोड़ पर भूस्खलन से मंडी-कुल्लू खंड को 10 घंटे तक बंद रखना पड़ा।

# मप्रः कुनो राष्ट्रीय उद्यान में मादा चीता की चोटों के कारण मौत

श्योपुर, एजेंसी

नामीबिया से मध्यप्रदेश के कुनो राष्ट्रीय उद्यान (केएनपी) में स्थानांतरित 8 वर्षीय नाभा नामक चीता की शनिवार को चोटों से मौत हो गई। चीता परियोजना के क्षेत्र निदेशक उत्तम शर्मा ने कहा, नाभा एक सप्ताह पहले, बाड़े के अंदर शिकार के प्रयास के दौरान घायल हो गई थी। उसको फ्रैक्चर के साथ अन्य चोटें भी थीं। उसका एक सप्ताह तक इलाज चला, लेकिन चोटों से उसकी मृत्यु हो गई।

### बीबीपी में बाघ के तीन शावकों की मौत

**बेंगलुरु।** बन्नेरघट्टा जैविक उद्यान (बीबीपी) में बाघिन द्वारा जन्म देने के बाद छोड़ देने से उसके तीन शावकों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि बाघिन हिमा दास ने 7 जुलाई को 3 शावकों को जन्म दिया, लेकिन जन्म के बाद उसने उनकी देखभाल नहीं की, जिससे तीनों घायल हो गए। शावकों को चिकित्सा के लिए अस्पताल भेजा गया, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका।

# चिराग को सोशल मीडिया पर मिली धमकी, शिकायत दर्ज

**पटना।** केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान को इंस्टाग्राम उपयोगकर्ता से जान से मारने की धमकी मिली है। यह जानकारी उनकी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने शनिवार को दी। लोजपा (रामविलास) ने 'एक्स' हैंडल पर मुख्य प्रवक्ता राजेश भट्ट द्वारा पटना के साइबर पुलिस थाने में दर्ज कराई शिकायत का स्क्रीनशॉट भी साझा किया।

भट्ट ने शिकायत में टाइगर मेराज इदरीसी की पोस्ट का हवाला दिया, जिसने हाजीपुर के सांसद को बम से उड़ाने की धमकी दी है। थाना प्रभारी (एसएचओ) ने मामले में जांच का आदेश दिया है। भट्ट ने आरोप लगाया है कि उपयोगकर्ता ने आपराधिक प्रवृत्ति दिखाई है और ऐसा लग रहा है कि वह हमारे नेता की बढ़ती लोकप्रियता से परेशान है। पार्टी ने केंद्र और राज्य सरकार से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि अपराधी को न्याय के कटघरे में लाया जाए और आरोप लगाया कि वह राष्ट्रीय जनता दल (राजद) का समर्थक है।

# स्कूली शिक्षा की स्थिति चिंताजनक मोदी सरकार उदासीन : खरगे

नई दिल्ली, एजेंसी


- स्कूली शिक्षा की स्थिति से जुड़े सर्वेक्षण का कांग्रेस अध्यक्ष ने दिया हवाला

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने स्कूली शिक्षा की स्थिति से जुड़े सर्वेक्षण का हवाला देते हुए शनिवार को दावा किया कि इस चिंताजनक स्थिति को लेकर नरेन्द्र मोदी सरकार का रवैया उदासीन है। उन्होंने परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 का हवाला देते हुए कहा कि कक्षा 3 के बच्चों में 40% अक्षरों की सही से पहचान नहीं कर पा रहे और छठी कक्षा के 44% बच्चे सरल शब्दों के अर्थ से अवगत नहीं हैं। वर्तमान में स्कूली शिक्षा की स्थिति कोविड काल से पहले की तुलना में ज्याद खराब है। खरगे ने एक्स पर कहा, परीक्षा पर चर्चा और एग्जाम वॉरियर्स जैसे चर्चित शब्द और स्व-प्रचार कार्यक्रम भारत में शिक्षा की वास्तविक स्थिति को दर्शाने वाले इन चिंताजनक सूचकांकों को छिपा नहीं सकते। व्यापक उदासीनता से सीखने का स्तर गिर रहा है और सरकार देश के भविष्य के प्रति उदासीन बनी है।


# पिता नहीं चाहता था इन्फ्लुएंसर बने राधिका

गुरुग्राम (हरियाणा), एजेंसी

गुरुग्राम पुलिस ने शनिवार को कहा कि पूर्व राज्यस्तरीय टेनिस खिलाड़ी राधिका यादव की अपनी अकादमी नहीं थी और वह अलग-अलग जगहों पर टेनिस कोर्ट बुक कर खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देती थीं, जो उनके पिता को रास नहीं आ रहा था। वहीं ये दावे थे कि दीपक राधिका की 'इन्फ्लुएंसर' बनने की आकांक्षा से काफी नाराज था। वहीं, दीपक को शनिवार को अदालत में पेश किया गया, जिसने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

इससे पहले, पुलिस ने कहा था कि राधिका टेनिस अकादमी चलाती थीं, जो पिता-पुत्री के बीच विवाद का विषय था, क्योंकि दीपक को बेटी की कमाई पर निर्भर रहने के लिए ताना मारा जाता था। पुलिस के अनुसार, दीपक ने अपनी बेटी की गोली मारकर हत्या करने की बात कबूल कर ली है। आरोपी आर्थिक रूप से संपन्न है और संपत्तियों को किराये पर देने से उसकी अच्छी आमदनी होती है, लेकिन तानों से कुछ सप्ताह से अवसाद में था। वहीं, कई लोगों ने दावा किया था कि एक कलाकार के साथ राधिका का संगीत वीडियो उनकी हत्या का कारण बना। सेक्टर 56 थाने के निरीक्षक विनोद कुमार ने कहा, वीडियो 2023 में अपलोड हुआ था और इसका हत्या से संबंध नहीं है। आरोपी ने बार-बार कहा है कि वह नहीं चाहता था कि उसकी बेटी प्रशिक्षण से कमाई करे।

**पूर्व टेनिस खिलाड़ी हत्याकांड**


- राधिका की अपनी अकादमी नहीं थी, अलग-अलग टेनिस कोर्ट बुक करके देती थीं प्रशिक्षण

### मेरे भाई ने बेटी की हत्या की बात कबूली

राधिका यादव के चाचा विजय यादव ने कहा कि आरोपी दीपक ने अपनी बेटी की हत्या की बात उनके समक्ष कबूल की है। उसे फांसी दे दी जानी चाहिए। विजय ने कहा, दीपक का परिवार संपन्न है। दीपक को अपनी गलती का एहसास था और किसी के लिए पश्चाताप से बड़ी कोई सजा नहीं हो सकती। पूरा परिवार सदमे में है।

## कारोबार/कृषि

# डिजिटल माध्यम से वैश्विक पहुंच जरूरी

## सीतारमण ने विकास के साथ पारिस्थितिकी के संरक्षण को संतुलित करने की आवश्यकता बताई

शिलॉग, एजेंसी


- केंद्रीय वित्त मंत्री ने नागरिकों, उद्योग और नीति निर्माताओं के बीच सहयोग के महत्व पर भी जोर दिया

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को विशेष रूप से मेघालय जैसे क्षेत्रों में विकास की आकांक्षाओं के साथ पारिस्थितिकी के संरक्षण को संतुलित करने की आवश्यकता को रेखांकित किया। उन्होंने स्वीकार किया कि जलवायु संकट इस हद तक बढ़ा है कि सर्वोत्तम मौसम विज्ञान उपकरण भी सटीक पूर्वानुमान नहीं कर सकते।

वित्त मंत्री ने कहा, मौसमी घटनाएं आम बात हो गई हैं। अचानक बाढ़ आना और पहले कई महीनों तक होने वाली बारिश अब एक ही दिन में हो रही है, जिससे जान-माल का नुकसान हो रहा है। ग्रामीण और वन क्षेत्रों में बदलाव पर उन्होंने आधुनिक बुनियादी ढांचे की जरूरतों पर बल दिया।

सीतारमण ने कहा, हमें कनेक्टिविटी के लिए ऑप्टिकल फाइबर और डिजिटल उपकरणों के माध्यम से वैश्विक पहुंच की जरूरत है ताकि कारीगर और किसान अपने उत्पादों का विपणन कर सकें। इसका अर्थ है उन क्षेत्रों में विस्तार करना जो सहस्राब्दियों से हरे-भरे रहे हैं। उन्होंने कहा कि पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में विकास कार्य से जुड़े फैसले स्थानीय स्तर पर लिए जाने चाहिए। यह मेरा काम नहीं है कि मैं कहीं और से कहूं कि किसी क्षेत्र को (विकास से) अछूता रहना चाहिए। लोगों को यह तय करना होगा कि वे किस मात्रा में होने वाले विकास के साथ सहज हैं और उन्हें इसकी किस स्तर पर इसकी सीमा तय करनी है। यह कहना उचित नहीं कि किसी क्षेत्र को अछूता रहना चाहिए।

केंद्रीय मंत्री ने यह महत्वपूर्ण प्रश्न उठाया कि यदि विकास को पूरी तरह से नकार दिया जाए, तो क्या वे लोग जो पीढ़ियों से अपरिवर्तित रहे हैं और अब बेहतर जीवन की आकांक्षा रखते हैं, संतुष्ट हो सकेंगे? उन्होंने कहा कि यह बात न केवल भारत में, बल्कि पूरे विश्व में चर्चा कें केंद्र में है। इस मुद्दे की तात्कालिकता को रेखांकित करते हुए, केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि अगला वैश्विक जलवायु शिखर सम्मेलन ब्राजील में अमेजन वर्षावन के किनारे एक सुदूर क्षेत्र में आयोजित किया जाएगा। वहां इसके आयोजन का उद्देश्य यह प्रदर्शित करना है कि कैसे दुनिया अब जलवायु और विकास की बातचीत को सीधे सबसे नाजुक पारिस्थितिक तंत्रों तक ला रही है।

सीतारमण ने कहा, मुझे खुशी है कि यह आज सुबह यहां शुरू हुई। केंद्रीय वित्त मंत्री ने नागरिकों, उद्योग और नीति निर्माताओं के बीच सहयोग के महत्व पर भी जोर दिया। सीतारमण ने कहा कि केंद्र सरकार व्यापक भागीदारी और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए कर ढांचे को सरल बनाने और वित्तीय प्रणालियों की पहुंच बढ़ाने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही है।

# मुरादाबाद में 200 करोड़ निवेश करेगी लोहिया वर्ल्डस्पेस

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी लोहिया वर्ल्डस्पेस उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में 10 एकड़ की आवासीय परियोजना विकसित करने के लिए लगभग 200 करोड़ का निवेश करेगी। यह रियल एस्टेट व्यवसाय में कंपनी की शुरुआत होगी। इस परियोजना में 175 लक्जरी विला शामिल होंगे। लोहिया वर्ल्डस्पेस, दिल्ली स्थित विविधीकृत निजी स्वामित्व वाली कंपनी लोहिया ग्लोबल की रियल एस्टेट इकाई है, जिसका वार्षिक राजस्व लगभग 1,200 करोड़ है। साल 1979 में स्थापित इस समूह के चार व्यवसाय - हस्तशिल्प निर्यात, इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी), टाइल और सौर ऊर्जा हैं। वर्ल्डस्पेस के निदेशक पीयूष लोहिया ने कहा, हमारा उद्देश्य ऐसे घर बनाना है जो आधुनिक, सार्थक और विचारशील हों। इसकी लागत 200 करोड़ है और 2029 तक पूरा होने की उम्मीद है।

# सेवा व्यापारः आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण

**बात काम की**

सेवाओं का व्यापार वह प्रक्रिया है, जिसमें एक देश की कंपनियां या व्यक्ति दूसरे देश को सेवाएं प्रदान करते हैं, जैसे बैंकिंग, टूरिज्म, शिक्षा, स्वास्थ्य, आईटी, परामर्श आदि। यह व्यापार वस्तुओं की तरह दिखाई नहीं देता, लेकिन आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण होता है। वैश्वीकरण और डिजिटल तकनीकों के विकास से सेवाओं का व्यापार तेजी से बढ़ा है। यह व्यापार देशों को रोजगार, विदेशी मुद्रा और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में बढ़त देता है। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की जीएटीएस ( जनरल एग्रीमेंट ऑन ट्रेड इन सर्विसेज) प्रणाली इसके नियम निर्धारित करती है।



### व्यापार की चुनौतियां

- **नियमों और मानकों की विविधता :** हर देश की अलग सेवा नीति और नियम होते हैं।
- **गोपनीयता और डेटा सुरक्षा :** डिजिटल सेवाओं में डेटा सुरक्षा अहम चुनौती है।
- **वीसा और आव्रजन नियम :** सेवा प्रदाताओं को विदेश जाने में अड़चनें आती हैं।
- **बौद्धिक संपदा अधिकार :** सॉफ्टवेयर जैसे उत्पादों में चोरी और कॉपी का खतरा।

### सेवाओं के व्यापार के प्रकार

- **सीमा पार सेवा :** भारतीय डॉक्टर विदेश जाकर इलाज करते हैं।
- **उपभोक्ता की विदेश यात्रा :** विदेशी छात्र भारत में पढ़ाई करते हैं।
- **सेवा की सीमा पार आपूर्ति :** भारत से अमेरिका को आईटी सेवाएं देना।
- **विदेशी सेवा प्रदाता का घरेलू निवेश :** विदेशी बैंक भारत में शाखा खोलते हैं।

### इस व्यापार से होने वाले लाभ

- **रोजगार सृजन :** खासकर आईटी, हेल्थ, टूरिज्म और एजुकेशन सेक्टर में।
- **विदेशी मुद्रा अर्जन :** निर्यात से देश को डॉलर/यूरो आदि में भुगतान मिलता है।
- **तकनीकीव ज्ञान :** विकसित देशों से नई तकनीक और विशेषज्ञता प्राप्त होना।
- **वैश्विक प्रतिस्पर्धा :** भारतीय प्रदाता अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा में आते हैं।
- **कम निवेश में उच्च लाभ :** वस्तु व्यापार की तुलना में सेवाओं का व्यापार कम लागत में अधिक लाभ देता है।

# मोदी देश को विश्वस्तर पर गौरवान्वित करने को दृढ़संकल्पित : पीयूष गोयल

मुंबई, एजेंसी


- बोले-मोदी ने स्व-रोज़गार व स्टार्टअप और व्यावसायिक उपक्रमों तक के द्वार खोलें

केंद्रीय उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भारत को लेकर दृष्टिकोण को दर्शाने के लिए टेलीविजन ब्रांड की मशहूर पंक्ति 'पड़ोसी की ईर्ष्या, मालिक का गौरव' का उल्लेख किया।

केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री भारत को विश्वस्तर पर गौरवान्वित और प्रशंसित बनाने के लिए दृढ़संकल्पित हैं, जिससे हर कोई ईर्ष्या करेगा। क्या आपको वह टीवी विज्ञापन याद है जिसकी 'टैगलाइन' थी, 'पड़ोसी की ईर्ष्या, मालिक का अभिमान'? प्रधानमंत्री इसी तरह के भारत के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध हैं। उनके शासन ने देश के युवाओं के लिए स्व-रोज़गार और उद्यमिता से लेकर स्टार्टअप और व्यावसायिक उपक्रमों तक, सभी क्षेत्रों में अवसरों के द्वार खोले हैं।

उन्होंने कहा कि मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भर भारत, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंड अप इंडिया या डिजिटल इंडिया जैसी योजनाएं भारत को दुनिया के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने में मदद कर रही हैं। गोयल ने कहा, हमारे युवा देश की अर्थव्यवस्था से तेज़ी से जुड़ रहे हैं। भारत अब दुनिया की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। अगले ढाई सालों में हम दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे।

# सऊदी अरब की कंपनियां भारत में तलाशें निवेश के अवसर : नड्डा

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री जे पी नड्डा ने शनिवार को सऊदी अरब की कंपनियों से भारत में निवेश के अवसर तलाशने का आग्रह किया। नड्डा सऊदी अरब की आधिकारिक यात्रा पर हैं और उनके साथ उर्वरक कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारी और प्रतिनिधि भी हैं।

मंत्री ने सऊदी भारत व्यापार परिषद के चेयरमैन अब्दुलअजीज अल कहतानी से भी मुलाकात की। उन्होंने पूर्वी प्रांत दम्मम में व्यापारिक समुदाय के साथ भारत और सऊदी अरब की कंपनियों के बीच बढ़ते संबंधों पर बातचीत की। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि मंत्री ने उन्हें भारत में निवेश के अवसर तलाशने के लिए प्रोत्साहित किया।


- केंद्रीय मंत्री ने सऊदी भारत व्यापार परिषद के चेयरमैन कहतानी से की मुलाकात

# वृद्धि आकांक्षाओं के अनुरूप अपनाएं दृष्टिकोण

चेन्नई, एजेंसी

केंद्रीय वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग के सचिव एम नागराजू ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी) को 2047 के लिए ऐसा दृष्टिकोण अपनाना होगा जो देश की वृद्धि आकांक्षाओं के अनुरूप हो। उन्होंने चेन्नई में मुख्यालय वाले बैंक से आग्रह किया कि वह अपने ग्राहकों की उभरती ज़रूरतों को नवाचार और ईमानदारी के साथ पूरा करता रहे।

कुछ प्रमुख बैंकिंग सेवाओं का शुभारंभ करते हुए नागराजू ने कहा कि व्हाट्सएप आधारित बैंकिंग सेवाओं और बैंकिंग संवाददाताओं के माध्यम से पुनः केवाईसी (अपने ग्राहक को जानें) की शुरुआत से ग्राहक सेवा और बैंक के समग्र प्रदर्शन में वृद्धि होगी। उन्होंने शनिवार को एक बयान में कहा कि बैंक के पास 2047 के लिए एक दृष्टिकोण होना चाहिए, जो भारत की वृद्धि आकांक्षाओं के अनुरूप हो, ताकि वह नवाचार और ईमानदारी के साथ अपने ग्राहकों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करना जारी रख सके।

नागराजू द्वारा शुरू की गई अन्य प्रमुख पहलों में क्यूआर-आधारित तत्काल ग्राहक प्रतिक्रिया प्रणाली शामिल है, जिसकी निगरानी बैंक के केंद्रीय कार्यालय के ग्राहक सेवा विभाग में केंद्रीय रूप से की जाती है। यह ग्राहकों के लिए अपने सेवा अनुभव को तुरंत साझा करने का एक सहज और सुलभ मंच है। बैंक ने कहा कि त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को रीयल-टाइम अलर्ट किया जाता है।


- वित्तीय सेवा सचिव नागराजू ने कहा- पुनः केवाईसी से ग्राहक और बैंक के प्रदर्शन में होगी वृद्धि

## एक नजर



लंदन : भारतीय क्रिकेटर चेतेश्वर पुजारा ने लंदन के लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन का खेल शुरू होने से पहले पांच मिनट की घंटी बजाई। ● एजेंसी

### इटली ने टी20 विश्व कप 2026 के लिए क्वालिफाई कर इतिहास रचा

**नई दिल्ली :** इटली ने अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले पुरुष टी20 विश्व कप के लिए क्वालिफाई कर लिया है। यह पहली बार होगा जब वे विश्व कप का हिस्सा होंगे। उनके साथ नीदरलैंड्स ने भी इस टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई किया है। दोनों टीमों ने यूरोपियन क्वालिफायर में शीर्ष दो स्थान हासिल कर यह उपलब्धि अपने नाम की। पिछले चार टी20 विश्व कप का हिस्सा रह चुके स्कॉटलैंड को जर्सी के खिलाफ आखिरी गेंद पर हार झेलनी पड़ी और वे क्वालिफाई करने से चूक गए। उन्हें चार मैचों में सिर्फ एक मैच में जीत मिली। आखिरी मैच में एक विकेट से जीत के बावजूद जर्सी भी टूर्नामेंट से बाहर हो गया क्योंकि एक अन्य मैच में नीदरलैंड्स ने इटली को हरा दिया। इटली और जर्सी दोनों के पास पांच-पांच अंक थे, पर बेहतर रन रेट के चलते इटली 2026 टी20 विश्व कप में जगह बनाने में सफल रहा।

### दिल्ली हॉकी की सब जूनियर महिला खिलाड़ियों को राहत

**नई दिल्ली :** हॉकी इंडिया ने दिल्ली उच्च न्यायालय को सूचित किया है कि रांची में चल रही 15वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 में दिल्ली हॉकी से मान्यता प्राप्त खिलाड़ियों की भागीदारी के लिए व्यवस्था की जाएगी। हॉकी इंडिया ने अदालत को बताया कि तीन जुलाई से 14 जुलाई तक होने वाली इस चैंपियनशिप का कार्यक्रम दिल्ली हॉकी टीम के लिए संशोधित या अनुकूलित किया जाएगा। यह दलील तब दी गई जब अदालत को बताया गया कि दिल्ली हॉकी टीम की भागीदारी इसलिए रद्द कर दी गई है क्योंकि टीम को हॉकी इंडिया के ऑनलाइन पोर्टल से हटा दिया गया है। बाद में हॉकी इंडिया के वकील ने दलील दी कि चल रही चैंपियनशिप में दिल्ली हॉकी से संबद्ध खिलाड़ियों की भागीदारी के लिए इस चरण में भी व्यवस्था की जाएगी।

### भारतीय गोल्फर अदिति संयुक्त सातवें स्थान पर

**एवियन ले बेंस :** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने यहां द अमुंडी एवियन चैंपियनशिप के दूसरे दौर में दो अंडर 69 का कार्ड बनाया जिससे वह संयुक्त सातवें स्थान से शीर्ष 10 में बनी हुई हैं। पिछले 34 मेजर में वह शुरू में कभी भी शीर्ष 10 में नहीं रह पाई थीं। लेकिन उन्होंने यहां 67 और 69 के कार्ड खेले जिससे वह शीर्ष पर चल रही दक्षिण कोरिया की सोमी ली (67, 65) से चार शॉट पीछे हैं। अदिति ने बैक नाइन से शुरूआत की और दोनों तरफ दो बर्डी लगाईं और एक बोगी की।

### लिवरपूल ने डिओगो जोटा के जर्सी नंबर को रिटायर किया

**लिवरपूल :** लिवरपूल ने पिछले सप्ताह कार दुर्घटना में डिओगो जोटा की मौत के बाद उनके जर्सी नंबर 20 को रिटायर कर दिया है और क्लब में किसी भी स्तर पर कोई खिलाड़ी इस नंबर का उपयोग नहीं करेगा। पुर्तगाल के अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी 28 वर्षीय जोटा और उनके भाई आंद्रे सिल्वा (जो स्वयं फुटबॉल खिलाड़ी थे) की स्पेन के उत्तर-पश्चिमी शहर जमोरा के निकट हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। शुक्रवार को लिवरपूल ने कहा कि महिला टीम और अकादमी सहित क्लब के सभी स्तरों पर उनके नंबर को हटा दिया जाएगा। प्रीमियर लीग क्लब ने एक बयान में कहा यह वह नंबर था जिसे उन्होंने गर्व के साथ पहना था और हमें कई जीत दिलाई थी।

### भारतीय तीरंदाज दबाव में लड़खड़ाए रजत पदक से संतोष किया

**मैड्रिड :** भारत ने शनिवार को यहां महिला कंपाउंड टीम स्पर्धा में रजत पदक के साथ तीरंदाजी विश्व कप के चौथे चरण में अपना खाता खोला लेकिन इस नतीजे ने एक बार फिर टीम की दबाव भरी परिस्थितियों से निपटने में अक्षमता को उजागर किया। क्वालीफिकेशन दौर में कुल 2116 अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल करने वाली ज्योति सुरेखा वेन्नम, परनीत कौर और पदार्पण कर रही 16 वर्षीय पृथिका प्रदीप की तिकड़ी स्वर्ण पदक की ओर बढ़ती दिख रही थी और तीसरे दौर के बाद 170-169 की बढ़त बनाए थी। यह तिकड़ी निर्णायक क्षण में आए दबाव में लड़खड़ा गई और चीनी ताइपे से 225-227 से हारकर स्वर्ण पदक से चूक गई।

### नीरू ढांडा पहली बार विश्व कप फाइनल में पहुंचीं

**लोनाटो (इटली) :** राष्ट्रीय खेलों की चैंपियन नीरू ढांडा शनिवार को चौथे और अंतिम आईएसएसएफ विश्व कप शॉटगन के अंतिम दिन पहली बार विश्व कप फाइनल में पहुंचीं और महिला ट्रैप में चौथे स्थान पर रहीं। उन्होंने 50 शॉट के फाइनल में अपने पहले 35 में से 30 निशाने लगाए। नीरू ने इटली की एलेसिया इज्जी पर शूट-ऑफ 2-1 से जीतकर छठा और अंतिम क्वालीफाइंग स्थान हासिल किया था। एलिमिनेशन चरण में वह कांस्य पदक विजेता और निकोसिया विश्व कप की विजेता तटस्थ एथलीट लाडा डेनिसोवा और पेरिस ओलंपिक की रजत पदक विजेता इटली की सिल्वाना मारिया स्टैंको के साथ बराबरी करने के बाद बड़े बिब नंबर के कारण बाहर हो गईं।

# राहुल के आउट होने के बाद जडेजा ने संभाला

## तीसरे टेस्ट मैच का तीसरा दिन : भारतीय टीम ने छह विकेट पर 371 रन बना लिए

लंदन, एजेंसी

सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल लॉर्ड्स मैदान पर अपना दूसरा टेस्ट शतक पूरा करने के बाद ढीले शॉट पर आउट हो गए लेकिन नीतीश कुमार रेड्डी और रविंद्र जडेजा ने जोफ्रा आर्चर की अगुवाई में इंग्लैंड के तेज गेंदबाजी का डटकर सामना किया। खबर लिखे जाने तक भारत ने तीसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन छह विकेट पर 371 रन बना लिए थे। रविंद्र जडेजा 71 और वाशिंगटन सुंदर 17 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे।

भारत इंग्लैंड की पहली पारी में बनाये गये 387 रन से अब भी 71 रन पीछे है। राहुल ने लंच के तुरंत बाद आर्चर की गेंद पर एक रन लेकर टेस्ट में अपना 10वां शतक पूरा किया। वह दिलीप वेंगसरकर (तीन शतक) के बाद लॉर्ड्स में एक से अधिक शतक बनाने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज हैं। राहुल की एकाग्रता हालांकि शतक पूरा करने के अगली ही गेंद पर भंग हो गई। उन्होंने शोएब बशीर की फ्लाइट लेती गेंद पर ड्राइव करने की कोशिश की लेकिन गेंद बल्ले का किनारा लेकर पहली स्लिप पर खड़े हैरी ब्रूक के हाथों में चली गई। राहुल के आउट होने के बाद भारत को तेजी से रन बनाने में परेशानी हुई। जडेजा और रेड्डी ने जोखिम लिये बिना विकेट बचाने पर ध्यान दिया। भारत ने दिन के दूसरे सत्र में सिर्फ 68 रन बनाये। इस दौरान आर्चर की तेजी से उछाल लेती गेंद रेड्डी के हेलमेट पर भी लगी।



तीसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर शॉट लगाते हुए रवींद्र जडेजा। ● एजेंसी

बशीर को विकेट लेने के तुरंत बाद अपनी ही गेंदबाजी पर क्षेत्ररक्षण करते समय बाएं हाथ की उंगली पर चोट लगने के कारण मैदान छोड़ना पड़ा। रेड्डी और जडेजा के बीच विकेटों के बीच खराब तालमेल भी इस सत्र में साफ दिखाई दिया। इस सत्र में ऐसे तीन मौके आये तब वे रन आउट होने के करीब थे। इंग्लैंड ने भारतीय पारी के 80 ओवर पूरा होते ही दूसरी नयी गेंद ली लेकिन उन्हें इससे ज्यादा कुछ हासिल नहीं हुआ। सत्र की शुरुआत में राहुल का अपना विकेट तोहफे में देना ही इस सत्र में उनकी एकमात्र सफलता थी। राहुल ने 177 गेंद की पारी में 13 चौके की मदद से 100 रन बनाये। इससे पहले ऋषभ पंत ने अपनी बाईं तर्जनी उंगली में दर्द के बावजूद रोमांचक अर्धशतक बनाया, लेकिन लंच के ठीक पहले रन आउट हो गए। पंत (74 रन, 112 गेंद) पहले सत्र के आखिरी ओवर में रन चुराने की कोशिश में रन आउट हुए। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स का कवर क्षेत्र से शानदार किया गया शानदार थ्रो विकेटों पर जा लगा और पंत उस समय क्रीज से बाहर थे। राहुल और पंत ने हालांकि चौथे विकेट के लिए 198 गेंदों में 141 रनों की साझेदारी कर मैच पर भारत की पकड़ मजबूत बनाई। मैच के पहले दिन विकेटकीपिंग करते हुए उंगली में लगी चोट के दर्द से जूझ रहे पंत ने जोफ्रा आर्चर की तेज गति के आगे अपने इरादे दिन के पहले ओवर में ही जाहिर कर दिये। उन्होंने दिन की पहली गेंद पर ग्लांस कर चार रन बटोरने के बाद कदमों का इस्तेमाल करते हुए कवर क्षेत्र के ऊपर से आक्रामक शॉट खेला । दूसरे छोर से राहुल ने सधी शुरुआत करते हुए संभल कर बल्लेबाजी की।

दिन के शुरुआती ओवरों में जहां भारतीय बल्लेबाज सतर्कता से खेल रहे थे वहीं इंग्लैंड की गेंदबाजी में भी पैनापन की कमी दिखी। इस दौरान इंग्लैंड के गेंदबाजों ने लगातार 31 डॉट गेंद डाली। पंत ने भारतीय पारी के 51वें ओवर में एक रन लेकर डॉट गेंदों पर विराम लगाया तो वहीं राहुल ने अगली गेंद पर चौका जड़ने के बाद कार्स के खिलाफ शानदार ऑन ड्राइव कर गेंद को चार रन के लिए भेजा। उन्होंने इस गेंदबाज के अगले ओवर में हैट्रिक चौके के साथ इंग्लैंड के गेंदबाजों पर दबाव बनाया। इंग्लैंड ने पंत के खिलाफ शुभमन गिल की बल्लेबाजी के समय की योजना लागू करते हुए विकेटकीपर को तेज गेंदबाजों के खिलाफ विकेटों के करीब लगाया लेकिन भारतीय विकेटकीपर ने जब आक्रामक रूख अपनाना शुरू किया तो उनका यह दांव कमजोर पड़ गया। पंत को इस दौरान स्टोक्स की गेंद पर उंगली पर चोट लगी लेकिन उन्होंने फिजियो से इलाज के बाद बल्लेबाजी जारी रखी। भारत ने दिन की शुरुआत तीन विकेट पर 145 रन से करते हुए पहले घंटे में 52 रन जोड़े। इंग्लैंड ने इसके बाद गेंद बदलने की मांग की जिसे अंपायरों ने मान लिया लेकिन उसके गेंदबाजों को इसका कोई फायदा नहीं हुआ। पंत ने स्टोक्स के खिलाफ फाइन लेग के ऊपर से छक्का लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने अपनी पारी का दूसरा छक्का शोएब बशीर की गेंद पर जड़ा। उनके रन आउट होने से इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने राहत की सांस ली।



लोकेश राहुल।

# केएल ने परिपक्व पारी खेली : कुंबले

मुंबई, एजेंसी

पूर्व भारतीय कप्तान अनिल कुंबले ने कहा कि केएल राहुल ने लाड्र्स में तीसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन दूसरे छोर से विकेट गिरने के बावजूद इंग्लैंड के गेंदबाजों विशेषकर तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की चुनौती का डटकर सामना करते हुए परिपक्व पारी खेली। पहले टेस्ट में शतक बनाने वाले राहुल ने इस दौरे का अपना दूसरा अर्धशतक लगाया। वह दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय 53 रन बनाकर खेल रहे थे।

भारत ने दूसरे दिन यशस्वी जायसवाल (13), करुण नायर (40) और कप्तान शुभमन गिल (16) के विकेट गंवाए। भारत ने अभी तक अपनी पहली पारी में तीन विकेट पर 145 रन बनाए हैं और वह इंग्लैंड से 242 रन पीछे है।

कुंबले ने जियो हॉटस्टार पर कहा केएल राहुल ने शानदार बल्लेबाजी की। उनकी पारी विशिष्ट थी क्योंकि इसके लिए उन्हें कड़ी मेहनत करनी पड़ी। जोफ्रा आर्चर का



यह एक आक्रामक स्पैल था। विशेष कर उनका वह पहला स्पैल जिसमें उन्होंने 150 किमी प्रति घंटे से अधिक की गति से गेंदबाजी की, जिसमें उन्हें उछाल और शुरुआत में थोड़ी स्विंग भी मिल रही थी। उन्होंने कहा राहुल ने इंग्लैंड के सभी गेंदबाजों का अच्छी तरह से सामना किया। उनका रवैया बेहद स्पष्ट था और वह पूरी तरह से नियंत्रण में दिखे। यह एक बेहद अनुशासित और परिपक्व पारी थी और मुझे यकीन है कि वह अपने प्रदर्शन से संतुष्ट होंगे।

### वॉन चाहते हैं पांचों दिन अपने ओवर का कोटा पूरा करें टीम

**लंदन :** भारत और इंग्लैंड के बीच लॉर्ड्स में खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन केवल 75 ओवर फेंके गए जिसके बाद इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने यह सुनिश्चित करने के लिए कहा जिससे कि टीम टेस्ट मैच के पांचों दिन 90 ओवर का कोटा अनिवार्य रूप से पूरा करें। भारत ने टेस्ट के पहले दिन 83 ओवर फेंके, जबकि दूसरे दिन 75 से भी कम ओवर फेंके जा सके, जिससे दोनों दिनों में कुल मिलाकर लगभग 23 ओवर कम हो गए। वॉन ने कहा कि धीमी ओवर गति के लिए टीमों को दंडित करना पर्याप्त नहीं है, क्योंकि खिलाड़ी काफी अमीर हैं और उन पर लगाए गए जुर्माने से वे प्रभावित नहीं होंगे। वॉन ने बीबीसी स्पोर्ट से कहा मुझे नहीं लगता कि जुर्माना काम करेगा। मुझे लगता है कि ये लड़के (क्रिकेटर) काफी अमीर हैं। मुझे नहीं लगता कि जुर्माना लगाने से उन पर किसी तरह का प्रभाव पड़ेगा। वह यह समझ नहीं पा रहे हैं कि टीमें पहले चार दिनों में ओवरों का कोटा पूरा क्यों नहीं कर पाई।

## मोनाको डायमंड लीग में दौड़ पूरी नहीं कर पाए साबले

**मोनाको :** भारत के अनुभवी स्टीपलचेज धावक अविनाश साबले गिरने के कारण मोनाको डायमंड लीग में दौड़ पूरी नहीं कर सके, लेकिन तेजी से उभरते धावक अनिमेष कुजूर ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रगति जारी रखते हुए अंडर-23 की 200 मीटर स्पर्धा में चौथा स्थान हासिल किया।

ओलंपियन और राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक साबले को अपनी पसंदीदा 3000 मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा में शीर्ष पांच में जगह बनाने की उम्मीद थी लेकिन शुक्रवार की रात को वह दौड़ के शुरू में ही गिर गए। इसके बाद वह असहज महसूस करने लगे। मौजूदा एशियाई चैंपियन साबले लंगड़ाते हुए ट्रैक से बाहर चले गए और उनकी चोट की गंभीरता अभी तक ज्ञात नहीं है।


# चोपड़ा और नदीम फिर होंगे आमने-सामने

● सिलेसिया डायमंड लीग में 16 अगस्त को होगा मुकाबला

सिलेसिया (पोलैंड), एजेंसी

दोहरे ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा 16 अगस्त को पोलैंड के सिलेसिया में होने वाली डायमंड लीग (डीएल) में गत चैंपियन पाकिस्तान के अरशद नदीम के खिलाफ एक बहुप्रतीक्षित मुकाबले में आमने-सामने होंगे।

पेरिस ओलंपिक 2024 के बाद दोनों खिलाड़ियों की यह पहली टक्कर होगी। चोपड़ा और नदीम आठ अगस्त, 2024 को पेरिस में हुए पुरुषों की भाला फेंक प्रतियोगिता के एक साल बाद एक-दूसरे का सामना करेंगे। नदीम पेरिस में 92.97 मीटर के शानदार थ्रो के साथ भारतीय खिलाड़ी को हराकर स्वर्ण पदक जीता था। तोक्यो ओलंपिक 2021 में स्वर्ण



नीरज चोपड़ा व अरशद नदीम।

जीतने वाले 27 साल के चोपड़ा को पेरिस में 89.45 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ रजत पदक से संतोष करना पड़ा था। विश्व एथलेटिक्स के एक बयान में कहा गया है कि चोपड़ा और नदीम सिलेसिया डायमंड लीग में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में प्रतिस्पर्धा करेंगे।



ब्रिटेन के जूलियन कैश (बाएं) और लॉयड ग्लासपूल लंदन में विंबलडन टेनिस चैंपियनशिप में पुरुष युगल फाइनल मैच जीतने के बाद ट्रॉफी के साथ जश्न मनाते हुए। ● एजेंसी

# कैश और ग्लासपूल ने युगल खिताब जीतकर इतिहास रचा

लंदन, एजेंसी

जूलियन कैश और लॉयड ग्लासपूल ने 89 वर्षों में विंबलडन में पुरुष युगल खिताब जीतने वाली पहली ब्रिटिश जोड़ी बनकर इतिहास रच दिया। इस जोड़ी ने आज ऑस्ट्रेलिया के रिंकी हिजिकाटा और डचमैन डेविड पेल की गैर-वरीयता प्राप्त जोड़ी को 6-2, 7-6 (7-3) से हराकर अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीता।

28 वर्षीय कैश और 31 वर्षीय ग्लासपूल 1960 में माइक डेविस और बॉबी विल्सन के बाद फाइनल में पहुंचने वाली पहली ब्रिटिश जोड़ी बन चुकी थीं। लेकिन बीबीसी की एक खबर के अनुसार, 1936 में विंबलडन में पैट ह्यूजेस और रेमंड टकी के बाद यह पहली बार है जब दो ब्रिटिश खिलाड़ी किसी ग्रैंड स्लैम में पुरुष युगल चैंपियन बने हैं। ग्लासपूल ने एक रोमांचक मैच के बाद कहा जब आप ऐसा कहते हैं तो यह अविश्वसनीय लगता है। मैंने इसके बारे में ज़्यादा नहीं सोचा था। हम इस दिन को ज़िंदगी भर नहीं भूलेंगे। कैश ने आगे कहा, "इस साल हमारे दो लक्ष्य थे - एक ट्यूरिन (एटीपी फ़ाइनल) में जगह बनाना और दूसरा एक ग्रैंड स्लैम जीतना। यहां ऐसा करना, इससे ज्यादा मायने नहीं रखता।

शुरुआत में जब कैश ने एक अविश्वसनीय ओवरहेड स्मैश लगाकर जीत सुनिश्चित की, तो दोनों ने अपने कोचिंग बॉक्स की ओर मुड़कर हवा में मुट्ठियाँ उठाईं, लेकिन फिर दोनों ने मुस्कुराते हुए कोर्ट में अपनी ट्रॉफियां लहराईं।

# अल्काराज की निगाह खिताबी हैट्रिक पर

**विंबलडन पुरुष फाइनल आज**

● विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर से होगी टक्कर

लंदन, एजेंसी

पिछले दो बार के विजेता कार्लोस अल्काराज रविवार को यहां होने वाले विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के फाइनल में खिताबी हैट्रिक पूरी करने के इरादे से कोर्ट पर उतरेंगे। वहीं उनके प्रतिद्वंदी और विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर ऑल इंग्लैंड क्लब में पहली बार चैंपियन बनने की कोशिश करेंगे। इस मैच में फ्रेंच ओपन के फाइनल की पुनरावृति होगी जिसमें अल्काराज ने पहले दो सेट गंवाने और तीन मैच प्वाइंट बचाकर जीत हासिल की थी। अल्काराज ने विंबलडन के शुक्रवार को खेले गए पहले सेमीफाइनल में टेलर फ्रिट्ज़ को 6-4, 5-7, 6-3, 7-6 (6) से हराकर लगातार तीसरी विंबलडन चैंपियनशिप जीतने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। इसके बाद सिनर की बारी आई और उन्होंने पूरी तरह से फिट नहीं दिख रहे नोवाक जोकोविच को 6-3, 6-3, 6-4 से हराकर पहली बार ऑल इंग्लैंड क्लब में फाइनल में प्रवेश किया।

फ्रेंच ओपन के फाइनल के ठीक पांच सप्ताह बाद यह दोनों खिलाड़ी फिर से एक दूसरे के आमने सामने होंगे। फर्क सिर्फ इतना है कि फ्रेंच ओपन का फाइनल लाल बजरी पर खेला गया था जबकि विंबलडन का फाइनल ग्रास कोर्ट पर होगा।




यानिक सिनर व कार्लोस अल्काराज। ● एजेंसी

अल्काराज़ ने फ्रेंच ओपन का फाइनल पांच घंटे 29 मिनट में जीता था और रविवार को यहां इन दोनों के बीच फिर से कड़ा मुकाबला होने की संभावना है। स्पेन के इस खिलाड़ी ने स्वीकार किया कि वह उनके करियर का सबसे कड़ा मैच था। उन्होंने कहा यह अब तक का मेरा सबसे अच्छा मैच था। मुझे इस बात से कोई हैरानी नहीं है कि उसने मुझे मेरी आखिरी सीमा तक धकेल दिया। उम्मीद है कि रविवार को मैं अपनी सीमा में रहूंगा। यह एक शानदार फाइनल होगा और मैं इसमें खेलने के लिए उत्साहित हूं। अल्काराज़ ने कहा मैं बस यही उम्मीद करता हूँ कि मुझे फिर से कोर्ट पर साढ़े पांच घंटे न बिताने पड़ें, लेकिन अगर इसकी जरूरत पड़ी तो मैं इसके लिए तैयार हूं। इटली के खिलाड़ी सिनर को भी उम्मीद है कि यह रोमांचक फाइनल होगा। सिनर ने कहा उम्मीद है कि यह मैच भी पिछले मैच की तरह रोमांचक होगा। मुझे नहीं पता कि यह और बेहतर होगा या नहीं, क्योंकि मुझे नहीं लगता कि यह संभव है। अल्काराज का ग्रैंड स्लैम फ़ाइनल में रिकॉर्ड 5-0 है। सिनर के नाम पर तीन ग्रैंड स्लैम खिताब हैं। अल्काराज विंबलडन में लगातार 24 मैच जीत चुके हैं और वह इस संख्या में इजाफा करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे। इन दोनों खिलाड़ियों के बीच अभी तक जो 12 मैच खेले गए हैं उनमें से अल्काराज़ ने आठ और सिनर ने चार मैच जीते हैं।

### जोकोविक बोले- यह मेरा आखिरी विंबलडन नहीं

**लंदन :** नोवाक जोकोविक ने शुक्रवार को सेमीफाइनल में यानिक सिनर से हारने के बाद स्पष्ट किया कि यह उनका विंबलडन में आखिरी मैच नहीं था और वह कम से कम एक बार और इस प्रतिष्ठित टेनिस टूर्नामेंट में खेलने का इरादा रखते हैं। मैच के बाद 38 वर्षीय जोकोविक ने कहा मैं आज अपना विंबलडन करियर खत्म करने की योजना नहीं बना रहा हूं। मैं निश्चित रूप से कम से कम एक बार और वापसी की योजना बना रहा हूं। सेंटर कोर्ट पर विश्व के नंबर एक खिलाड़ी सिनर से 6-3, 6-3, 6-4 से मिली हार ने जोकोविक के विंबलडन में रोजर फेडरर के आठ चैंपियनशिप के पुरुष रिकॉर्ड की बराबरी करने और 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने के प्रयास पर पानी फेर दिया। जोकोविच क्वार्टर फाइनल मैच के दौरान आखिरी सेट में चोटिल हो गए थे और सेमीफाइनल में वह अपने पूरे रंग में नहीं दिखे। जोकोविक ने कहा मैं अपनी चोट के बारे में विस्तार से बात नहीं करना चाहता। मैं सिर्फ अपने प्रदर्शन को लेकर बात करना चाहता हूं। मुझे इस बात की निराशा ज़रूर है कि मैं उतना अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया जितना मैंने सोचा था या उम्मीद की थी।



# गगनयान के लिए विकसित किया गया एसएमपीएस

बेंगलुरु, एजेंसी

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शनिवार को कहा कि उसने क्वालिफिकेशन टेस्ट प्रोग्राम पूरा करने के साथ ही गगनयान मिशन के लिए सर्विस मॉड्यूल प्रोपल्शन सिस्टम (एसएमपीएस) को सफलतापूर्वक विकसित कर लिया है।

एसएमपीएस के एकीकृत प्रदर्शन को मान्य करने को 350 सेकंड के लिए एसएमपीएस का पूर्ण अवधि हॉट टेस्ट किया गया। वास्तविक परिस्थिति में किया जाने वाला यह परीक्षण सर्विस मॉड्यूल आधारित मिशन निरस्तीकरण की फ्लाइट ऑफ-नॉमिनल मिशन प्रोफाइल के लिए किया गया। फ्लाइट ऑफ-नॉमिनल मिशन प्रोफाइल का



इसरो ने क्वालिफिकेशन टेस्ट प्रोग्राम पूरा किया

संबंध किसी विमान के उड़ान पथ और उसकी अन्य गतिविधियों से है।

इसरो ने कहा, परीक्षण में प्रणोदन प्रणाली का प्रदर्शन सामान्य था। गगन यान का एसएम विनियमित द्विप्रणोदक आधारित प्रणोदन प्रणाली है जो आरोहण के दौरान कक्षा वृत्तीकरण, ऑनऑर्बिट कंट्रोल, डीबूस्ट संचालन और सर्विस मॉड्यूल आधारित निरस्तीकरण के लिए कक्षीय मॉड्यूल की जरूरत को पूरा करता है।

# हाईकोर्ट के पूर्व जज को डिजिटल अरेस्ट कर ठगी की कोशिश


**नागपुर।** मुंबई उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश विजय डागा को 'डिजिटल अरेस्ट'कर ठगों ने दो करोड़ रुपये ऐंठने की कोशिश की।

जस्टिस डागा ने बताया कि जालसाजों ने वीडियो कॉल के जरिए उन पर गलत काम करने का आरोप लगाया और पैसे की मांग की। उन्होंने बताया कि उन्होंने उनकी धमकियों पर ध्यान नहीं दिया और पुलिस को सूचित कर दिया। जस्टिस डागा ने बताया कि बुधवार पूर्वाह्न 11 बजे उन्हें पुलिस की वर्दी पहने अज्ञात व्यक्ति का वीडियो कॉल आया। पुलिस थाने जैसी दिखने वाली जगह पर बैठे फोन करने वाले ने उन पर मुंबई के बोरीवली पुलिस थाने में दर्ज जबरन वसूली के मामले से जुड़े होने का आरोप लगाया।

# अचानक नहीं बंद हो सकते फ्यूल स्विच

तकनीकी पहलू

अहमदाबाद विमान हादसे को लेकर विमान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (एएआईबी) की एक प्रारंभिक रिपोर्ट में दुर्घटनाग्रस्त बोइंग 787-8 का फ्यूल स्विच बंद होने को लेकर दो पायलटों के बीच भ्रम की स्थिति का उल्लेख किया गया है। फ्यूल स्विच विमान के इंजनों में ईंधन के प्रवाह को नियंत्रित करते हैं। स्विच की दो अवस्था होती हैं - रन और कट ऑफ। इनका उपयोग इंजनों को चालू या बंद करने के लिए किया जाता है।



## स्विच बंद होने में गलती नहीं हो सकती

एक अनुभवी पायलट के अनुसार, फ्यूल स्विच की अवस्था को गलती से नहीं बदला जा सकता बल्कि इसकी एक प्रक्रिया होती है। आमतौर पर ब्रैकेट लगे होने के कारण फ्यूल स्विच सुरक्षित होते हैं। ये ब्रैकेट इसलिए लगे होते हैं कि स्विच की अवस्था में अचानक कोई बदलाव न हो। स्विच की अवस्था बदलने से पहले उन्हें ऊपर खींचना पड़ता है। बोइंग 787 ड्रीमलाइनर में ईंधन स्विच थ्रस्ट लीवर के नीचे स्थित होते हैं।

## क्या होता है थ्रस्ट लीवर

विशेषज्ञों के मुताबिक थ्रस्ट लीवर कार के एक्सीलेटर पैडल की तरह होता है जिस पर पावर का बढ़ना और घटना निर्भर करता है। इसमें दो चरम अवस्थाएं होती हैं, एक आइडल पावर और एक फुल पावर। इसके अलावा ईंधन नियंत्रण स्विच होता है, जिसमें दो अवस्थाएं होती हैं - कट ऑफ और रन। इसलिए जब आप इंजन बंद करते हैं तो ईंधन नियंत्रण स्विच कट ऑफ मोड में होता है।

## फ्यूल स्विच की विशेषताएं

- अधिकांश विमानों में एक से अधिक फ्यूल टैंक होते हैं जैसे- लेफ्ट टैंक, राइट टैंक और सेंटर टैंक। पायलट फ्यूल स्विच का उपयोग करके यह तय करता है कि किस टैंक से ईंधन इंजन तक भेजा जाएगा।
- छोटे विमानों में सामान्यतः तीन मोड होते हैं। एक ऑन मोड जिसमें इंजन लेफ्ट या राइट किसी एक टैंक से फ्यूल लेता है। दूसरे मोड में सप्लाई बंद हो जाती है, तीसरे में दोनों टैंकों से फ्यूल लिया जाता है।
- बोइंग, एयरबस जैसे बड़े एयरक्राफ्ट में फ्यूल स्विच क्रॉसफीड सिस्टम से जुड़ा होता है। यह सिस्टम तब इस्तेमाल होता है जब एक इंजन को दूसरे टैंक से फ्यूल देना हो, जैसे एक इंजन खराब हो जाए।

## इंजन चालू करने के दो चरण

इंजन चालू करने के लिए दो चरण होते हैं। पहले चरण में 'स्टार्ट सिलेक्टर' को चालू किया जाता है और फिर ईंधन नियंत्रण स्विच को रन मोड में रखा जाता है। इसके बाद अंदर स्वचालित रूप से बहुत सारी चीजें होने लगती हैं। इंजन चलना शुरू हो जाता है, इसका मतलब है कि इंजन में ईंधन जा रहा है।

**फ्यूल मैनेजमेंट :** फ्यूल स्विच का उपयोग वजन संतुलन के लिए भी होता है। अगर एक साइड का टैंक ज्यादा खाली हो जाए तो पायलट दूसरे टैंक से फ्यूल लेना शुरू करता है ताकि वज़न संतुलित रहे।

**ऑटोमेटेड कंट्रोल :** आधुनिक विमानों में फ्यूल स्विच मैनेजमेंट कंप्यूटर से नियंत्रित होते हैं। यह सिस्टम खुद तय करता है कि कब किस टैंक से फ्यूल लिया जाए और कब क्रॉसफीड जरूरी है।

**सिक्योरिटी फीचर :** कुछ विमानों में फ्यूल स्विच में सुरक्षा फीचर्स होते हैं, जो सुनिश्चित करते हैं कि स्विच को गलत समय पर ऑफ न किया जा सके। इससे इंजन फेल होने की संभावना कम होती है।

## एक नजर

### अमरनाथ यात्रा पर गया व्यक्ति गंदेरबल में लापता

**श्रीनगर।** गंदेरबल जिले में रेलिंग से कूदने के बाद एक अमरनाथ यात्री लापता हो गया। पुलिस ने बताया कि लुधियाना निवासी सुरिंदर पाल अरोड़ा आधी रात के समय सात लोगों के समूह में बरारिमार्ग से रेलपथरी तक ट्रैकिंग कर रहे थे, तभी उन्हें अत्यधिक ऊंचाई पर होने वाली बीमारी (हाई-एल्टीट्यूड सिकनेस) ने जकड़ लिया। अरोड़ा अजीब व्यवहार करने लगे, ऊपर-नीचे दौड़ने लगे, ठंडे पानी से स्नान किया और फिर रेलिंग से कूद गए। पुलिस, पर्वतीय बचाव दल, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, जेकेएपी को उनकी तलाश में लगाया गया है।

### कैमरून में 12 अक्टूबर को होंगे राष्ट्रपति चुनाव

**याउंडे।** कैमरून में 12 अक्टूबर को राष्ट्रपति चुनाव कराने की घोषणा की गयी है। राष्ट्रपति पॉल बिया द्वारा शुक्रवार को हस्ताक्षरित एक आदेश के अनुसार राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान स्थानीय समयानुसार सुबह 8:00 बजे शुरु होगा और शाम 6:00 बजे समाप्त हो जायेगा। चुनाव प्रबंधन संस्था इलेक्शन्स कैमरून द्वारा पूर्व में घोषित चुनावी कैलेंडर के अनुसार उम्मीदवारों को 21 जुलाई तक अपने आवेदन पत्र जमा करने होंगे। स्वीकृत उम्मीदवारों की अंतिम सूची 11 अगस्त से पहले जारी कर दी जाएगी। आधिकारिक चुनाव प्रचार 27 सितंबर से 11 अक्टूबर तक चलेगा।

### यमनः फुटबॉल खेल रहे 5 बच्चों की विस्फोट में मौत

**अदन।** दक्षिण-पश्चिमी यमन में एक रिहायशी इलाके में विस्फोटक उपकरण के विस्फोट हो जाने से फुटबॉल खेल रहे पांच बच्चों की मौत हो गई। ताइज प्रांत के अल-हशमा उपजिले में शुक्रवार रात घटित मौत की घटना की वास्तविक परिस्थितयां स्पष्ट नहीं हैं। हालांकि, यमन सेंटर फॉर ह्यूमन राइट्स और आई ऑफ ह्यूमैनिटी नामक एक अन्य अधिकार समूह और हूती नियंत्रित अल-मसीरा टीवी ने कहा है कि इस्लाह पार्टी द्वारा समर्थित मिलिशिया द्वारा तोप का गोला दागा गया था।

### यूक्रेनः रूसी मिसाइल और ड्रोन हमलों में छह की मौत

**कीव।** रूस ने शुक्रवार रात से हमले तेज करते हुए यूक्रेन पर सैकड़ों ड्रोन और मिसाइल से बमबारी की, जिसमें कम से कम छह लोगों की मौत हो गई। रूस के इन हमलों के बाद तीन साल से अधिक पुराने युद्ध के समाप्त होने की संभावनाएं और क्षीण हो गई हैं। क्षेत्रीय गवर्नर रुस्लान जापारानियुक ने शनिवार को बताया कि रूसी सेना ने दक्षिण-पश्चिमी यूक्रेन के चेर्निंत्सि क्षेत्र के बुकोविना क्षेत्र पर चार ड्रोन और एक मिसाइल से हमला किया, जिसमें दो की मौत हो गई और 14 घायल हो गए।

# एएआईबी रिपोर्ट में विमान के फ्यूल स्विच बंद होने का कारण साफ नहीं

## विशेषज्ञों ने कहा- इलेक्ट्रिकल-मैकेनिकल दिक्कत से भी बंद हो सकते हैं स्विच

मुंबई, एजेंसी

वायुयान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (एएआईबी) की प्रारंभिक रिपोर्ट में अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हुए विमान के फ्यूल स्विच बंद होने का कारण साफ नहीं है। विमानन क्षेत्र के विशेषज्ञों का कहना है कि विमान में यांत्रिक या बिजली आपूर्ति संबंधी समस्या भी फ्यूल स्विच बंद होने का कारण हो सकते हैं। स्पष्ट कारणों का आगे की जांच में पता चलेगा।

एएआईबी की प्रारंभिक रिपोर्ट में उल्लेख है कि 12 जून को हुई दुर्घटना से पहले बोइंग 787-8 विमान के इंजन 1 और 2 के ईंधन स्विच एक सेकंड के अंतराल में 'कटऑफ' हुए और बाद में चालू किए गए थे। फेडरेशन ऑफ इंडियन पायलट्स के अध्यक्ष और एयर इंडिया के पूर्व पायलट कैप्टन सीएस रंधावा ने कहा कि फ्यूल स्विच की स्थिति को केवल मानवीय हस्तक्षेप से ही बदला जा सकता है। ये स्विच स्प्रिंगयुक्त होते हैं और इनमें लॉक लगा होता है। अगर इन्हें 'रन' स्थिति में रखना है तो पहले इन्हें बाहर खींचकर उस स्थिति में लाना पड़ता है। ये स्विच आमतौर पर उस वक्त इस्तेमाल किए जाते हैं जब विमान के दोनों इंजन 'फ्लेमआउट' हो गए हों या पायलट ने स्विच को रीसेट किया हो।

उन्होंने कहा, प्रारंभिक रिपोर्ट से यह स्पष्ट नहीं है कि स्विच की स्थिति क्यों बदली गई थी। बिजली में रुकावट भी इसका कारण हो सकती है। रंधावा ने कहा, फ्यूल स्विच बंद करना होता है तो उड़ान भर रहा पायलट कहेगा, 'फ्यूल कंट्रोल स्विच लेफ्ट, पुष्टि करें।' दूसरे पायलट के पुष्टि करने के बाद, स्विच बंद कर दिया जाता है।



दुर्घटनास्थल पर एक महीने बाद भी तैनात है पुलिस फोर्स। ● एजेंसी

### बोइंग ने कहा- हादसे की जांच में सहयोग जारी रखेंगे

**नई दिल्ली।** अमेरिका की विमान विनिर्माता कंपनी बोइंग ने कहा कि वह विमान दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए चल रही जांच में मदद कर रही है और इसे जारी रखेगी। कंपनी ने एक बयान में कहा कि वैश्विक विमानन उद्योग के स्थापित नियमों के तहत उसने फिलहाल जांच का काम एएआईबीपर छोड़ रखा है जो इस समय मुख्य जांच एजेंसी है। बोइंग ने मारे गए लोगों और उनके परिजनों के प्रति संवेदना जताई। कहा, हम जांच में अपने ग्राहक एयर इंडिया की मदद करते रहेंगे।

### कालिख से ढकी इमारतें दिला रही हैं भयावह हादसे की याद

**अहमदाबाद।** एअर इंडिया के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के एक महीने बाद, जले हुए पेड़, कालिख से ढकी दीवारें और खाली इमारतें पिछले एक दशक में हुए सबसे घातक विमान हादसे की भयावह याद दिलाती हैं। विमान बीजे मेडिकल कॉलेज के मेस की इमारत से टकराया, जिससे एक सामान्य दोपहर भयावह दृश्य में तब्दील हो गई। हॉस्टल परिसर में मलबा बिखर गया था और क्षतिग्रस्त इमारतों पर अब भी मोटी कालिख जमी हुई है। अब एक माह बीत चुका है और पुलिसकर्मियों की एक टुकड़ी को छोड़कर, दुर्घटनास्थल पर कोई गतिविधि नहीं है। एसीपी जयपाल सिंह राठौर ने कहा कि दुर्घटनास्थल की सुरक्षा के लिए लगभग 50-60 पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। घटनास्थल पर पुलिसकर्मियों की तैनाती की आवश्यकता समाप्त होने के संबंध में दो-चार दिनों में एएआईबी अपनी रिपोर्ट सौंप देगा, उसके बाद सुरक्षाकर्मियों को हटा लिया जाएगा।

# शनि शिंगणापुर मंदिर ट्रस्ट भंग, सरकार ने जांच के आदेश दिए

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भ्रष्टाचार के आरोपों में घीरे शनि शिंगणापुर मंदिर ट्रस्ट को भंग करने की घोषणा की है। श्री फडणवीस ने शनिवार को कहा कि भगवान के नाम पर लोगों की आस्था के साथ खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

फडणवीस ने कहा कि मंदिर का प्रबंधन अब सरकार द्वारा नियुक्त बोर्ड को सौंप दिया जाएगा। गौरतलब है कि देश-विदेश के श्रद्धालुओं के लिए पूजनीय यह मंदिर धन की हेराफेरी से जुड़े एक घोटाले को लेकर चर्चा है। स्थानीय विधायक विट्ठल लांगहे ने दावा किया है कि 100 करोड़ रुपये का घोटाला हुआ है, जबकि विधायक सुरेश धास घोटाला 500 करोड़ तक का बता रहे हैं।

- भ्रष्टाचार के आरोपों में कार्रवाई, करोड़ों के घोटाले के हैं आरोप

शनि शिंगणापुर गांव चोरी-मुक्त होने के लिए जाना जाता है और लोग घरों के दरवाजे बंद नहीं करते हैं। आरोप है कि ट्रस्टियों ने तीन-चार मोबाइल एप बनाए जिन पर ऑन लाइन दान, अनुष्ठान और चढ़ावे के नाम पर धन इकट्ठा किया गया। आरोप है कि चार लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने एप्स के ज़रिए पैसे भेजे, जो मंदिर के खाते में कभी जमा नहीं हुए।

# कांवड़ मार्ग पर क्यूआर कोड दिखाने के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रो. अपूर्वानंद झा ने दायर की याचिका, आदेश को सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन बताया

सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर कर उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकार के उस आदेश को चुनौती दी गई है, जिसमें कांवड़ यात्रा मार्ग पर दुकानदारों को मालिकों की जानकारी हासिल करने के लिए कथित तौर पर 'क्यूआर कोड' प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए हैं। इस वर्ष कांवड़ यात्रा 11 जुलाई से नौ अगस्त के बीच निर्धारित है।

प्रो. अपूर्वानंद झा की ओर से दायर इस रिट याचिका में दलील देते हुए कहा गया है कि निर्देश शीर्ष अदालत के 2024 के एक आदेश के खिलाफ है। अदालत ने अपने आदेश में कहा था कि कांवड़ यात्रा मार्ग पर विक्रेताओं को अपनी पहचान उजागर करने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। ऐसा निर्देश संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 17, 19 और 21 का उल्लंघन है।

उन्होंने याचिका में मीडिया रिपोर्टों का हवाला देते हुए दावा किया कि कांवड़ मार्ग पर सभी भोजनालयों को क्यूआर कोड प्रदर्शन अनिवार्य है जो ग्राहकों को स्वामित्व संबंधी जानकारी हासिल करने की अनुमति देते हैं। प्रो. झा की याचिका में तर्क दिया गया है कि क्यूआर कोड संबंधी निर्देश डिजिटल माध्यमों से असंवैधानिक उद्देश्य की पूर्ति के लिए शीर्ष अदालत के निर्देशों का उल्लंघन करते हैं। याचिका में राज्यों को हलफनामा दायर करके यह बताने का निर्देश देने की भी मांग की गई कि क्यूआर कोड की अनिवार्यताएं संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन कैसे नहीं करती हैं।

### अल्पसंख्यकों के मौलिक अधिकारों को पहुंचेगी क्षति


याचिका में कहा, जब तक अदालत प्रतिवादियों को इस अप्रत्यक्ष कार्यान्वयन को जारी रखने से रोकने के लिए तत्काल निर्देश जारी नहीं करती, तब तक प्रभावित विक्रेताओं, विशेष रूप से अल्पसंख्यक समुदायों के मौलिक अधिकारों को अपूरणीय क्षति पहुंचने का गंभीर और खतरा मंडराता रहेगा। याचिकाकर्ता ने उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड राज्यों को सभी क्यूआर कोड आधारित पहचान संबंधी अनिवार्यता या किसी भी ऐसी व्यवस्था को तुरंत वापस लेने का निर्देश देने की मांग की।

# इजराइली हमलों से गाजा में बच्चों समेत 52 फलस्तीनियों की मौत

दीर अल बलाह, एजेंसी

इजराइल द्वारा गाजा पट्टी पर किये गए हवाई हमले में चार बच्चों सहित कम से कम 28 फलस्तीनी मारे गए जबकि सहायता वितरण स्थलों की ओर जाते समय लोगों पर की गई गोलीबारी में 24 अन्य की जान चली गई।

अल-अक्सा शहीद अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि मध्य गाजा के दीर अल-बलाह में शुक्रवार देर रात शुरू हुए हवाई हमलों में 13 लोगों की मौत हो गई, जिनमें बच्चे और दो महिलाएं हैं। नासिर अस्पताल के मुताबिक, एक पेट्रोल पंप के निकट हमलों में चार लोग मारे गए, दक्षिणी गाजा के खान यूनिस में हमलों में 15 लोग मारे गए। इजराइली सेना ने इन मौतों के बारे में टिप्पणी नहीं की है। अस्पताल के अधिकारियों और चश्मदीदों ने बताया कि रफा के निकट इजराइल समर्थित अमेरिकी संगठन द्वारा संचालित खाद्य वितरण स्थल पर जाते समय लोगों पर की गई गोलीबारी में कम से कम 24 अन्य लोग मारे गए।



रसद वितरण केंद्र समेत अलग-अलग इलाकों में इजराइली सेना ने शुक्रवार देर रात किए हवाई हमले

### गाजा को बच्चों का कब्रिस्तान बना रहा है इजराइल


**यरुशलम।** फिलीस्तीनी शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र एजेंसी के प्रमुख ने कहा कि इजरा0ल गाजा में हत्या करने की क्रूर और धूर्त योजना बना रहा है और कहा कि मई से अब तक सहायता मांगने के दौरान लगभग 800 फिलीस्तीनी मारे गए हैं। यूएनआरडब्ल्यूए प्रमुख फिलिप लाजारिनी ने शुक्रवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा, हमारी निगरानी में गाजा बच्चों और भूखे लोगों का कब्रिस्तान बन गया है।

# एससीओ के विदेश मंत्रियों की बैठक में चीन जाएंगे जयशंकर

**बीजिंग।** विदेश मंत्री एस जयशंकर अगले सप्ताह तियानजिन शहर में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए चीन की यात्रा करेंगे।

चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने शनिवार को यहां एक बयान में कहा कि एससीओ के विदेश मंत्रियों की परिषद की बैठक 15 जुलाई को तियानजिन में होगी। बयान में कहा गया है कि चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य और विदेश मंत्री वांग यी के निमंत्रण पर, एससीओ के अन्य सदस्य देशों के विदेश मंत्री और संगठन के स्थायी निकायों के प्रमुख बैठक में भाग लेंगे। इसमें कहा गया है कि मंत्री विभिन्न क्षेत्रों में एससीओ सहयोग और प्रमुख अंतरराष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। एससीओ में 10 सदस्य देश शामिल हैं।

## तीर्थयात्रा



जम्मू-कश्मीर के गंदेरबल जिले के बालटाल में शनिवार को तीर्थयात्रा के दौरान अमरनाथ की पवित्र गुफा की ओर रवाना होता भक्तों का एक जत्था। शनिवार को 6639 तीर्थयात्रियों का जत्था जम्मू से अमरनाथ के लिए रवाना हुआ। अब तक 60 हजार से ज्यादा श्रद्धालु पवित्र गुफा मंदिर के दर्शन कर चुके हैं। एजेंसी

# गांदरबल में कुर्क कीं तीन आतंकवादियों की संपत्तियां

**श्रीनगर।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) से आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम दे रहे तीन आतंकवादियों की जम्मू-कश्मीर के गांदरबल स्थित संपत्तियां शनिवार को जब्त की गईं।

पुलिस ने बताया कि तीनों की पहचान कुराग के फारूक अहमद राठेर, हाटबुरा के नूर मोहम्मद पार्रे और मध्य कश्मीर जिले के खुरहामा इलाके के मोहम्मद मकबूल सोफी के रूप में हुई है। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि गांदरबल में पुलिस ने गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत दर्ज एक मामले में शामिल पीओके से सक्रिय तीन आतंकवादियों की 3.2 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियां जब्त की हैं। उन्होंने बताया कि कानूनी प्रक्रिया के बाद नौ कनाल से अधिक भूमि कुर्क कर ली गई है।

# राष्ट्रीय ध्वज के राजनीतिक और धार्मिक इस्तेमाल पर रोक लगे

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट 14 जुलाई को उस याचिका पर सुनवाई करेगा, जिसमें केंद्र सरकार और निर्वाचन आयोग को निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि वे किसी भी राजनीतिक दल या धार्मिक संगठन द्वारा राष्ट्रीय ध्वज के राजनीतिक या धार्मिक उद्देश्यों के लिए उपयोग पर प्रभावी रोक लगाने के कदम उठाएं।

याचिका में अधिकारियों को राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम, 1971 और भारतीय ध्वज संहिता, 2002 के प्रावधानों को सख्ती से लागू करने के निर्देश देने का भी अनुरोध किया गया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि राष्ट्रीय ध्वज का पूर्ण सम्मान किया जाए। सीजेआई बीआर गवई, जस्टिस के. विनोद चंद्रन और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ



सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में सरकार को निर्देश देने का आग्रह

इस याचिका पर सुनवाई करेगी।

याचिका में एक अनुरोध यह भी किया गया, भारत सरकार और भारत निर्वाचन आयोग सहित प्रतिवादियों को एक उचित रिट, आदेश या निर्देश जारी करें ताकि किसी भी राजनीतिक दल या धार्मिक संगठन द्वारा राष्ट्रीय ध्वज का राजनीतिक या धार्मिक उद्देश्यों के लिए उपयोग रोका जा सके। इसमें पार्टी के लोगो, धार्मिक प्रतीकों या किसी भी प्रकार के लेख को राष्ट्रीय ध्वज पर लगाने जैसे कृत्य शामिल हैं।

# जरदारी राष्ट्रपति बने रहेंगे, मुनीर को इस पद की इच्छा नहीं: शरीफ

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी को पद छोड़ने के लिए मजबूर करने और सेना प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर के इस पद पर काबिज होने के आकांक्षी होने के कयासों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि ये बातें महज अटकलें हैं।

शरीफ ने 'द न्यूज' अखबार से बातचीत में कहा, फील्ड मार्शल असीम मुनीर ने कभी राष्ट्रपति बनने की इच्छा नहीं जताई न ऐसी कोई योजना है। शरीफ ने कहा कि जरदारी, मुनीर और उनके बीच संबंध आपसी सम्मान और पाकिस्तान की प्रगति और समृद्धि के लक्ष्य पर आधारित है। प्रधानमंत्री का यह स्पष्टीकरण गृह मंत्री मोहसिन नकवी के उस बयान के बाद आया है, जिसमें उन्होंने जरदारी, शरीफ और मुनीर को निशाना बनाकर चलाए जा रहे अभियान की निंदा की थी।

काउंट डाउन — कल शाम 4:35 बजे अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से वापस रवाना होगी एक्सिओम- 4 मिशन की टीम

# धरती पर लौटने के बाद 7 दिन पुनर्वास में रहेंगे शुभांशु शुक्ला

नई दिल्ली, एजेंसी

अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला 15 जुलाई को कैलिफोर्निया तट पर उतरने के बाद सात दिनों तक पुनर्वास में रहेंगे। ग्रुप कैप्टन शुक्ला 18 दिनों तक अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर प्रवास के बाद पृथ्वी पर लौट रहे हैं।

शुक्ला और तीन अन्य अंतरिक्ष यात्री, कमांडर पैगी व्हिटसन, पोलैंड व हंगरी के मिशन विशेषज्ञ स्लावोज उज्नान्स्की-विस्नीव्स्की और टिबोर कापू, 'एक्सिओम-4 मिशन' के तहत 26 जून को अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचे थे। नासा ने एक बयान में बताया कि चारों अंतरिक्ष यात्री सोमवार, 14 जुलाई को भारतीय समयानुसार अपराह्न चार बजकर 35 मिनट



पर अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से रवाना होंगे।

इसरो के अनुसार, अंतरिक्ष स्टेशन से अलग होने के बाद कई कक्षीय प्रक्रियाओं को पार कर 'क्रू ड्रैगन' अंतरिक्ष यान 15 जुलाई को भारतीय समयानुसार अपराह्न तीन बजे कैलिफोर्निया तट के पास उतरेगा। इसरो ने 'एक्सिओम-4' मिशन के बारे में बताया, अंतरिक्ष से वापस आने के बाद शुक्ला को पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण के अनुकूल होने के लिए फ्लाइट सर्जन की देखरेख में एक कार्यक्रम के तहत लगभग सात दिन पुनर्वास में रहना होगा।

इसरो ने शुक्ला की अंतरिक्ष यात्रा के लिए लगभग 550 करोड़ रुपये का भुगतान किया है। यह एक ऐसा अनुभव है, जो अंतरिक्ष एजेंसी को अपने मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम गगनयान की योजना बनाने और उसे क्रियान्वित करने में मदद करेगा। गगनयान, 2027 में कक्षा में स्थापित होगा। इसरो के फ्लाइट सर्जन निजी चिकित्सा/मनोवैज्ञानिक सत्रों में भागीदारी के माध्यम से अंतरिक्ष यात्री शुक्ला के समग्र स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती की निरंतर निगरानी कर रहे हैं।

इसरो ने बताया, शुभांशु का स्वास्थ्य अच्छा है और वह उत्साह से लबरेज हैं। शुक्ला और तीन अन्य अंतरिक्ष यात्रियों के भारतीय समयानुसार अपराह्न दो बजकर 25 मिनट पर क्रू ड्रैगन अंतरिक्ष यान में सवार होने, अपने अंतरिक्ष सूट पहनने और पृथ्वी की यात्रा शुरू करने से पहले आवश्यक जांच कराने की उम्मीद है।

### 580 पाउंड से अधिक सामान के साथ लौटेगा ड्रैगन

अंतरिक्ष यान स्वचालित रूप से आईएसएस से अलग होने की प्रक्रिया शुरू करेगा, ताकि धीरे-धीरे गति धीमी हो सके और कैलिफोर्निया में पानी में उतरने (स्पलैशडाउन) के लिए पृथ्वी के वायुमंडल में पुनः प्रवेश कर सके। नासा ने एक बयान में बताया, ड्रैगन अंतरिक्ष यान 580 पाउंड से अधिक सामान के साथ वापस आएगा, जिसमें नासा हार्डवेयर और पूरे मिशन के दौरान किए गए 60 से अधिक प्रयोगों का डेटा शामिल है। नासा के मुताबिक, एक्सिओम-4 मिशन कमांडर पैगी व्हिटसन ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, हम कॉकटेल और अच्छे लोगों के साथ अंतरिक्ष स्टेशन पर अपने आखिरी कुछ दिनों का आनंद ले रहे हैं।